राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 191 | रविवार, 23 अगस्त 2026 श्रावण माह, शुक्ल, एकादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया






देश दुनिया

हर खबर पर हमारी नजर

## अमेरिका को काफी महंगी पड़ रही ईरान से जंग

एजेंसी न्यूज

**वॉशिंगटन।** ईरान के साथ अमेरिका की जंग छठे महीने में पहुंच गई है और इस दौरान हताहत हुए अमेरिकी सैनिकों का आंकड़ा 770 के पार पहुंच गया है। पेंटागन के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक कुल 774 अमेरिकी सैन्यकर्मी हताहत हुए हैं। इनमें 18 सैनिकों की मौत हुई है, जबकि 756 सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी अखबार 'द वॉशिंगटन पोस्ट' ने शुक्रवार को पेंटागन के सैन्य हताहत आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में पेंटागन ने घायल सैनिकों की सूची में बड़ी संख्या में नए नाम जोड़े हैं।

## मुर्शिदाबाद में मिला हथियारों को जखीरा

एजेंसी न्यूज

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में पुलिस ने एक बड़ा ऑपरेशन चलाया गया। इसमें दो अलग-अलग थाना इलाकों में तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में गैर-कानूनी हथियार और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बहरामपुर और शक्तिपुर इलाकों में इस तलाशी के दौरान कुल 10 हथियार, 11 मैगजीन और 226 राउंड गोलियां बरामद की गईं।

## आईआईटी दिल्ली कैंपस में छात्र ने की आत्महत्या

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** आईआईटी दिल्ली कैंपस में शनिवार सुबह 31 वर्षीय ट.ट्र. फिजिक्स के छात्र की मौत से हड़कंप मच गया। पुलिस को सुबह करीब 8 बजकर 33 मिनट पर घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र को कैंपस अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस फिलहाल घटना के कारणों और इससे जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 8 बजकर 33 मिनट पर ढउफ कॉल के जरिए आईआईटी दिल्ली कैंपस में एक छात्र के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही किशनगढ़ थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। छात्र को तत्काल आईआईटी दिल्ली कैंपस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ब्रिटिश पीएम बर्नहम का बड़ा एलानः अपनी सैलरी का 15% बेघर लोगों को देंगे

एजेंसी न्यूज

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले महीने में, एंडी बर्नहम ने देश की सड़कों पर बेघर लोगों के सोने की समस्या को खत्म करने के वादे के तहत, अपनी सैलरी का 15 प्रतिशत हिस्सा बेघर लोगों की मदद करने वाली संस्थाओं को दान करने का संकल्प लिया।

बर्नहम, जिन्होंने 20 जुलाई को कीर स्टारमर से 10 डाउनिंग स्ट्रीट का कार्यभार संभाला। उन्होंने अपने सोशल मीडिया चैनलों का इस्तेमाल उन कामों को उजागर करने के लिए किया है, जो जीवन-यापन की लागत के संकट से निपटने पर उनके फोकस का हिस्सा हैं।

# सत्ता में नरेंद्र मोदी के 25 सालः पीएम के जन्मदिन से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा देश भर में एक महीने का सेवा संकल्प अभियान शुरू करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान हर साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा का विस्तार होगा।

विनोद तावड़े ने कहा, 'हर साल भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देश भर में सेवा पखवाड़ा मनाती है। मोदी जी का व्यक्तित्व ऐसा है कि वे हर पल सेवा में लगे रहते हैं। स्वाभाविक रूप से पिछले कुछ वर्षों से भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है।'

विनोद तावड़े ने बताया कि 7 अक्टूबर 2021 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इस साल 7 अक्टूबर को उस ऐतिहासिक अवसर के 25 साल पूरे हो जाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के साथ साथ एक महीने का सेवा संकल्प अभियान चलाने का फैसला किया है।

पार्टी इस दौरान सेवा सेतु अभियान भी चलाएगी। इसके तहत उन लोगों की मदद की जाएगी जो दस्तावेजों की कमी या अन्य समस्याओं के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। तावड़े ने बताया कि ब्लाक स्तर पर 15 दिनों तक संबंधित विभागों के अधिकारी जरूरी कागजों के साथ मौजूद रहेंगे।



विनोद तावड़े ने कहा, 'अगर किसी का नाम आयुष्मान योजना में छूट गया है, तो वह वहां आकर फार्म भर सकता है। अगर पीएम किसान सम्मान निधि में कोई दिक्कत है, तो उसे इन दिनों में ठीक कराया जा सकता है। सेवा सेतु अभियान के जरिए सभी को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास होगा।'

भाजपा इस दौरान नेशनल इनोवेशन चैलेंज भी आयोजित करेगी। इसका मकसद युवाओं को स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए शोध और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना है। ब्लाक, जिला और राज्य स्तर पर युवाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बड़े राज्यों में ऐसे कार्यक्रम प्रमुखता से होंगे।

अभियान के तहत आंगनवाड़ी सम्मान और मातृ संवाद कार्यक्रम भी होगा। देश भर के 14 लाख से ज्यादा केंद्रों पर जाकर भाजपा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकताओं को सम्मानित करेंगे। तावड़े ने कहा कि सरकारी योजनाओं को जमीन पर आखिरी बच्चे तक पहुंचाने में इन कार्यकताओं की बड़ी भूमिका होती है।

पार्टी ने सेवा में मेरा योगदान नाम से एक पहल शुरू की है। इसमें युवाओं से अपील की जाएगी कि वे सेवा का कोई काम करें और उसकी रील बनाकर साझा करें। इससे दूसरे लोग भी प्रेरित होंगे। इसमें सफाई अभियान, पौधरोपण और टीबी मुक्त अभियान जैसे काम शामिल हो सकते हैं। विनोद तावड़े ने कहा, 'भाजपा आने वाले दिनों में राज्य और जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करेगी। 31 अगस्त तक राज्यों में और उसके बाद जिलों में बैठकें होंगी। भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान को बूथ स्तर तक ले जाने का काम करेंगे।'

# संसद में एक ही सत्र में बिल पास कराने का चलन बढ़ा

## 18वीं लोकसभा में 53% विधेयक पारित, बहस पर क्यों उठे सवाल?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** संसद में कानून बनाने की रफ्तार जितनी तेज हुई है, उतनी ही संसदीय चर्चा की जगह सिमटती दिख रही है। 18वीं लोकसभा के हालिया मानसून सत्र में 11 बिल महज कुछ मिनटों के भीतर बिना किसी खास बहस के पारित कर दिए गए। यह स्थिति जहां एक तरफ विधायी कामकाज की जल्दबाजी दशार्ती है, वहीं दूसरी तरफ यह सवाल भी खड़ा करती है कि बिना विस्तृत समीक्षा के बनने वाले कानूनों का देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर क्या असर पड़ेगा।

संसद में जिस सत्र में बिल पेश किया जाता है, उसी सत्र में उसे पास कराने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा में अब तक पेश किए गए 64 में से 34 यानी 53 फीसदी बिल दोनों सदनों से उसी सत्र में पारित हो चुके हैं।

यह रुझान 16वीं लोकसभा से काफी अलग है। 16वीं लोकसभा के दौरान 189 बिल पेश हुए थे, जिनमें से सिर्फ 33 फीसदी यानी



63 बिल ही उसी सत्र में पास हुए थे। 17वीं लोकसभा में यह आंकड़ा दोगुना होकर लगभग 62 फीसदी यानी 190 में से 117 बिल पर पहुंच गया था।

हालांकि, 18वीं लोकसभा की शुरूआत इस मामले में थोड़ी धीमी रही थी। साल 2024 के बजट सत्र और शीतकालीन सत्र में पेश हुआ एक भी बिल उसी सत्र में पास नहीं हो सका था। लेकिन 2025 से यह ट्रेंड पूरी तरह बदल गया। 2025 के बजट सत्र में पांच में से तीन, मानसून सत्र में 13 में से 8 और शीतकालीन सत्र में नौ में से सात बिल उसी सत्र में पारित किए गए।

साल 2026 में यह तेजी और बढ़ गई। 2026 के बजट सत्र में पेश 10 में से पांच बिल उसी सत्र में पास हुए। इसके बाद 13 अगस्त 2026 को खत्म हुए

## भाजपा की नई टीम से मिले पीएम मोदी

### पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ खिंचवाई तस्वीर




**नई दिल्ली। एजेंसी न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की और उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस दौरान भाजपा की नई टीम के सदस्य प्रधानमंत्री के साथ नजर आए। पार्टी मुख्यालय में इस मुलाकात को संगठन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। भाजपा में हाल ही में संगठनात्मक बदलाव के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई टीम का गठन किया है। नई टीम के गठन के बाद प्रधानमंत्री का पार्टी मुख्यालय पहुंचना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान संगठन से जुड़े मुद्दों, नई जिम्मेदारियों और पार्टी की आगे की रणनीति को लेकर चर्चा और मंथन की संभावना है।

## भद्रा से मुक्त रहेगा रक्षाबंधन

# किसी भी समय बांध सकते हैं राखी

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक



रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष शुक्रवार 28 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार रक्षाबंधन पर बहनों को भद्रा का साया नहीं सताएगा, जिससे पूरे दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त रहेगा। साथ ही, इसी दिन लगने वाले चंद्र ग्रहण की भारत में दृश्यता न होने से इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा और धार्मिक अनुष्ठानों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। अलीगंज स्थित स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के तिषाचार्य एसएस नागपाल और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के आचार्य डॉ. अश्विनी पांडेय के अनुसार, इस बार पर्व भद्रा काल से मुक्त रहेगा। 28 अगस्त की सुबह भद्रा समाप्त हो चुकी होगी। पूर्णिमा तिथि प्रातः 09:48 बजे तक ही है, फिर भी उदय तिथि और कुलाचार के अनुसार रक्षाबंधन पूरे दिन मनाया जा सकता है। 28 अगस्त को दिन में प्रातः 10:31 बजे से दोपहर 12:07 बजे तक राहुकाल रहेगा। शास्त्रों के अनुसार राहुकाल में शुभ कार्य वर्जित होते हैं, इसलिए इस समय राखी बांधने से बचने की सलाह दी गई है।

### 27 को ही समाप्त हो जाएगा भद्रा काल

-भद्रा का सायाः 27 अगस्त को प्रातः 09:08 बजे से शुरू होकर रात्रि 09:32 बजे समाप्त हो जाएगा। -पूर्णिमा तिथि का प्रारंभः 27 अगस्त को प्रातः 09:08 बजे। -पूर्णिमा तिथि का समापनः 28 अगस्त को प्रातः 09:48 बजे। राखी बांधते समय इस मंत्र का जाप शुभ रक्षाबंधन के दिन रक्षासूत्र बांधते समय इस पौराणिक मंत्र का उच्चारण करना शुभ माना जाता है। ऐसे में ओम येन बद्धो बली राजा दानवेंद्रों महाबलः। तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल का जाप करना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट से आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को बड़ी राहत

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने दिल्ली में यमुना के बाढ़ वाले इलाके में 2016 में हुए कार्यक्रम के लिए संस्था के व्यक्ति विकास केंद्र और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन पर लगाया गया जुमार्ना रद्द कर दिया है। व्यक्ति विकास केंद्र श्री श्री रवि शंकर द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संगठन का एक पंजीकृत सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को निर्देश दिया है कि वह व्यक्ति विकास केंद्र द्वारा जमा किए गए 5 करोड़ रुपये की जुमार्ना राशि वापस करे। कोर्ट ने कहा कि डीडीए इको-सेंसिटिव जोन की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहा। लेकिन इस बात का कोई सीधा सबूत नहीं है कि आर्ट ऑफ लिविंग ने अपने इवेंट के जरिए यमुना के सेंसिटिव जोन को नुकसान पहुंचाया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि डीडीए, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों के अनुसार यमुना के बाढ़ वाले इलाके के मैदान के रिहैबिलिटेशन का काम जारी रखेगा।

# सिलीगुड़ी में शाह का आश्वासनः बोले- सांविधानिक दायरे में मिलेगा स्थाई राजनीतिक हल बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर?

एजेंसी न्यूज

**सिलिगुड़ी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों के लोगों के मुद्दों पर जल्द स्थायी राजनीतिक समाधान देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि यह समाधान भारत के संविधान के दायरे में होगा। लंबित मुद्दों के निपटारे के लिए केंद्र से पर्याप्त फंड देने का भी आश्वासन दिया गया है।

शनिवार को सिलिगुड़ी में अमित शाह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ पहाड़ी इलाकों के विभिन्न संगठनों और अन्य पक्षों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।



गृह मंत्रालय के अनुसार, बैठक में पश्चिम बंगाल के पहाड़ी लोगों से जुड़े सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें अलग पहचान की मांग, स्थायी राजनीतिक समाधान और भारत के संविधान के तहत मान्यता से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। गृह मंत्रालय ने कहा कि अमित शाह ने जल्द स्थायी राजनीतिक समाधान का भरोसा दिया है। उन्होंने समुदाय की अन्य मांगों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही। शाह ने कहा कि केंद्र से पर्याप्त फंड मिलने पर लंबित मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

अर्धसैनिक बलों की लंबित मांगों के लिए जंतर-मंतर पर होगी भूख हड़तबैठक में समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक समिति बनाने का फैसला भी किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और मौजूदा वातार्कार पंकज कुमार सिंह करेंगे। गृह मंत्रालय के मुताबिक, समिति अंतिम समझौते से जुड़े तौर-तरीकों को तय करेगी।

## विशेष संसद सत्र के लिए सरकार सक्रियः परिसीमन विधेयक अब भी एजेंडे में!

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र ने सत्रावसान में देरी का करीब साढ़े चार दशक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। माना जा रहा है कि सरकार ने परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को अमली जामा पहनाने का विकल्प अब भी खुला रखा है। इसके लिए सरकार अब भी मानसून सत्र के विस्तार की कोशिश में जुटी है। बृहस्पतिवार को गृह मंत्री अमित शाह की दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद की 31वीं बैठक के बहाने दक्षिण भारत के राज्यों की सरकार से संवाद को इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 13 अगस्त को ही मानसून सत्र समाप्त हो गया था, लेकिन 8 दिन बाद भी इसके सत्रावसान की घोषणा नहीं की गई है। इसलिए मानसून सत्र अब भी तकनीकी रूप से जीवित है और सरकार जरूरत पड़ने पर इसे विस्तार देने का फैसला कर सकती है। सत्तर के दशक के बाद यह पहला मौका है जब सत्र समाप्ति की घोषणा के 8 दिन बाद भी सत्रावसान की घोषणा नहीं हुई है।

# चीनी की कालाबाजारी पर योगी सरकार सख्त

## 400 टन से ज्यादा स्टॉक मिला तो होगी कार्रवाई

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चीनी की उपलब्धता और बाजार में उसकी आपूर्ति पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में चीनी का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आमजन को परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को कालाबाजारी, जमाखोरी और कृत्रिम कमी पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश की चीनी मिलों में कुल 179.38 लाख कुंतल चीनी उपलब्ध है। इसमें सहकारी चीनी मिलों में 23.60 लाख कुंतल, निगम की चीनी मिलों में 5.28 लाख कुंतल और निजी चीनी मिलों में 150.50 लाख कुंतल चीनी का भंडार इस समय शामिल है।

इसके अलावा जून और जुलाई



में चीनी मिलों ने करीब 235 लाख कुंतल चीनी की बिक्री की है। अधिकारियों के मुताबिक, इसका अधिकांश हिस्सा अभी खुले बाजार में भी उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवश्यकता के अनुसार चीनी मिलों का संचालन 15 अक्टूबर से शुरू कराया जाए। उन्होंने बाजार में चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्तर पर कृत्रिम कमी या अनावश्यक मूल्यवृद्धि की स्थिति न बने।

### 400 टन से ज्यादा स्टॉक रखा तो होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन कराने को कहा है। इसके तहत कोई डीलर 30 दिन से अधिक का चीनी स्टॉक नहीं रख सकेगा। एक समय में 400 टन से अधिक चीनी का भंडारण नहीं किया जा सकेगा। प्रतिमाह 10 मीट्रिक टन चीनी की खपत करने वाले बड़े उपभोक्ता 15 दिन से अधिक का स्टॉक नहीं रख सकेंगे। चीनी मिलें मासिक कोटे के तहत बेची गई चीनी को बिक्री की तारीख से सात दिन से अधिक गोदाम में नहीं रोकेंगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को पंजीकृत चीनी मिलों के साथ-साथ थोक और फुटकर विक्रेताओं के गोदामों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण या जमाखोरी मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अगले पेराई सत्र में 90 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान

बैठक में बताया गया कि पेराई सत्र 2026-27 में प्रदेश में करीब 28.14 लाख हेक्टेयर गन्ना क्षेत्रफल रहने का अनुमान है। इससे लगभग 90 लाख टन चीनी उत्पादन होने की संभावना जताई गई है। प्रदेश में चीनी की अनुमानित मासिक खपत करीब चार लाख टन है।

# बच्चों की दवाओं पर सरकार का बड़ा फैसला!

## 4 साल से कम उम्र में इन दो कॉम्बिनेशन पर लगी रोक

## क्लोरफेनिरामाइन मेलेट और फिनाइलएफ्रिन हाइड्रोक्लोराइड वाले सभी FDC के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पाबंदी

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। क्लोरफेनिरामाइन मेलेट और फिनाइलएफ्रिन हाइड्रोक्लोराइड वाले सभी फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। सरकार ने इन दवाओं को लेकर चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए स्पष्ट चेतावनी देना भी अनिवार्य किया है।

सरकार की ओर से नई अधिसूचना जारी की गई है। इसके मुताबिक, इन दोनों रासायनिक यौगिकों वाले किसी भी दवा संयोजन का इस्तेमाल चार साल से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए। यह फैसला विशेषज्ञ समिति और औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (DTAB) की सिफारिशों के बाद लिया गया है।

सरकार ने इससे पहले 15



अप्रैल 2025 को जारी अधिसूचना के जरिए इन दोनों यौगिकों वाले कुछ FDC पर आयु संबंधी चेतावनी के साथ पाबंदी लगाई थी। अब नई अधिसूचना के जरिए इन दोनों रासायनिक यौगिकों वाले सभी FDC को इसके दायरे में लाया गया है।

सरकार के अनुसार, चार साल से कम उम्र के बच्चों में इन दवा संयोजनों के इस्तेमाल से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकता है। साथ ही इनके सुरक्षित विकल्प भी उपलब्ध हैं।

कंपनियों को इन दवाओं के लेबल, पैकेट के अंदर दिए जाने वाले सूचना पत्र और प्रचार सामग्री पर स्पष्ट चेतावनी लिखना अनिवार्य किया गया है कि इन FDC का इस्तेमाल चार साल से कम उम्र के बच्चों में नहीं किया जाना चाहिए।

यह अधिसूचना औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत जारी की गई है और राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी हो गई है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com



## एक नजर

### श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का समापन, श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित

**आंवला।** मोहल्ला लठैता स्थित देवी माता मंदिर परिसर में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का आठवें दिन विधिवत समापन हो गया। राजस्थान से आए कथावाचक श्री केशव देव जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा का समापन किया। इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों ने संकल्प लेकर कथावाचक को दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। 15 अगस्त को कलश यात्रा के साथ शुरू हुई इस वार्षिक कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक आस्था के केंद्र इस मंदिर में कथा के उपरांत श्रीरामचरितमानस पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में दुर्वेंद्र पाल सिंह, राजेश्वर सिंह, धर्मपाल सिंह, उदयपाल सिंह, मुनेश्वर सिंह, वीरेंद्र सिंह और छोटे यादव सहित अन्य भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

# टैंकर-बाइक की भिडंत में नानी-धेवते की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** आंवला-भमोरा मार्ग पर रामनगला बाजार के पास शनिवार दोपहर ओवरटेक करते समय टैंकर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार 65 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका 22 वर्षीय धेवता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने आंवला के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। नानी-धेवते की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।


मनोज।


भूरी देवी।

भमोरा थाना क्षेत्र के गांव प्रेमराजपुर निवासी यादराम ने बताया कि उनकी सास भूरी देवी (65) के पति नेकपाल सिंह के कोई बेटा नहीं है। उनकी चार बेटियां और दामाद ही उनकी देखभाल करते हैं। शुक्रवार को भूरी देवी अपने धेवते मनोज (22) पुत्र मुरारी लाल के साथ मोटरसाइकिल से आंवला के नंदगांव स्थित ताल गोटिया में अपनी दूसरी बेटी वीरा पत्नी रवि को बीमारी के चलते देखने गई थीं। शनिवार सुबह दोनों मोटरसाइकिल से वापस प्रेमराजपुर लौट रहे थे। रामनगला बाजार के पास ओवरटेक करते समय मोटरसाइकिल और टैंकर में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में भूरी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद


एंबुलेंस के सायने खडे होकर हंगामा करते परिजन। -जागरण मोर्चा

लोगों ने उसे उपचार के लिए आंवला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि मनोज की हालत गंभीर होने के कारण वे उसे बरेली ले जाना चाहते थे और अस्पताल स्टाफ से कई बार रेफर करने की मांग की, लेकिन करीब चार घंटे तक उसे अस्पताल से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद स्टाफ ने मनोज को एंबुलेंस में छोड़ दिया और अंदर चला गया। एंबुलेंस चालक उसे अस्पताल से बाहर ले जाने का प्रयास करने लगा, इसी दौरान परिजनों ने एंबुलेंस के आगे खड़े होकर उसे रोक दिया। सूचना मिलने पर गांव के लोग और रिश्तेदार भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने परिजनों से उनकी मांग पूछी तो उन्होंने इलाज करने वाले चिकित्सक को सामने बुलाने समेत कई मांगें रखीं। खबर लिखे जाने तक परिजनों ने मनोज का शव अस्पताल से बाहर नहीं निकलने दिया था। परिजनों के मुताबिक मनोज की शादी करीब छह महीने पहले राजबाला से हुई थी। वह मूल रूप से फरीदपुर क्षेत्र के गांव दिथोका का रहने वाला था और शादी के बाद अपनी पत्नी राजबाला के साथ नानी भूरी देवी के यहां रह रहा था। उसके पिता मुरारी लाल, मां यादवती, बहन रजनी और प्रीति तथा भाई पवन गांव में रहते हैं। वहीं पुलिस ने भूरी देवी के शव को पोस्टमार्टम दोपहर में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जवकि देर शाम अस्पताल संचालक और परिजनों के बीच समझौता होने के बाद परिजनों ने मनोज के शव को पोस्टमार्टम के लिए सहमति जताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

# बहन को बुलाने पहुंचे भाई के साथ बहनोई ने की मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के ग्राम चाहरपुर में घरेलू हिंसा के मामले में बहन को ससुराल में प्रताड़ना से बचाने पहुंचे युवक को भी बहनोई ने मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित भाई ने स्थानीय कोतवाली में लिखित रूप से शिकायत की है। थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम बिलपुर निवासी जितेंद्र के अनुसार उसकी बहन पूनम की शादी करीब दो वर्ष पूर्व चाहरपुर निवासी आकाश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही आकाश लगातार पूनम के साथ मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। शनिवार को पीड़िता पूनम ने पानीपत में काम करने वाले अपने दूसरे भाई सत्यवीर को फोन कर रोते हुए खुद को वहां से ले जाने की गुहार लगाई। सत्यवीर के कहने पर छोटा भाई जितेंद्र तुरंत अपनी बहन के घर ग्राम चाहरपुर पहुंचा, तो देखा कि बहनोई आकाश उसकी बहन को बेरहमी से पीट रहा था। जब जितेंद्र ने उसके सामने ही बहन को पीटने का विरोध जताया, तो आरोपी बहनोई आगबबूला हो गया। उसने जितेंद्र से कहा, तेरी बहन को तो मारूंगा ही, तुझे भी मारूंगा। इसके बाद आरोपी ने जितेंद्र के साथ भी मारपीट की, उसे गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। घटना के बाद पीड़ित जितेंद्र ने फरीदपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बहनोई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और उसकी बहन को सुरक्षित उसकी ससुराल से वापस भेजवाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 1.90 लाख रुपए लेकर भूमि विक्रेता बिना रजिस्ट्री किए हो गया फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** बरेली जनपद अंतर्गत फरीदपुर तहसील में शनिवार 22 अगस्त को धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। जहाँ कृषि भूमि का बैनामा कराने आया एक खेत मालिक क्रेता से 1 लाख 90 हजार नकद लेने के बाद बिना बैनामा किए रजिस्ट्री दफ्तर से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरेली शहर के थाना कैंट सदर बाजार निवासी सत्यवीर सिंह यादव ने फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया विक्रम में स्थित गाटा संख्या 552 की कृषि भूमि का सौदा उसी गांव के निवासी सरनाम सिंह पुत्र सुम्मेरलाल से किया था। सौदा होने के बाद सरनाम सिंह क्रेता से कभी चेक से तो कभी नगद रुपए लेता रहता था। पूरी रकम अदा होने में केवल 35 हजार रुपए शेष रह गए थे। तय शर्त के मुताबिक 35 हजार रुपए लेने के बाद सरनाम को खेत की रजिस्ट्री करनी थी। शनिवार को तहसील फरीदपुर के रजिस्ट्रार कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री की तारीख तय थी। क्रेता सत्यवीर सिंह समय पर तहसील पहुंचे और स्टाम्प आदि खरीदकर बैनामे से जुड़े सभी आवश्यक कागजात तैयार करवा लिए। पीड़ित ने बताया कि कागजी कार्रवाई पूरी होने के दौरान विक्रेता सरनाम सिंह ने 1,90,000 नकद मिलने के बाद ही बैनामा कराने की शर्त रख दी। पीड़ित सत्यवीर सिंह इस पर भी राजी हो गए और मांगी गई रकम विक्रेता को सौंप दी। सरनाम ने पैसे अपने पास रख लिए और मौका देखकर वह रजिस्ट्री कार्यालय से रफूचक्कर हो गया। पीड़ित ने सोचा कि वह यहीं आसपास गया होगा लेकिन काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा और रजिस्ट्री होने का समय निकलने को हो गया तो प्रार्थी ने उसकी तलाश शुरू की, गांव में भी पता लगवाया लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। धोखाधड़ी का शिकार होने के बाद पीड़ित सत्यवीर सिंह यादव माथा पकड़े बैठे रह गए। उन्होंने बताया कि अभी वह वापस बरेली घर जा रहे हैं, लौटकर आने पर आरोपी से रजिस्ट्री कराने अथवा अपनी रकम वापस दिलाने की पुलिस से गुहार लगाएंगे।

## मंत्री धर्मपाल ने कांवड़ियों को किया रवाना

**आंवला।** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार दोपहर अपने गुलड़िया आवास कैंप कार्यालय से 120 शिवभक्तों को बसों द्वारा हरिद्वार के लिए रवाना किया। मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया और कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। ये शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लाकर आंवला क्षेत्र के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा सनातन संस्कृति की अनूठी परंपरा है और प्रदेश सरकार शिवभक्तों को हर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान पूरा परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। मौके पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीटीआई में लचर व्यवस्था पर जताया रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नगर की पश्चिमी सीमा पर रूड़की रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शनिवार को एसडीएम गोपाल शर्मा द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान खामियों का अंबार मिला जिस पर उन्होंने काफी असंतोष जाहिर किया और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए।


जीटीआई में निरीक्षण करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

संस्थान में अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं से बातचीत के दौरान एसडीएम ने पाया कि उन्हें न तो मेन्यू के हिसाब से खाना मिल रहा और न मूलभूत सुविधाएं। रसोई घर से लेकर शौचालयों तक पसरी गंदगी, खराब पड़े कंप्यूटर तथा सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते सीसीटीवी कैमरे संस्थान का सच बयां कर रहे थे। छात्रावास में बिजली की कोई वैकल्पिक व्यवस्था के अलावा समुचित फर्नीचर तक की कमी पाई गई। और तो और शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर भी मरम्मत का इंतजार कर रहे थे। लाकर खराब होने से छात्रों को छात्रावास में अपना सामान सुरक्षित रखने की दिक्कत हो रही है। पूरे कैंपस का जायजा लेने के बाद एसडीएम ने छात्राओं की सुरक्षा हेतु उनके छात्रावास में सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को कालेज परिसर में न आने देने के सख्त निर्देश दिए। छात्राओं ने एसडीएम से कोई चिकित्सा सुविधा न होने की बात कही तो उन्होंने स्थानीय सी एच सी प्रभारी को सप्ताह में एक दिन संस्थान में मेडिकल कैंप लगाने को निर्देशित किया। एसडीएम ने खस्ताहाल हो चुके रूड़की रोड की मरम्मत के लिए मंडी समिति को निर्देश दिए। यहाँ बता दें, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वर्तमान में कुछ 464 छात्र छात्राएं अध्ययन रत हैं जिनके रहने के लिए 60_60 क्षमता वाले दो अलग अलग छात्रावास भी बनाए गए हैं। संस्थान में सुरक्षा के लिहाज से 29 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए पर जिम्मेदार अपनी भूमिका कितने अच्छे से निभा रहे हैं, एसडीएम के निरीक्षण में उस तस्वीर का स्याह पहलू नजर आ गया। संस्थान में शासन की मंशा और बच्चों के भविष्य के दृष्टिगत पठन पाठन में सुधार करने तक एसडीएम ने निर्देश दिए।


श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# कृष्ण की चाह है तो गोपी बनना पड़ेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास मधुर गोपाल शास्त्री ने अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को रोमांचित कर भक्तिरस से सराबोर कर दिया। रूक्मिणी जी के ब्याह का संदर्भ सुनकर लोग कृष्ण भक्ति में झूमते नजर आए। मथुरा वृंदावन में होने का अहसास कराते हुए कथा व्यास ने कहा कि कृष्ण को पाना है तो गोपी बनना पड़ेगा। गोपी भाव में ही गोविन्द मिल सकते हैं। गोपी प्रेम की ध्वजा है ज्ञानी होने से ज्यादा प्रेम भाव की आवश्यकता है। प्रेम के जरिये ही भगवान् से मिलन संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यजमान सुमन रस्तोगी पत्नी सुनील रस्तोगी, रमेश सिंह, अमित अग्रवाल डब्बू, अवधेश सक्सेना, लल। लल्लन तिवारी, रामनाथ सिंह, हरिप्रसाद, सुरेश सिंह तथा विशाल रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## महिला के अपहरण और धमकी में दो पर मुकदमा

**आंवला।** थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पथरा से दवा लेने गई एक महिला को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके पति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। भमोरा के बेहटा लालच निवासी पीड़ित पति ने घिलौरा निवासी अजय पाल और उसके चचेरे भाई विपिन के खिलाफ आंवला थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।पीड़ित के अनुसार, उसकी पत्नी 14 अगस्त को मायके से सीएचसी भमोरा दवा लेने निकली थी, जहां से आरोपी अजय पाल उसे ले गया। उसी रात आरोपी के चचेरे भाई विपिन ने फोन पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों पर नकदी और जेवरात ले जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर ( बरेली)।** आगामी बारहबफात के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को फरीदपुर कोतवाली में आयोजित बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विदुषी सिंह ने की, सीओ संदीप कुमार सिंह भी साथ रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि किसी भी त्यौहार को मनाने का आनंद तभी है जब वह सौहार्द के भाव से बनाया जाए। दिक्कत उन लोगों से नहीं जो पीस कमेटी की बैठक में बैठे हैं क्योंकि आप सभी अपनी जिम्मेदारियां जानते हैं दिक्कत उन लोगों से है जो किसी खुराफात की फिराक में रहते हैं। लेकिन आप सभी का दायित्व बनता है कि अपने क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बना रहे और वातावरण किसी प्रकार से बिगड़ने न पाए। सीओ संदीप कुमार सिंह ने कहा कि हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो केवल प्रशासन ही नहीं बल्कि आप लोग स्वयं भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि बारहबफात के जुलूस के रूट को लेकर कोई व्यवधान अथवा कोई और समस्या हो तो उसके बारे में पहले से अवगत करा दें ताकि समय से उसका निदान किया जा सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम, इंस्पेक्टर क्राइम चमन सिंह भड़ाना सहित कोतवाली का स्टाफ व गांवों व नगर क्षेत्र के मुस्लिम समाज के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।



बैठक में लोगों से वार्ता करते एसडीएम विदुषी सिंह, सीओ संदीप कुमार, इंस्पेक्टर राधेश्याम। -जागरण मोर्चा

## क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, 193 - ए, सिविल लाइन्स बरेली मण्डल बरेली।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था एक मीनार चाँद मस्जिद इंतेजामिया कमेटी, ग्राम पुसगवाँ तहसील बीसौली जिला बदाँयू के पंजीकरण हेतु सोसा0 रजि0 अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन प्राप्त है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं--

| क0 सं0 | नाम / पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | असफाक अहमद पुत्र श्री अंसार अहमद | अध्यक्ष |
| 2. | अब्दुल रहूफ पुत्र रहमतउल्ला | उपाध्यक्ष |
| 3. | मो उवैद पुत्र उवैस अहमद | सचिव |
| 4. | मो0 आसिम पुत्र शाकिर हुसैन | कोषाध्यक्ष |
| 5. | ताविश अख्तर पुत्र कय्यूम अली | सदस्य |
| 6. | मो0 जीशान पुत्र शमशाद | सदस्य |
| 7. | वसीम अख्तर पुत्र अब्दुल जखीर | सदस्य |
| 8. | मो0 अनस अंसारी पुत्र तन्जीर अहमद | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया सकता है! उपरोक्त सार्वजनिक सूचना / नोटिस सोसा0रजि0 अधि0 1860 की धारा 3(1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार
बरेली।

# लेखपालों ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** अयोध्या की तहसील सोहावल में लेखपाल के खिलाफ हुई कथित ट्रैप कार्रवाई के विरोध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर शनिवार को आंवला तहसील के लेखपालों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार कर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। लेखपालों ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन और विजिलेंस की ओर से की जा रही ट्रैप कार्रवाई में शिकायत की सत्यता और संबंधित लेखपाल की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की। शाम को लेखपालों ने तहसीलदार आंवला अतुल सेन सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

लेखपालों ने कहा कि अयोध्या के सोहावल में लेखपाल उत्कर्षदीप के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर उपलब्ध तथ्यों, सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर कई सवाल उठ रहे हैं। संगठन का आरोप है कि कई मामलों में शिकायतकर्ता की पृष्ठभूमि, व्यक्तिगत रंजिश और संबंधित कार्य में लेखपाल के अधिकार क्षेत्र की पर्याप्त जांच किए बिना ट्रैप की कार्रवाई की जा रही है। इससे लेखपालों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। संघ ने कहा कि भ्रष्टाचार का समर्थन नहीं किया जाएगा और रिश्वत मांगने या लेने का दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन झूठी शिकायत या षड्यंत्र के जरिए किसी निर्दोष कर्मचारी को फंसाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में सोहावल प्रकरण की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच कराने, ट्रैप कार्रवाई से पहले शिकायतकर्ता और शिकायत की सत्यता की अनिवार्य जांच करने तथा भ्रष्टाचार निवारण संगठन और विजिलेंस की कार्रवाई के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई। इस दौरान लेखपाल संघ के पदाधिकारी और लेखपाल रहे।



# लेखपालों ने की एक दिवसीय हड़ताल, किया धरना प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** सूबे में किसी न किसी मामले को लेकर जांच एजेंसियों द्वारा लेखपालों के खिलाफ की जा रहीं कार्रवाई के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर तहसील अध्यक्ष हिमांशु गौड़ की अगुवाई में लेखपालों ने एक दिन के लिए कलम बंद हड़ताल की घोषणा कर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम गोपाल शर्मा को सौंपा और फिर धरना प्रदर्शन किया। लेखपालों का कहना था कि लेखपालों का जनता से सीधा जुडाव होता है वह कठिन परिस्थितियों में भी गांव गांव जाकर सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाता है। गांव में भूमि विवाद, अतिक्रमण हटाने तथा भूमि पैमाईश जैसे मामलों में किसी का दबाव न मानने पर लेखपाल से रंजिश मानना आम बात है इसी के चलते उसे फंसाने की हर संभव कोशिश की जाती है। लेखपालों के खिलाफ हो रही इस तरह की कार्रवाई से असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। उन्होंने मांग कि कि लेखपालों के खिलाफ कोई शिकायत आने पर पूरी निपक्षता के साथ मामले की गहनता से जांच के बाद ही कार्रवाई को लेकर कोई कदम उठाया जाना चाहिए।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लेखपाल संघ पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
www.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily

## एक नजर

### कांवरिया के स्वागत का सिलसिला जारी

**फतेहगंज पूर्वी।** कांवरिया के स्वागत का सिलसिला नगर में जारी है। कांवरिया हरिद्वार से जल लेकर पैदल लगातार नगर से होते हुए गोला गोकर्णनाथ जा रहें हैं। वहीं सावन के आखिरी सोमवार के चलते आज से ही हाईवे पर रूट डायवर्ट कर दिया गया। हाईवे पर कांवरियों का जगह-जगह लगातार स्वागत कार्यक्रम जारी है। नगर से कई जत्था हरिद्वार के लिए जल लेने के लिए रवाना हुए हैं जो लगातार गोला गोकरननाथ में जलाभिषेक करने के लिए नगर से होते हुए जा रहे हैं। गोला गोकर्णनाथ जाते समय कांवरियों का नगर में जोरदार स्वागत किया जा रहा है तथा भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। कांवरियों को कोई परेशानी न हो इसके चलते हाईवे पर रूट डायवर्ट कर दिया है। वाहनों को जैतीपुर मार्ग से निकाला जा रहा है। जिसके चलते जैतीपुर मार्ग पर जाम के हालात बने हुए हैं। कांवरियों का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पबन राज मिश्रा, पूर्व प्रधान, सुधीर मिश्रा, कामराज मिश्रा, अरुण मिश्रा, सजल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, सक्षम मिश्रा आदि रहे।

## खबर छपते ही जागा प्रशासन

# दलदल भरे कावड़ मार्ग पर पहुंची पुलिस-राजस्व टीम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी के भोलापुर रामगंगा घाट से गुजरने वाले कावड़ियों के वदहाल और दलदल भरे रास्ते को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने का बड़ा असर हुआ है। घुटनों तक कीचड़ में दंडवत यात्रा करने की खबर सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया।

डीएम के निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने भोलापुर घाट से कावड़िया मंदिर तक जाने वाले करीब 2 किमी लंबे मार्ग का पैदल निरीक्षण करके दलदल की स्थिति का जायजा लेने के बाद उसमें मिट्टी डालकर रस्ते को दुरस्त करने की योजना बनाई गई। गौरतलब है गांव चितौली निवासी नंदकिशोर और प्रियांशु ने भोलापुर रामगंगा घाट से दंडवत यात्रा शुरू की थी। लगभग 2 किमी तक उन्हें घुटनों तक भरे कीचड़ और दलदल से होकर गुजरना पड़ा था। उनकी कुल 7 किमी लंबी यात्रा में कई जगह रास्ता और भी खराब मिला था। ग्रामीणों ने बताया कि सावन के चौथे सोमवार को गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कावड़िये भोलापुर घाट पर गंगाजल भरने पहुंचेंगे और इसी मार्ग से होकर जलाभिषेक करने जाएंगे। मुख्यमंत्री द्वारा कावड़ यात्रा को पहले एजेंडे में रखने और मार्ग दुरस्त करने के सख्त निर्देशों के बावजूद जमीनी हकीकत खराब है। अब जिलाधिकारी के संज्ञान लेने और टीम के निरीक्षण के बाद कपिल गंगवार, रवि गुर्जर आदि ग्रामीणों को उम्मीद है कि चौथे सोमवार से पहले मार्ग को दुरस्त कराकर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की जाएगी। एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया जांच कराने के बाद पता चला कि वह शॉर्ट कट खेतों से बनाया गया रास्ता है।जिसमें कोई भी सरकारी कार्य नहीं कराया जा सकता। इसके बाबजूद भी ग्राम पंचायत अधिकारी और राजस्व टीम को अधिक से अधिक रास्ता दुरस्त कराने के निर्देश दिए गए है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी सिटी ने झुमका तिराहे पर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**सहायता केंद्र का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश, सीबीगंज थाने का भी किया औचक निरीक्षण**



**बरेली।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक ने झुमका तिराहा स्थित कांवड़ पुलिस सहायता केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता के साथ सुरक्षा और ड्यूटी व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी सिटी ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रा के दौरान पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने झुमका तिराहा क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को परखा। इस दौरान पीआरवी की ड्यूटी भी चेक की गई। इसके बाद एसपी सिटी अचानक थाना सीबीगंज पहुंचे। उन्होंने थाना परिसर के साथ अभिलेखों और विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेकर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों में भी सक्रियता देखने को मिली।

### मेला श्री रामलीला को लेकर तैयारियां शुरू

**बहेड़ी।** मेला श्रीराम लीला कमेटी की ओर से मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए तैयारियों की शुरुआत अभी से कर दी गई है। मेला कमेटी के पदाधिकारी विवेक गर्ग ने बताया कि मेले की सभी प्रमुख व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

इसके तहत मेले की सजावट, आतिशबाजी, रोड लाइट, झांकी, अखाड़े, मंदिर सजावट, दंगल, पुताई तथा रावण, अहिरावण व मेघनाद के पुतलों के निर्माण जैसी व्यवस्थाओं के लिए आगामी 30 अगस्त को दोपहर में मेला धर्मशाला में ठेकों की खुली नीलामी आयोजित की जाएगी। इसके बाद, मेला मंडली (रंगमंच) तथा कुछ अन्य शेष ठेकों की नीलामी इसी स्थान पर आगामी 6 सितंबर को संपन्न की जाएगी।

# इलाकों में जलभराव ने बढ़ाई परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** दो दिन हुई बारिश ने लोगों को उमस और गर्मी से राहत दिलाई। मौसम सुहावना होने के साथ ही शहर के कई घनी आबादी वाले इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आ गई। मलूकपुर बजरिया, दरगाह आला हजरत मोड़, सौदागरान, बमनपुरी समेत आसपास के मोहल्लों की सड़कों पर पानी भरने से राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के कारण नगर निगम की ओर से चल रहे सड़क और नाला निर्माण कार्य भी प्रभावित हुए। स्थानीय लोगों का कहना है कि थोड़ी देर की बारिश में ही जलभराव की स्थिति बनना शहर की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक इन इलाकों से पानी की निकासी का प्रमुख रास्ता टक्कर की पुलिया है। पुलिया संकरी होने के कारण बारिश के दौरान पानी का बहाव बाधित हो जाता है, जिससे आसपास की सड़कों पर पानी जमा होने लगता है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक रुक-रुककर बारिश होने की संभावना जताई है। बारिश से किसानों को राहत मिली है। किसानों का कहना है कि धान और गन्ने की फसल के लिए इस समय हुई बारिश फायदेमंद साबित होगी। क्षेत्र वासियों ने नगर निगम प्रशासन से टक्कर की पुलिया का सर्वे कराकर उसके चौड़ीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिया क्षेत्र की जल निकासी का प्रमुख माध्यम है। इसके चौड़ीकरण से जलभराव की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लगातार बारिश के बीच नगर निगम के सामने शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखना बड़ी चुनौती बनी हुई है।

# रोडवेज बसों में बेटिकट यात्रियों पर कार्रवाई, दो टीआई निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के लखनऊ मुख्यालय से आई प्रवर्तन टीम की औचक जांच में बरेली डिपो की बसों में टिकट व्यवस्था की बड़ी पोल खुली है। अलग-अलग रूटों पर संचालित बसों की जांच के दौरान कुल 20 यात्री बिना टिकट सफर करते पाए गए। इस गंभीर लापरवाही और जांच रिपोर्ट के आधार पर परिवहन निगम ने दो ट्रैफिक इंस्पेक्टरों (टीआई) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।प्रवर्तन दल ने सबसे पहले बरेली-हल्द्वानी मार्ग पर चल रही बस संख्या यूपी 78 एलटी 5178 को रोककर जांच की, जिसमें 15 यात्री बिना टिकट मिले। इसके बाद बरेली-बदायूं रूट की बस की जांच में भी 5 यात्री बेटिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए। दरअसल, बरेली-हल्द्वानी रूट पर पिछले कुछ समय से रोडवेज बस की आमदनी घटने और परिचालकों द्वारा टिकट न दिए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) मोहम्मद अजीम ने मुख्यालय से औचक जांच का विशेष अनुरोध किया था।जांच रिपोर्ट सामने आते ही बरेली-हल्द्वानी रूट के टीआई प्रदीप कुमार गुप्ता और बरेली-बदायूं रूट के टीआई भानु प्रताप सिंह पर गाज गिरी और उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। वहीं संबंधित परिचालक मनोज कुमार गुप्ता और चालक हरविंदर कुमार की भूमिका की भी जांच की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद अजीम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि टिकट व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रामगंगा के तेज कटान से प्राचीन मंदिर पर मंडराया खतरा, बचाव कार्य की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ जलस्तर बढ़ने से कपूरपुर में तेज हुआ कटान, मंदिर की एक दीवार ढही**

**बरेली।** रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बरेली तहसील क्षेत्र के कपूरपुर गांव में नदी का कटान तेज हो गया है। शनिवार को नदी का पानी प्राचीन रामगंगा मंदिर की दीवार तक पहुंच गया। तेज कटान के चलते मंदिर की एक दीवार ढह गई, जिससे अब प्राचीन मंदिर के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। हाल में हुई बारिश के बाद रामगंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी अपने किनारों को तेजी से काट रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, कटान की चपेट में आकर कई किसानों की कृषि भूमि पहले ही नदी में समा चुकी है। अब नदी मंदिर के बेहद करीब पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

गांव निवासी राजीव सिंह ने बताया कि रामगंगा का पानी लगातार बढ़ रहा है और कटान के कारण काफी जमीन नदी में जा चुकी है। मंदिर की दीवार गिरने के बाद ग्रामीणों को आशंका है कि यदि कटान इसी तरह जारी रहा तो मंदिर भी नदी की चपेट में आ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर निगरानी बढ़ाने और मंदिर को सुरक्षित रखने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कटान रोकने के इंतजाम नहीं किए गए तो मंदिर के साथ आसपास की जमीन और अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंच सकता है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ग्रामीण रात के समय भी नदी के किनारे की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इस संबंध में मीरगंज की एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि प्रशासन रामगंगा नदी की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। उन्होंने पुष्टि की कि नदी का पानी मंदिर के पास तक पहुंच गया है। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आवश्यकता के अनुसार प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

# एमडीएम विवाद को लेकर प्रधान-प्रधानाध्यापिका आमने-सामने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** दमखोदा ब्लॉक के गरगईया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मिड-डे मील (एमडीएम) के संचालन और भुगतान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीता गंगवार ने ग्राम प्रधान पर एमडीएम की परिवर्तन लागत के भुगतान में हस्तक्षेप करने और भुगतान प्रक्रिया बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाध्यापिका के मुताबिक विद्यालय में 10 अक्टूबर 2025 से एमडीएम की परिवर्तन लागत का भुगतान लंबित है। उनका आरोप है कि पहले भुगतान की प्रक्रिया ग्राम पंचायत के माध्यम से पूरी होती थी, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा आवश्यक हस्ताक्षर नहीं किए जाने के कारण भुगतान अटक गया है। शिकायती पत्र में प्रधानाध्यापिका ने ग्राम प्रधान पर विद्यालय के शैक्षिक कार्यों में भी अनावश्यक हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। प्रधानाध्यापिका ने बीएसए से मामले की जांच कराकर लंबित भुगतान कराने और विद्यालय के शैक्षिक कार्यों में हस्तक्षेप रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। अब शिक्षा विभाग की जांच के बाद ही विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

### अंजुमन के प्रोग्राम को प्रशासनिक अनुमति

**बहेड़ी।** 12वीं रबी-उल-अव्वल यानी 25 अगस्त को होने वाले अंजुमन खुद्दाम ए औलिया के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी। इसी के मद्देनजर चौकी इंचार्ज नीरज सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस ने आयोजन समिति के जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे मुख्य सड़क की जगह छोड़कर ही सजावट का कार्य करें। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सजावट को पर्याप्त ऊंचाई पर रखने को कहा गया, जिस पर आयोजकों ने अपनी सहमति जताई। इस मौके पर हाफिज अनवर अहमद, नईम अहमद, तासकीनिया, तस्लीम अहमद और सलीम आदि मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवती को बंधक बनाने और जबरन शादी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**युवती ने पिता, भाई समेत कई लोगों पर लगाए गंभीर आरोप, भोजीपुरा थाने पहुंचकर सुरक्षा की गुहार**

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र की 28 वर्षीय युवती ने अपने परिजनों पर प्रेम संबंध के चलते जान से मारने की कोशिश करने, जबरन ले जाकर बंधक बनाने, मारपीट करने और नशे का इंजेक्शन देकर जबरन शादी कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है। प्रार्थनापत्र के मुताबिक युवती का वर्ष 2020 से पीपलसाना चौधरी निवासी अमन से प्रेम संबंध है। परिवार को इसकी जानकारी होने पर विवाद शुरू हो गया। युवती का आरोप है कि 30 जून को परिजनों से खतरा होने पर उसने 112 नंबर पर सूचना दी थी। पुलिस उसके पिता को थाने ले गई, जहां नुकसान न पहुंचाने का लिखित आश्वासन दिया गया।

युवती का आरोप है कि एक जुलाई को उसके पिता, भाइयों और अन्य रिश्तेदार उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर पीलीभीत स्थित नानी के घर ले गए। वहां उसने कथित तौर पर अपनी हत्या की योजना बनाए जाने की बातचीत सुनी। चार जुलाई को उसने रिश्तेदार के मोबाइल से 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे वहां से मुक्त कराया और नारी निकेतन पीलीभीत भेज दिया। आरोप है कि बाद में परिजन उसे नारी निकेतन से ले आए और कमरे में बंद कर दिया। युवती के अनुसार 17 जुलाई को उसे नशे का इंजेक्शन देकर अज्ञात स्थान पर ले जाया गया और उसकी इच्छा के विरुद्ध नीरज निवासी वीरखेड़ा चांदपुर, थाना कलीनगर, पीलीभीत से शादी करा दी गई। इसके बाद उसे कथित तौर पर बंधक बनाकर रखा गया। युवती का कहना है कि 21 अगस्त को मौका मिलने पर वह वहां से निकलकर थाने पहुंची और पुलिस को पूरी जानकारी दी। उसने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नकटिया नदी पुनर्जीवन और वर्मी कम्पोस्टिंग यूनिट का होगा शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** छावनी परिषद बरेली की ओर से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। आज यानी रविवार को प्रातः 8:30 बजे ट्रेंचिंग ग्राउंड में वर्मी कम्पोस्टिंग यूनिट का उद्घाटन तथा श्री धोपेश्वर नाथ मंदिर के पीछे नकटिया नदी के पुनर्जीवन कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सक्सेना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार होंगे। छावनी परिषद की ओर से लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को सफल बनाने की अपील की गई है। नकटिया नदी के पुनर्जीवन कार्य को लेकर विशेष रूप से लोगों से जुड़ने का आह्वान किया गया है। नदी की स्वच्छता, जलधारा के संरक्षण और पर्यावरण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू किए जा रहे इस अभियान में जनसहभागिता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। छावनी परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सफाई एवं पुनर्जीवन अभियान में सहयोग करें। वर्मी कम्पोस्टिंग यूनिट के माध्यम से जैविक कचरे के बेहतर प्रबंधन और उससे उपयोगी खाद तैयार करने की दिशा में भी कदम बढ़ाया जाएगा। परिषद का उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

# 570 आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों को शनिवार को 570 नई सहायिकाएं मिलीं। लंबे समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहीं महिलाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तो उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नव-नियुक्त सहायिकाओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें जिम्मेदारी के साथ काम करने की सीख दी। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुचारू रखने में सहायिकाओं की भूमिका अहम है। उन्हें बच्चों के साथ गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलने वाली पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग करना होगा। साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। नई सहायिकाओं के आने से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है। इससे केंद्रों की दैनिक गतिविधियों, बच्चों की देखभाल और लाभार्थियों से जुड़ी सेवाओं को बेहतर तरीके से संचालित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और नवाबगंज विधायक एमपी आर्य मौजूद रहे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी समेत विभागीय अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने नव-नियुक्त सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी और लगन से दायित्व निभाने की अपील की।

# 300 बेड अस्पताल की जांच व्यवस्था हुई हाईटेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 300 बेड अस्पताल में अब मरीजों को बेहतर और आधुनिक जांच सुविधाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार की गई इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री (आईपीएचएल) का शनिवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने उद्घाटन किया। नई लैब शुरू होने से अस्पताल की जांच व्यवस्था को पहले के मुकाबले अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में पैथोलॉजिस्ट डॉ. अमित कुमार ने लैब की सुविधाओं और जांच प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईपीएचएल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण जांच उपलब्ध कराना है, ताकि बीमारी की सही पहचान होने के साथ उपचार शुरू करने में भी देरी न हो। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आधुनिक लैब के संचालन से 300 बेड अस्पताल में आने वाले मरीजों को कई महत्वपूर्ण जांच सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे सरकारी अस्पताल की जांच व्यवस्था मजबूत होने के साथ मरीजों की सुविधा भी बढ़ेगी।कार्यक्रम के दौरान सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने और मरीजों को समयबद्ध जांच उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, पैथोलॉजी स्टाफ और अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# कछला घाट पर एएसपी ने परखी कांवड़ यात्रा की तैयारियां, दिए सख्त निर्देश

## कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तेज की तैयारियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह ने कछला गंगा घाट और कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को 'जीरो इंसिडेंट, जीरो एक्सीडेंट' के लक्ष्य के साथ संपन्न कराने पर जोर दिया।




कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था चेक करते एसपी सिटी अभिषेक सिंह। -जागरण मोर्चा

कछला घाट पर एएसपी ने सुरक्षा, बैरिकेडिंग, प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता और पार्किंग सहित श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। संभावित भीड़ को देखते हुए रूट डायवर्जन, बैरियर, पार्किंग और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्धारित पार्किंग से आगे दोपहिया और चारपहिया वाहनों को न जाने दिया जाए। सोरों साइड में डीजे वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पुल और घाट की ओर किसी भी वाहन को अनधिकृत रूप से जाने से रोकने के निर्देश दिए गए। एएसपी ने पुलिसकर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहकर सतर्कता बरतने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ उझानी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार सिंह, चौकी प्रभारी कछला सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# शराब पिलाकर युवक की बेरहमी से पिटाई, मानसिक संतुलन बिगड़ा; फांसी लगाकर दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नौशेरा गांव में 26 वर्षीय युवक की मौत से सनसनी फैल गई। गांव निवासी राजू यादव पुत्र सत्य प्रकाश ने कथित तौर पर घर में फांसी लगा ली। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार सुबह करीब चार बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के रिश्ते के चाचा रामवरन सिंह ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग राजू को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि वहां उसे शराब पिलाने के बाद बेरहमी से पीटा गया। पिटाई के बाद राजू की मानसिक स्थिति बिगड़ गई और वह काफी परेशान रहने लगा।

परिजनों के अनुसार, इसी परेशानी के चलते राजू ने रात करीब नौ बजे घर में फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी।

राजू खेती-किसानी का काम करता था और इसी से परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### 107 वर्षीय मां की जमीन का जबरन बैनामा कराने का आरोप, तीन बेटे रजिस्ट्री कार्यालय से पकड़े गए

**कुंवरगांव।** थाना क्षेत्र के गांव अहरुइया में 107 वर्षीय वृद्ध महिला की करीब 10 बीघा कृषि भूमि का कथित रूप से जबरन बैनामा कराने का मामला सामने आया है। महिला के चौथे बेटे ने अपने तीन भाइयों पर मां को जबरन गाड़ी में बैठाकर रजिस्ट्री कार्यालय ले जाने और जमीन अपने नाम कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अहरुइया निवासी वीरेंद्र पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता की करीब 25 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। उसकी मां चंद्रकली के नाम करीब 10 बीघा कृषि भूमि है और वह वर्तमान में वीरेंद्र के साथ रहती हैं। आरोप है कि उसके भाई हरपाल, ओमकार और महीपाल मां की जमीन अपने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं। वीरेंद्र के मुताबिक शनिवार सुबह उसकी मां घर में खाना खा रही थीं। इसी दौरान उसके तीनों भाई कुछ अन्य लोगों के साथ घर में पहुंचे और कथित रूप से चंद्रकली को जबरन गाड़ी में बैठाकर रजिस्ट्री कार्यालय ले गए। जानकारी होने पर वीरेंद्र तुरंत रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को पकड़कर थाने ले आई। आरोप है कि बैनामा के कागजात तैयार कराकर वृद्ध महिला के अंगूठे के निशान भी लगवा लिए गए थे। हालांकि पुलिस के पहुंचने से जमीन का बैनामा पूरा नहीं हो सका। वीरेंद्र ने बताया कि मौके पर हरपाल के बेटे पुष्पेंद्र और रंजीत, ओमकार के बेटे सर्वेश, विनय और राजू तथा महीपाल के बेटे सचिन और अजीत भी मौजूद थे। पुलिस सभी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने बिसौली एसडीएम को दिए जांच के आदेश, भूमाफियाओं पर कार्रवाई के संकेत



जेसीबी से नींव खोदकर कब्जा करते भूमाफिया। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बावजूद भूमि पर कथित अवैध कब्जा और निर्माण कार्य नहीं रुकने का मामला सामने आया है। ग्राम मिर्जापुर बेहटा में करीब 50 साल पुराने बैनामे के आधार पर भूमि पर अपना मालिकाना हक जताने वाले व्यक्ति ने दबंगों पर जबरन कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने फैजगंज बेहटा थाना पुलिस और तहसील प्रशासन पर भी मामले में लापरवाही बरतने तथा कथित रूप से भूमाफियाओं से मिलीभगत का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पुलिस की भूमिका की भी जांच कराए जाने की बात सामने आई है। जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि ग्राम मिर्जापुर बेहटा में उसकी गाटा संख्या 1687 में 0.153 हेक्टेयर भूमि है। उसके अनुसार करीब 50 वर्ष पुराने बैनामे के आधार पर वह उक्त भूमि का स्वामी है। आरोप है कि फैजगंज बेहटा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र राजकुमार, सुधीर कुमार और संजीव कुमार पुत्रगण किशोर कुमार तथा उनके परिवार के लोग पिछले कई दिनों से भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा करने के साथ निर्माण कार्य करा रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने मामले की शिकायत 18 अगस्त को जिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्कालीन स्तर पर उपजिलाधिकारी बिसौली को भूमि पर हो रहे कथित निर्माण कार्य को रुकवाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद पीड़ित का आरोप है कि संबंधित तहसील प्रशासन और फैजगंज बेहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंचने के बाद भी निर्माण कार्य प्रभावी रूप से बंद नहीं करा सकी। पीड़ित के मुताबिक अधिकारियों के निर्देश के बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने से आरोपितों के हौसले बढ़ गए हैं। आरोप है कि भूमि पर लगातार निर्माण कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने निर्माण का विरोध किया तो उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान-माल का नुकसान पहुंचाने की धमकियां दी गईं। इससे परिवार में भय का माहौल है। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को आशंका जताई है कि भूमि विवाद को समय रहते नहीं सुलझाया गया तो मामला गंभीर रूप ले सकता है। उसने कहा कि किसी अप्रिय घटना से पहले प्रशासन को भूमि पर चल रहे निर्माण को तत्काल रुकवाकर मौके की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही पुराने बैनामे और राजस्व अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्वामित्व का निर्धारण किया जाना चाहिए। मामले में जिलाधिकारी द्वारा नए एसडीएम को जांच के निर्देश दिए जाने के बाद अब राजस्व अभिलेखों, बैनामे और मौके की स्थिति की जांच किए जाने की उम्मीद है। वहीं, शिकायत में लगाए गए फैजगंज बेहटा पुलिस की कथित मिलीभगत के आरोपों की भी जांच होने की बात कही गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि भूमि पर निर्माण वैध है या अवैध और किस स्तर पर लापरवाही हुई। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जांच पूरी होने तक विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगाई जाए। साथ ही यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता ने यह भी मांग की है कि पुलिस और तहसील स्तर पर मामले में बरती गई कथित लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका तय की जाए। फिलहाल जिलाधिकारी के स्तर से जांच के आदेश के बाद भूमि विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। अब राजस्व और पुलिस स्तर पर होने वाली जांच की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

# प्लॉट की नींव उखाड़ने और मारपीट का आरोप, एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र में प्लॉट की नींव उखाड़ने, निर्माण कार्य रोकने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने थाना पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। परेशान महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कुंवरगांव निवासी नन्ही देवी पत्नी काशीराम ने बताया कि उन्होंने जशोदा से प्लॉट संख्या 942 में 83.61 अंश भूमि का बैनामा कराया था। दाखिल-खारिज भी हो चुका है। महिला के मुताबिक उसने प्लॉट की नींव भरवाई थी, जिसे करीब दो माह पहले जशोदा और उनकी बेटियों ने उखाड़ दिया तथा करीब तीन हजार ईंटें गायब कर दीं।

महिला का आरोप है कि 10 अगस्त को पति निर्माण सामग्री लेकर प्लॉट पर पहुंचे और मिस्त्री से काम शुरू कराने की तैयारी कर रहे थे। तभी जशोदा पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और मारपीट कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। शिकायत करने पर पुलिस ने अदालत का आदेश लाने की बात कही।

11 अगस्त को महिला एसडीएम का आदेश लेकर पहुंची, जिसमें पुलिस की सहायता से लेखपाल को कब्जा दिलाने के निर्देश थे। महिला का आरोप है कि मौके पर पहुंचने के बाद लेखपाल और पुलिसकर्मियों ने प्लॉट की सही नापजोख नहीं की और वहां से चले गए। इसके बाद आरोपितों ने महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट कर दोबारा प्लॉट पर आने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। महिला ने पुलिस की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए एसएसपी से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

# एंटी करप्शन कार्रवाई के विरोध में लेखपालों का धरना

## अयोध्या प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग, संगठन के निर्देश पर आगे भी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** अयोध्या में एंटी करप्शन टीम द्वारा एक लेखपाल के खिलाफ की गई कार्रवाई के विरोध में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों ने तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। लेखपालों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। साथ ही संगठन के निर्देशानुसार आगे भी आंदोलन जारी रखने की बात कही।



ज्ञापन देते लेखपाल संघ के लोग। -जागरण मोर्चा

धरने को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का महत्वपूर्ण कर्मचारी है। लेखपाल भूमि संबंधी विवादों, पैमाइश, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न राजस्व कार्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत के उद्देश्य और तथ्यों की पर्याप्त जांच किए बिना ट्रैप कार्रवाई किए जाने से ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मचारियों में भय का माहौल पैदा हो रहा है।

तहसील मंत्री संदीप कुमार ने बताया कि संगठन की ओर से दिए गए ज्ञापन में अयोध्या प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में उपलब्ध तथ्यों, सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो तथा अन्य साक्ष्यों की जांच कर मामले की वास्तविक स्थिति सामने लाने की अपील की गई है। लेखपालों ने कहा कि किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई से पहले पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है, ताकि वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही निर्णय लिया जा सके। धरने में श्रीदत्त शर्मा, विनय बाबू, मारूफ अली, मोनू कुमार, योगेंद्र कुमार, लोकपाल सिंह, अमित कुमार द्वितीय, राहुल सिंह, श्याम मोहन शर्मा, रिजवान अली, धर्मेश कुमार, मोहित शर्मा, उपासना शर्मा, सुनील कुमार, रिंकी गुप्ता, रिंकी बाथम, डेविड कुमार, सुनील कुमार प्रथम, सुनील कुमार द्वितीय, मोहित कुमार शर्मा, अनमोल मिश्रा और योगेंद्र भारती सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

# विवेक यादव बने सपा अधिवक्ता प्रकोष्ठ के बिसौली विधानसभा अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पाल ने विवेक यादव एडवोकेट को बिसौली विधानसभा का अध्यक्ष मनोनीत किया है। शनिवार को बिसौली पहुंचने पर अधिवक्ताओं और समर्थकों ने उनका फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मिठाई खिलाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी गई।



अधिवक्ता साथी स्वागत करते हुए। -जागरण मोर्चा

विवेक यादव को मनोनयन पत्र समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने सौंपा और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शेखूपुरा विधायक हिमांशू यादव ने भी विवेक यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत कार्यक्रम में वार एसोसिएशन तहसील बिसौली के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, अवरार अहमद, केपी सिंह, रंजीत सिंह, रवेन्द्र पाल सिंह, अंशुल यादव, अखिलेश यादव, सुनील, रोहित, प्रेमशंकर यादव, योगेश यादव, आकाश, राजेश सिंह, गजेन्द्र सिंह, दीपक, राजीव राठौर और सत्यपाल यादव समेत अन्य अधिवक्ता एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। सभी ने विवेक यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

विवेक यादव ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। अधिवक्ता प्रकोष्ठ को मजबूत करने और संगठन को विधानसभा स्तर पर सक्रिय बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद देर शाम तक उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला चलता रहा।

# बारावफात को लेकर अमन कमेटी की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** सैदपुर में बारावफात के जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कस्बे एवं क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों तथा संभ्रांत लोगों के साथ आगामी त्योहार को लेकर चर्चा की गई।




बैठक में मौजूद एसडीम प्रियंका गोयल व बिसौली सीओ अंशुमान श्रीवास्तव।

बैठक में उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल ने कहा कि सभी त्योहार आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान ऐसा कोई कार्य न किया जाए, जिससे किसी अन्य व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत हों। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

सीओ ने लोगों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाली अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जानकारी तत्काल पुलिस और प्रशासन को दी जाए। अफवाह फैलाने वालों के बहकावे में आने के बजाय आपसी भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की ओर से त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। बैठक के अंत में अधिकारियों ने धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत लोगों को भरोसा दिलाया कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा।

सम्मेलन — वैश्य समाज को एक मंच पर संगठित करने का लिया संकल्प, दो नेताओं को मिली प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में अशोक भारतीय प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदीप गुप्ता बने प्रदेश मंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में प्रमुख समाजसेवी अशोक भारतीय को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा शिक्षक नेता प्रदीप गुप्ता को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। लखनऊ स्थित प्रांतीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. नीरज वोरा ने दोनों पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र और पटका पहनाकर सम्मानित किया।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

यह नियुक्तियां जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू के अनुरोध पर की गईं। इस दौरान संगठन को प्रदेशभर में मजबूत करने और वैश्य समाज के सभी उपवर्गों को एक मंच पर जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने कहा कि प्रदेशभर में वैश्य समाज के सभी उपवर्गों को संगठित कर उनके सामाजिक उत्थान के लिए ठोस रणनीति के साथ कार्य किया जाएगा। वहीं प्रदेश मंत्री प्रदीप गुप्ता ने कहा कि शहर से लेकर गांव और कस्बों तक समाज के अंतिम पायदान के लोगों को संगठन से जोड़कर उनके हित में कार्य किए जाएंगे, जिससे समाज में जागरूकता बढ़ेगी।

जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई मजबूती और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही बदायूं में वैश्य समाज का भव्य सम्मेलन आयोजित कर समाज को एक मंच पर संगठित करने का प्रयास किया जाएगा।

दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, उद्योगपति विमल कृष्ण अग्रवाल सहित सुजीत गुप्ता, अनुपम गुप्ता, प्रतीश गुप्ता, नितिन अग्रवाल, हरि अग्रवाल, राजेश कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, विनय गुप्ता, अंकुर गुप्ता, गोपाल कृष्ण गुप्ता, अनुराग गुप्ता, अमित वैश्य, सर्वेश गुप्ता, संजय रस्तोगी, पराग साहू, अमित वार्ष्णेय, सलिल वार्ष्णेय और मनोज गुप्ता समेत अनेक लोगों ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दीं।

## संत रविदास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने निकली कलश यात्रा

**बदायूं।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत शनिवार को कस्बे में कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा के माध्यम से सामाजिक समानता, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित सभा से हुई। इसमें सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता शामिल हुए। इसके बाद सभी लोग हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां विधिविधान से कलश पूजन किया गया। पूजन के बाद नगर में कलश वंदन यात्रा निकाली गई।यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर विभिन्न मंदिरों तक पहुंची। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में कलश वंदन कर संत रविदास महाराज के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यात्रा में नगरवासियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

# रक्तदान महाअभियान में 42 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राजयोगिनी डॉ. दादी प्रकाशमणि जी के 19वें पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को ब्रह्माकुमारी आश्रम, बी-4 आवास विकास, बदायूं में राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं ब्रह्माकुमारी आश्रम के समाज सेवा प्रभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें 42 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।



रक्तदान करते हुए लोग। -जागरण मोर्चा

मुख्य अतिथि नगर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह ने रक्तदाताओं को 'जीवनदाता' बताते हुए सामाजिक एवं जनकल्याणकारी अभियानों में बढ़-चढ़कर सहभागिता का आह्वान किया। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुचेता यादव एवं ब्रह्माकुमारी आश्रम की सेवाकेंद्र प्रभारी बीके करुणा दीदी के मार्गदर्शन में शिविर की व्यवस्थाएं पूरी की गईं। डॉ. सुचेता यादव ने महिला रक्तदाताओं की विशेष सराहना की।

शिविर में ब्रह्माकुमारी बहनों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. वैशाली सिंह एवं अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीके करुणा दीदी ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे कई जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। शिविर के सफल संचालन में ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन रजनीश पटेल, संदीप कुमार सिंह, साल्वी, मीनाक्षी, पूजा सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## एक नजर

### जाहर पीर छड़ी मेला लगना प्रारंभ

**बदायूं।** थाना क्षेत्र कस्बा उघैती में जाहर पीर छड़ी मेला लगा प्रारंभ हो गया है 52 साल पहले इस जगह जाहरपीर बाबा की मठिया थी मटिया पर छड़ी मेला लगता था ग्राम वासियों द्वारा दूर दराज से कबड्डी लंबी कूद अनेक तरह के कार्यक्रम कराए जाते थे दूर-दूर से लोग पूजा करने आते थे जिन लोगों की मनोकामना पूरी हो जाती थी यहां पर आकर छड़ी मेला के दिन भंडारा करते थे और कीर्तन होता था यह परंपरा लगातार चलती आई लगभग 8 साल से इस छड़ी मेला को और आकर्षित कर दिया जाहरवीर छड़ी मेल नाम दे दिया यहां पर अब दूर दराज से मीना बाजार चरक सर्कस कबड्डी लंबी कूद झूले लगना प्रारंभ हो गए फिर ग्राम वासियों ने झांकी का भी प्रबंध कर दिया अब लगातार सुंदर-सुंदर झांकियां और नौटंकी कार्यक्रम कंपनी कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया जिन लोगों की जाहर पीर बाबा मैं श्रद्धा है बो पैदल जमीन पर लेट कर उनकी मटिया तक गांव के लोग पहुंचाते हैं जिन लोगों का बिगड़ा हुआ काम बन जाता है वह लोग अनेक तरह के पकवान बनाकर भंडारा करते हैं।

# छह हजार रुपये में फर्जी तरीके से बनवा रहे थे ड्राइविंग लाइसेंस, ऑटोमेटेड ट्रैक पर खुला खेल

## वाहन चलाना नहीं आता था तो अभ्यर्थी की जगह दूसरे युवक को बैठाकर दिलाया ड्राइविंग टेस्ट, एआरटीओ ने पकड़ा मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए निर्धारित प्रक्रिया को दरकिनार कर फर्जीवाड़ा किए जाने का मामला सामने आया है। बिल्सी रोड स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक पर एक अभ्यर्थी की जगह दूसरा युवक ड्राइविंग टेस्ट देता पकड़ा गया। ऑटोमेटेड ट्रैक के सुपरवाइजर ने बायोमेट्रिक के दौरान फोटो का मिलान किया तो मामला संदिग्ध नजर आया। जांच में अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति के टेस्ट देने की पुष्टि होने के बाद दोनों को परिवहन विभाग के अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया। पूछताछ के बाद लिखित माफीनामा लेने के उपरांत दोनों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।


इस युवक का बना था लाइसेंस।


वाहन चल रहा था यह युवक सुहैब।

जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब दो बजे सुनील कुमार पुत्र महावीर सिंह, आवेदन संख्या 3829276226, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए निर्धारित ड्राइविंग टेस्ट देने बिल्सी रोड स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के ऑटोमेटेड ट्रैक पर पहुंचा था। बताया गया कि सुनील को वाहन चलाना नहीं आता था। इसके चलते उसकी जगह फिरोज पुत्र मुनव्वर को ड्राइविंग टेस्ट देने के लिए बैठाया गया था। ऑटोमेटेड ट्रैक पर टेस्ट की प्रक्रिया के दौरान सुपरवाइजर को अभ्यर्थी की पहचान को लेकर संदेह हुआ। बायोमेट्रिक प्रक्रिया के तहत दर्ज फोटो का मौके पर मौजूद व्यक्ति से मिलान किया गया तो दोनों में अंतर पाया गया। इसके बाद संबंधित प्रपत्रों की जांच की गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि आवेदन सुनील कुमार के नाम से था, जबकि ड्राइविंग टेस्ट फिरोज नाम का युवक दे रहा था। मामला सामने आने के बाद ऑटोमेटेड ट्रैक के अधिकारियों ने इसकी सूचना परिवहन विभाग को दी। प्रवर्तन दल की मदद से दोनों युवकों को उप संभागीय परिवहन कार्यालय लाया गया। यहां अधिकारियों ने दोनों से पूरे मामले को लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उनसे भविष्य में इस प्रकार की गलती दोबारा नहीं करने के संबंध में लिखित माफीनामा भी लिया गया।

बताया जा रहा है कि ड्राइविंग टेस्ट में फेल होने या वाहन चलाना नहीं आने की स्थिति में कुछ लोग दूसरे व्यक्ति को बैठाकर टेस्ट पास कराने का प्रयास करते हैं। इसके एवज में कथित तौर पर हजारों रुपये लिए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, इस मामले में छह हजार रुपये लेकर लाइसेंस बनवाने की बात कही गई, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। परिवहन विभाग की सख्त व्यवस्था के बावजूद ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक पर इस तरह की कोशिश सामने आने से व्यवस्था पर सवाल भी उठे हैं। हालांकि बायोमेट्रिक और फोटो मिलान की व्यवस्था के कारण फर्जी अभ्यर्थी को समय रहते पकड़ लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अभ्यर्थी का स्वयं टेस्ट देना अनिवार्य है। किसी दूसरे व्यक्ति से टेस्ट दिलवाना नियमों के खिलाफ है। मामले में पूछताछ और लिखित माफीनामा लिए जाने के बाद दोनों युवकों के परिवार वालों को सूचना दी गई। परिवार के अनुरोध पर दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई के बाद फर्जी तरीके से ड्राइविंग टेस्ट पास कराने वालों में खलबली मच गई है।

## संक्षेप समाचार

### हर हर महादेव के उद्घोष के साथ शैलेश पाठक ने किया कांवड़ यात्रा का उद्घाटन


फीता काटकर कांवड़ यात्रा का उद्घाटन करते भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक।

**उसावां।** क्षेत्र के शंकरपुर गांव में शनिवार को कांवड़ यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ किया। इस दौरान सैकड़ों कांवड़ियों का जत्था ट्रैक्टर-ट्रालियों से अटैना घाट के लिए रवाना हुआ। कांवड़िए अटैना घाट से गंगाजल लेकर पटना मंदिर पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने पहुंचकर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के बीच कांवड़ियों को यात्रा के लिए रवाना किया। इस दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल नजर आया। कांवड़ियों ने भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए अपनी यात्रा शुरू की। इस अवसर पर डॉ. शैलेश पाठक ने कहा कि इस वर्ष बदायूं जिले में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कांवड़ियों की टोलियां भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर कांवड़ यात्रा पर निकल रही हैं। हर ओर गूंज रहे बोल बम के नारों से वातावरण सनातन संस्कृति और शिवभक्ति से सराबोर हो गया है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा, आस्था और सेवा का प्रतीक है। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कांवड़ यात्रा के लिए शानदार और भव्य व्यवस्थाएं किए जाने पर आयोजकों का आभार जताया। साथ ही कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से भी कांवड़ियों को अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। जयकारों के साथ कांवड़िए अटैना घाट की ओर रवाना हुए। आयोजकों ने यात्रा को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। कार्यक्रम में भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक समरपाल सिंह, भाजपा बूथ अध्यक्ष ओमवीर सिंह, धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, आराम सिंह यादव, नरेंद्र सिंह यादव, रामदास सिंह यादव, पंकज मिश्रा और शिवम पांडे समेत अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### प्रख्यात शास्त्रीय गायक उस्ताद इफ्तिखार हुसैन खान का निधन, संगीत प्रेमियों में शोक की लहर


उस्ताद का फाइल फोटो।

**बदायूं।** प्रख्यात शास्त्रीय गायक उस्ताद इफ्तिखार हुसैन खान के निधन की खबर से संगीत प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीय शास्त्रीय संगीत की साधना और उसके संरक्षण को समर्पित कर दिया। उनके निधन को संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उस्ताद इफ्तिखार हुसैन खान प्रसिद्ध सहसवान-रामपुर-ग्वालियर घराने से ताल्लुक रखते थे। यह घराना सेनिया संगीत परंपरा से जुड़ा है और उस्ताद इनायत हुसैन खान, उस्ताद हैदर हुसैन खान तथा उस्ताद फिदा हुसैन खान जैसे महान कलाकारों ने इसकी परंपरा को समृद्ध किया। उस्ताद इफ्तिखार हुसैन खान महान 'तराना सम्राट' पद्म भूषण उस्ताद निसार हुसैन खान के पुत्र थे। उनका जन्म बदायूं जिले में हुआ था। बचपन से ही उन्हें अपने पिता से भारतीय शास्त्रीय संगीत की शिक्षा मिली। निरंतर साधना और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने शास्त्रीय गायन में विशिष्ट पहचान बनाई। उन्हें ख्याल, ठुमरी, दादरा और तराना गायन में विशेष महारत हासिल थी

## थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** फैजगंज बेहटा थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल और क्षेत्राधिकारी अंशुमान श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया, जबकि शेष शिकायतों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

एसडीएम प्रियंका गोयल ने कहा कि थाना समाधान दिवस सरकार की प्रमुख योजनाओं में शामिल है। इसका उद्देश्य फरियादियों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान कराना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का भौतिक सत्यापन करें और वास्तविक स्थिति की जांच के बाद ही कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक फरियादी को उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में करें।

## ट्यूबवेल के पास मिला 12 वर्षीय छात्र का शव, गांव में मची सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव शेखनगला में 12 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। सहसवान थाना क्षेत्र के गांव वाजीरपुर निवासी शैलेश पुत्र शैतान सिंह अपनी ननिहाल शेखनगला में मां उमेश के साथ रहकर मुजरिया कस्बे के एक स्कूल में कक्षा पांच की पढ़ाई कर रहा था।


किशोर का फाइल फोटो।

परिजनों के मुताबिक, शैलेश शुक्रवार को स्कूल से घर लौटा था। शाम के समय वह गांव के बाहर स्थित एक खोखे पर अपने साथियों से मिलने की बात कहकर चला गया। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर ननिहाल के लोगों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिवार के लोग गांव के आसपास और संभावित स्थानों पर उसे खोजते रहे।


पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक बच्चे के परिजन। -जागरण मोर्चा

रात करीब 10 बजे गांव के बाहर सरकारी ट्यूबवेल नंबर 102 के पास शैलेश संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरे गांव में मातम छा गया।

सूचना मिलने पर मुजरिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है और उन्हें भी शैलेश की मौत के कारणों की जानकारी नहीं है।

पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और शैलेश के साथ आखिरी समय में मौजूद लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## धान की फसल में कीटनाशक लगाते समय बेहोश हुआ युवक, उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उघैती थाना क्षेत्र के गांव रियोनाई निवासी 25 वर्षीय मनोज पुत्र सुरेश की कीटनाशक दवा के प्रभाव से उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, मनोज 20 अगस्त को अपने खेत में धान की फसल पर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने गया था। दवा का छिड़काव करते समय अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह खेत में ही बेहोश होकर गिर पड़ा। किसी तरह वह बेहोशी की हालत में घर पहुंचा। परिजनों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए अलग-अलग स्थानों पर उसका उपचार कराया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ।


पोस्टमार्टम हॉउस पर जानकारी देते मृतक युवक के परिजन। -जागरण मोर्चा

इसके बाद परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान मनोज ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## झाड़ियों में मिली संदिग्ध बाइक, संभल नंबर की प्लेट से मची चर्चा

**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बदायूं-मुरादाबाद हाईवे पर ग्राम दहेमी पुलिया के पास झाड़ियों में लावारिस हालत में बाइक मिलने से क्षेत्र में चर्चा फैल गई। राहगीरों ने झाड़ियों में बाइक पड़ी देख इसकी सूचना पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि बाइक करीब दो दिन से झाड़ियों में पड़ी थी। बाइक पर संभल जिले का नंबर दर्ज है, जिससे लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलने पर शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस बाइक के स्वामी का पता लगाने के साथ ही यह भी जांच कर रही है कि बाइक झाड़ियों तक कैसे पहुंची और इसे वहां किसने छोड़ा। फिलहाल बाइक मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## डेंगू-मलेरिया प्रभावित बीबीपुर में धरने पर बैठे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

### जलभराव, सफाई और बीमारों के मुफ्त इलाज की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप के बीच शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने बीबीपुर गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर धरना दिया। मंदिर के पास आयोजित धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान गांव में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने, तालाबों की सफाई कराने और बीमार ग्रामीणों का निशुल्क इलाज व जांच कराने की मांग की गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने आरोप लगाया कि बीबीपुर गांव में बड़ी संख्या में लोग डेंगू और मलेरिया की चपेट में हैं। ग्रामीणों से बातचीत के बाद उन्होंने दावा किया कि सौ से अधिक लोग बदायूं और बरेली के निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। कई ग्रामीणों को इलाज का खर्च जुटाने के लिए कर्ज लेने और गहने तक बेचने पड़ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे ग्रामीणों के उपचार का खर्च सरकार वहन करे।


ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि गांव में जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भरा हुआ है। जलभराव के चलते बीबीपुर से फतेहपुर जाने वाला रास्ता भी प्रभावित है। गांव के दोनों तालाब गंदगी और कूड़े से पटे हैं। जलनिकासी और सफाई की व्यवस्था नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

अजीत यादव ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मलेरिया मुक्त उत्तर प्रदेश का दावा धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दस्तक अभियान और डेंगू-मलेरिया से बचाव के सरकारी अभियान केवल कागजों तक सीमित हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पर्याप्त जांच और उपचार की व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति भरोसा कम हुआ है।

धरने के दौरान कांग्रेस ने बीबीपुर में जलभराव का स्थायी समाधान, तालाबों की सफाई, बीमार ग्रामीणों की निशुल्क जांच व उपचार तथा गांव में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान तक पार्टी उनका संघर्ष जारी रखेगी।

धरने में नवनीत यादव, सेवानिवृत्त कानूनगो सुरेंद्र सिंह, पन्ना लाल शाक्य, अतुल यादव, रविंद्र शर्मा, अमित यादव, राजेश्वर सिंह समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

**अनदेखी** रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील हो चुके हैं भवन

## जर्जर इमारतें दे रहीं हादसे को न्योता, बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** स्थानीय संविलियन विद्यालय परिसर में ब्रिटिश कालीन परित्यक्त कक्षा भवन और छात्रावास की जर्जर इमारतें हादसे को न्योता दे रही हैं। रखरखाव के अभाव में ये भवन खंडहर में तब्दील हो चुके हैं और किसी भी समय भरभराकर गिर सकते हैं। इसके बावजूद इन्हें अब तक सुरक्षित तरीके से ध्वस्त नहीं कराया गया है। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों और परिसर में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।


जर्जर स्कूल बिसौली । -जागरण मोर्चा

विद्यालय परिसर में स्थित इन पुराने भवनों का इतिहास करीब एक सदी पुराना है। इमारत में लगी ईंटों पर वर्ष 1927 अंकित है, जिससे इसकी उम्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। कभी इन कमरों में नियमित कक्षाएं संचालित होती थीं। वर्ष 2000 तक यहां शिक्षण कार्य चलता रहा। इसके अलावा एक बड़े भवन में छात्रावास भी संचालित किया जाता था। समय के साथ इन भवनों का उपयोग बंद हो गया और देखरेख के अभाव में उनकी हालत लगातार खराब होती चली गई।

वर्तमान में जर्जर भवनों की दीवारें और छतें कमजोर हो चुकी हैं। परिसर में आवारा पशुओं का भी जमावड़ा रहता है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि इन्हीं भवनों के आसपास प्राथमिक और जूनियर कक्षाओं के बच्चे खेलते हैं। खेलते समय बच्चे अनजाने में जर्जर कमरों के पास पहुंच जाते हैं। ऐसे में भवन का कोई हिस्सा गिरने से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

विद्यालय परिसर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास भी संचालित है, जहां छात्राएं रहती हैं। ऐसे में जर्जर भवनों की मौजूदगी उनकी सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बनी हुई है। अभिभावकों और विद्यालय से जुड़े लोगों का कहना है कि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले ही इन खंडहरनुमा भवनों को चिन्हित कर सुरक्षित तरीके से ध्वस्त कराया जाना चाहिए।

स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जर्जर इमारतों का तत्काल निरीक्षण कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही भवनों के आसपास बैरिकेडिंग या अन्य सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की जरूरत है, ताकि बच्चे और छात्राएं अनजाने में खतरे वाले स्थान तक न पहुंच सकें। लोगों का कहना है कि किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार किए बिना इन भवनों को हटाकर विद्यालय परिसर को सुरक्षित किया जाना जरूरी है।

## अपने ही बयानों में घिर रहे ड्रग इंस्पेक्टर, वायरल वीडियो पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं** मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर कथित रूप से रुपये लेते हुए ड्रग इंस्पेक्टर का वीडियो वायरल होने के बाद जिले की औषधि व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद के अलग-अलग बयानों से मामला और पेचीदा हो गया है। आरोप है कि वायरल वीडियो में मेडिकल स्टोर से रुपये लिए जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। हालांकि वीडियो की वास्तविकता, समय और उसमें दिखाई दे रहे व्यक्ति की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।


ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश कुमार।

वायरल वीडियो सामने आने के बाद जब मामले को लेकर सवाल उठे तो पहले ड्रग इंस्पेक्टर की ओर से कथित तौर पर यह सफाई दी गई कि रुपये उन्होंने नहीं, बल्कि विभाग के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी ने लिए थे। इसके बाद अब उनका कहना है कि वायरल किया जा रहा वीडियो करीब दो साल पुराना है। बयानों में आए इस अंतर को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि वीडियो दो साल पुराना है तो पहले रिटायर्ड कर्मचारी द्वारा रुपये लिए जाने की बात क्यों कही गई और यदि वीडियो में विभागीय कर्मचारी की भूमिका थी तो उस समय इसकी जांच क्यों नहीं कराई गई।

मामला सामने आने के बाद जिले में दवा कारोबार की निगरानी को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। आरोप लगाया जा रहा है कि जिले के कई मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित और बिना चिकित्सकीय पर्चे के नहीं बिकने वाली दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। कुछ दवा कारोबारियों ने नाम न छापने की शर्त पर छापेमारी और जांच के दौरान कथित अवैध वसूली के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

स्थानीय लोगों और दवा कारोबार से जुड़े लोगों का आरोप है कि ड्रग विभाग की कार्रवाई कई बार चुनिंदा दुकानों तक सीमित रह जाती है। छापेमारी के नाम पर कथित रूप से रुपये वसूलने के आरोप भी सामने आते रहे हैं। यही वजह है कि अब वायरल वीडियो को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। लोगों का कहना है कि यदि वीडियो सही है तो यह गंभीर मामला है और यदि वीडियो पुराना या संदर्भ से अलग है तो इसकी वास्तविकता भी जांच के बाद स्पष्ट होनी चाहिए। ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद की जिले में लंबे समय से तैनाती भी चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से एक ही जिले में तैनाती होने के कारण विभागीय कार्यप्रणाली की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। हालांकि किसी अधिकारी की तैनाती अवधि मात्र से अनियमितता साबित नहीं होती।

# दबंगई : सरकारी के बाद अब निजी बुलडोजर भी

## तिलहर में 54 साल पुराना छपरा होटल जेसीबी से ढहाया, पीड़ित ने जहर खाने की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर/शाहजहांपुर।** बुलडोजर बाबा का जादू अब सर चढ़कर बोलने लगा है । जहां योगी बाबा ने अपराधियों और समाज विरोधी तत्वों पर पर बुलडोजर कार्रवाई करनी शुरू की है वहीं अब दबंगई विवादित संपत्तियों, और अवैध कब्जों के लिए भी बाहुबलियों और धन कुबेरों ने बुलडोजर का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसका एक उदाहरण तिलहर नगर के पोटरगंज स्थित पुरानी गल्ला मंडी में देखने को मिला है। शुक्रवार रात हुई एक सनसनीखेज घटना से हड़कंप मच गया। आरोप है कि यहां वर्ष 1972 से संचालित 54 साल पुराने छपरा होटल को रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन लगाकर जमींदोज कर दिया गया।

पीड़ित होटल संचालक दिनेश रस्तोगी उर्फ बल्लू ने शनिवार को थाना दिवस में नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी चाय की दुकान नगर पालिका परिषद तिलहर से आवंटित है और वह 50 साल से अधिक समय से इसका किराया जमा कर रहा है। इसी दुकान को पीछे रहने वाले दबंगों ने रातों-रात जेसीबी से गिरा दिया और अंदर रखा सिलेंडर, बर्तन, कुर्सियां समेत सारा सामान लूट लिया।


थाना समाधान दिवस में पी पीड़ित विकलांग दिनेश। -जागरण मोर्चा

**पहले भी नगर में विवादित संपत्तियों पर चली है जेसीबी :** नगर में इससे पहले भी 2002 में विवादित संपत्तियों को लेकर पुलिस की मिली भगत से विवादित संपत्तियों पर जबरन कब्जा करने को लेकर नगर में ब्लैकआउट करवारकर आधी रात के बाद विवादित संपत्तियों को जबरन गिराने की घटनाएं हो चुकी है मगर स्थानीय पुलिस की मौन सहमति भू माफियाओं और दबंगों की हिम्मत बढ़ाने का काम कर रही है। तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक और जनता को न्याय का भरोसा दिलाने वाले नवागत प्रभारी निरीक्षक के रहते पीड़ित को न्याय मिल पाएगा या फिर ढाक के वही तीन पात ही रहेंगे यह आने वाला समय ही बताएगा ।

### इंसाफ नहीं मिला तो खाऊंगा जहर

थाना समाधान दिवस में पहुंचे 65 वर्षीय विकलांग दिनेश रस्तोगी ने अधिकारियों के सामने रोते हुए कहा कि यही होटल उसकी रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा है। अगर उसे न्याय नहीं मिला और आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह जहर खाकर आत्महत्या कर लेगा। पीड़ित के इस बयान के बाद थाना परिसर में सन्नाटा छा गया और पुलिस-प्रशासन के सामने मामले की गंभीरता बढ़ गई है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में दिनेश गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद और उनके दो बेटे प्रिंस गुप्ता व पारस गुप्ता को नामजद किया है। नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना पुलिस को जांच कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब देखना यह है कि 54 साल पुरानी दुकान को जेसीबी से गिराने के पीछे असली वजह क्या है और पुलिस दोषियों पर क्या कार्रवाई करती है।

## एक नजर

### क्राइम कंट्रोल और और फरियादियों को न्याय प्राथमिकता : प्रभाष



**तिलहर शाहजहांपुर।** विगत 15 अगस्त को तिलहर कोतवाली के नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने कहा है कि कोतवाली क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और फरियादियों को उचित न्याय दिलाने के लिए प्राथमिकता से कार्य संपादित किया जाएगा विगत स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के बाद पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा को लाइन में भेज कर प्रभाष चंद्र को प्रभारी निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया था। जागरण मोर्चा से बातचीत में नवागत प्रभारी प्रभाष चंद्र अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कोतवाली आने वाले प्रत्येक नागरिक की हर संभव उचित मदद की जाएगी और उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा उन्होंने कहा पिछले नगर की यातायात व्यवस्था और क्राइम कंट्रोल पर उनका विशेष ध्यान रहेगा।

# ईवी वाहन और चार्जिंग भुगतान पर सवालिया निशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में ईवी वाहनों की खरीद और उनके चार्जिंग भुगतान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फ्लाई इंफ्राटेक से मई 2025 में करीब 1.49 करोड़ रुपये में खरीदे गए 10 ईवी वाहन वार्डों में दौड़ने के बजाय लंबे समय से खड़े हैं। आरोप है कि उपयोग नहीं होने के कारण वाहन अब कबाड़ की स्थिति में पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद चार्जिंग के नाम पर करीब 8.85 लाख रुपये का भुगतान कंपनी को कर दिया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब वाहन खरीदे गए, उस समय नगर निगम का अपना चार्जिंग स्टेशन तक तैयार नहीं था। ऐसे में वाहनों की खरीद क्यों की गई और उन्हें किस योजना के तहत संचालन में लाया जाना था, इसका जवाब अब तक सामने नहीं आया है। मामले की शिकायत के बाद नगर आयुक्त ने संज्ञान लेते हुए संबंधित कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा था। साथ ही अधिकारियों से भी बिंदुवार जवाब तलब किया गया था। पूछा गया था कि चार्जिंग स्टेशन तैयार नहीं था तो वाहन किसके आदेश पर खरीदे गए। यदि वाहन या उनकी बैटरी खराब थी तो तकनीकी परीक्षण क्यों नहीं कराया गया। जब वाहन वार्डों में चले ही नहीं तो चार्जिंग का भुगतान किस आधार पर किया गया। इसके अलावा करीब एक साल से वाहन खड़े रहने और उन्हें वार्डों में संचालन के लिए नहीं भेजे जाने का कारण भी पूछा गया था। नगर आयुक्त के जवाब तलब करने के करीब 15 दिन बाद भी स्थिति जस की तस है। न तो फ्लाई इंफ्राटेक की ओर से स्पष्टीकरण दिया गया और न ही संबंधित अधिकारियों ने अपना जवाब सौंपा। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके दबाव में इतना गंभीर मामला लंबित है। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के वित्त मंत्री एवं नगर के विधायक सुरेश खन्ना भी प्रकरण का संज्ञान ले चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से जवाब न दिया जाना नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि जनता के करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च कर खरीदे गए ईवी वाहनों का उपयोग क्यों नहीं हुआ और जब वाहन चले ही नहीं तो चार्जिंग के नाम पर 8.85 लाख रुपये का भुगतान किस आधार पर कर दिया गया? मामले में जिम्मेदारी तय होने के बजाय फाइल के आगे न बढ़ने से नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल और गहरे हो गए हैं।


नगर निगम शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

> विंदुवार स्पष्टीकरण मांगा है अगर समय पूरा हो गया है आज पत्रावली देखकर जांचेंगे अगर जवाब नहीं आया तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
>
> **सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहांपुर**

# तितली नमस्ते चिन्ह लगाने वाली फर्म होगी ब्लैकलिस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम क्षेत्र में फैंसी लाइट के साथ तितली और नमस्ते के चिन्ह लगाने में बरती गई लापरवाही को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। करीब 1.20 करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए लगभग 500 तितली और नमस्ते चिन्ह समय से पहले ही खराब हो गए। मामले में संबंधित फर्म लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल को ब्लैकलिस्ट करने का आदेश जारी कर दिया गया है। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी ने जांच के बाद माना कि तितली और नमस्ते के चिन्हों की गुणवत्ता और निर्माण में लापरवाही बरती गई। इन चिन्हों के खराब होने के पीछे किसी दैवीय आपदा अथवा तेज हवाओं का कारण भी सामने नहीं आया है। इसके बावजूद लगाए गए चिन्ह समय से पहले खराब हो गए। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक फर्म को कई बार नोटिस जारी कर खराब तितलियों और नमस्ते चिन्हों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद फर्म की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। इससे नगर निगम की संपत्ति और राजकीय धन को नुकसान पहुंचा है। अपर नगर आयुक्त ने अपनी रिपोर्ट में इसे राजकीय धन का दुरुपयोग मानते हुए संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। इसके आधार पर लक्ष्मी इलेक्ट्रिकल को ब्लैकलिस्ट करने का आदेश जारी किया गया है। नगर निगम ने खराब फैंसी लाइट और सजावटी चिन्हों के मामले में जिम्मेदार फर्मों पर शिकंजा कसने की पूरी तैयारी कर ली है।

# धार्मिक चित्रों के अनादर पर भक्तों में उबाल

## परशुराम जन्मभूमि न्यास ने दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र की साउथ सिटी कॉलोनी के मुख्य गेट के पास लगे भगवान परशुराम और भगवान हनुमान के चित्र वाले साइन बोर्ड को हटाकर कचरे के ढेर में फेंके जाने का मामला सामने आया है। साइन बोर्ड पर अराजक तत्वों द्वारा मूत्र विसर्जन किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। मामले में भगवान परशुराम जन्मभूमि न्यास के पदाधिकारियों और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने चौक कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। न्यास के अध्यक्ष अशित पाठक के नेतृत्व में दी गई तहरीर में कहा गया है कि धार्मिक चित्रों वाले साइन बोर्ड को हटाकर दुर्गंधयुक्त कचरे के ढेर में डालने से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से मामला और चर्चा में आ गया। न्यास ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की है। तहरीर में कहा गया है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा उपलब्ध फोटो और वीडियो की जांच कराने की मांग की गई है। अशित पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम और भगवान हनुमान के चित्रों के साथ इस तरह का व्यवहार स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह धार्मिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर मामला है। प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। तहरीर देने वालों में सुबोध मिश्रा, आलोक मिश्रा, आशु दीक्षित, उदित शर्मा, गोविंद मिश्रा, राहुल मिश्रा, नारायण स्वरूप ब्रह्मचारी और अक्षय अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


कोतवाली में तहरीर देते असित पाठक ।

# एसडीएम ने किया बारहवफात जुलूस मार्ग का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर 26 अगस्त को बारहवफात के मौके पर निकलने वाले जुलूस ए मोहम्मदी के मार्ग को देखने के लिए उप जिलाधिकारी नीलिमा यादव, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार, लेखपाल तरुण कुमार, के चोटिया बाजार पहुंचे और वहां पर मार्ग की हालत देखकर काम कर रहे ठेकेदार एवं अपर अभियंता जल कल को निर्देशित करते हुए कहा कि जब खुदाई मना की गई थी तो क्यों कराई गई। प्रत्येक दिशा में 23 अगस्त तक रोड क्लियर हो जाना चाहिए अन्यथा जिम्मेदारी आपकी निर्धारित की जाएगी उप जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया जुलूस के मार्ग पर किसी भी तरीके का अवरोध नहीं होना चाहिए साथ ही साथ आवारा पशुओं को पकड़वायें जुलूस के दौरान कोई भी पशु मिलना नहीं चाहिए इस मौके पर शहर इमाम, शहर काज़ी मोहम्मद अकरम, इकबाल हुसैन उर्फ फुल मियां, हाफिज अदीब, हाफिज नसीम, हाफिज साजिद, अंजुम खान, कारी इद्रीस, आदि मौजूद थे।


बारहवफात मार्ग का निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी नीलिमा यादव। -जागरण मोर्चा

**आक्रोश** — बीडीओ पर रोजगार सेवक का गिरेबान खींचने का आरोप

# शाहजहांपुर के 82 रोजगार सेवकों ने मानदेय याचिका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के भावलखेड़ा खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल का दबंग मिजाज सामने आया है आरोप है जनपद के रावतपुर निवासी रोजगार सेवक अमित कुमार ने करीब 80 रोजगार सेवकों के साथ मुख्य याची बनकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के ग्राम विकास विभाग सचिव, शाहजहांपुर जिला अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी को पार्टी बनाया गया था जैसे ही जिलाधिकारी को नोटिस जारी हुआ और भावलखेड़ा खंड विकास अधिकारी से संबंधित दस्तावेज तलब किए गए तो खंड विकास अधिकारी अभिषेक अग्रवाल आग बबूला हो गए पीड़ित रोजगार सेवक अमित की माने तो जब वह ब्लॉक कार्यालय पर पहुंचा तो बीडीओ उसका गिरेबान पड़कर खींचते हुए अपने ऑफिस ले गए , और उस पर याचिका वापस करने का दबाव बनाते हुए बोले सभी 82 रोजगार सेवकों से हमें पांच-पांच हजार रुपए चंदा करके दो जिससे हम हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करेंगे अन्यथा यह याचिका वापस ले लो नहीं तो अंजाम बुरा होगा रोजगार सेवक का यहां तक आरोप है कि उसे खंड विकास अधिकारी ने जाती सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जलील किया मामला यहीं पर शांत नहीं हुआ रोजगार सेवक ने बताया 14 अगस्त को जब वह दोबारा खंड विकास अधिकारी कार्यालय गया तो खंड विकास अधिकारी उसे पकड़कर एपीओ के कार्यालय में ले गए जहां एपीओ बलविंदर सिंह, एडीओ आईएसबी इलियास ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज और अभद्रता की और बीडीओ ने डंडा मंगा कर उसे याचिका वापस करने के लिए डराया धमकाया रोजगार सेवक अमित कुमार ने बताया इस संबंध में उसने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर, थाना अध्यक्ष रामचंद्र मिशन, जिला अधिकारी शाहजहांपुर, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व हाई कोर्ट को रजिस्टर्ड डाक द्वारा पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है और कहा काफी संख्या में रोजगार है जिन्हें 2021 से आज तक मानदेय भुगतान नहीं हुआ है, जिसके चलते रोजगार सेवकों के बच्चे पढ़ाई-लिखाई से वंचित हो रहे हैं और परिवार का खर्च चलाना भी मुश्किल है उसने कहा इन्हीं समस्याओं को लेकर हाई कोर्ट में उसने जनपद के 81 रोजगार सेवकों के साथ मुख्य याची बनकर याचिका दाखिल की थी जिसमें बकाया मानदेय भुगतान मानदेय की बढ़ोतरी और स्थाई करने जैसी मांगे शामिल थी।


पीड़ित रोजगार सेवक अमित।



खंड विकास कार्यालय भावलल खेड़ा। -जागरण मोर्चा

# खिरिया गांव की कई सड़कें कीचड़ से भरी


खिरिया गांव में सड़क पर पसरी कीचड़। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खुदागंज।** विकास क्षेत्र खुदागंज के गांव खिरिया में विकास कार्य के नाम पर खाना पूर्ति करने का मामला सामने आया है जहां गांव में कई स्थानों पर बनी सड़के दलदल में तब्दील हो रही हैं परंतु बजट का पैसा लगातार खर्च हो रहा है बताया जाता है कि पिछले एक वर्ष में विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च किया गया परंतु सच्चाई कुछ अलग ही दिखाई पड़ रही है ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नाला सफाई के नाम पर दो लोगों के नाम पैसा भेजा गया था परंतु नाले की सफाई नहीं की गई ग्रामीणों ने मामले में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की गुहार लगाई है।

## संक्षेप समाचार

### वक्फ बोर्ड की जमीन कब्जा कर अवैध प्लाटिंग का मामला, जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच तेज


लालाबाद मेंनिरीक्षण के दौरान मुख्य वफ्फ निरीक्षक। -जागरण मोर्चा

**परशुरामपुरी (शाहजहाँपुर) :** तहसील जलालाबाद के अंतर्गत ग्राम सिकंदरपुर अफगानान में वक्फ बोर्ड की कीमती जमीन पर कब्जा कर रास्ता बनाने और अवैध प्लाटिंग करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित की शिकायत के बाद प्रशासनिक हलके में हड़कंप मच गया है। अंगदनगर (जलालाबाद) निवासी राजेंद्र कुमार शुक्ला ने तहसील दिवस पर संपूर्ण समाधान दिवस के तहत प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, ग्राम सिकंदरपुर अफगानान की गाटा संख्या 92 (रकबा 1.480 हेक्टेयर) में आरोपी रमेशचंद्र उर्फ चन्दन द्वारा अपनी कृषि भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है। आरोप है कि प्लाटिंग के लिए रास्ता देने हेतु वक्फ बोर्ड की गाटा संख्या 98 के अंश पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया। इसके साथ ही वारह पत्थर पर वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जा जमाते हुए प्लाटिंग का भव्य गेट बनवा दिया गया और कॉलोनी के अंदर धड़ल्ले से प्लाट बेच दिए गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि धारा-80 लागू न होने और नाली, सड़क जैसे बुनियादी निकास के बिना ही यह प्लाटिंग की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वक्फ बोर्ड के मुख्य वक्फ निरीक्षक श्रीकांत आजाद ने इस संबंध में मुतवल्ली अली मरसद से सीधी जानकारी तलब की है। इसके साथ ही प्रशासन ने वक्फ बोर्ड की जमीनों से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज और भू-अभिलेख प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन की इस सख्ती से भू-माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। स्थानीय निवासियों को अब इस मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई का इंतजार है।

### आसपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न


आजाद समाज पार्टी केकार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** 21 अगस्त 26 को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, मंडल कांशीराम चल चिंतन शाहजहांपुर में जिला अध्यक्ष के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें प्रभारी हाजी राजपाल कश्यप , मुख्य संगठन प्रभारी मंडल प्रभारी माननीय संजीव कश्यप मंडल प्रभारी माननीय महेश सागर एवं महिला मंच की सत्यामित्रा सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडल प्रभारी हाजी राजपाल कश्यप ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी मेहनत के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ना होगा तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के कार्यक्रमों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाएं और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों में जुट जाएं। बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में जिला प्रभारी संजय कश्यप सेक्टर प्रभारी देवेन्द्र सिंह बौद्ध, स्टेज प्रभारी सहित जिला उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

### गैर राज्यों के छह युवक लैपटॉप और मोबाइल सहित पकड़े, एसडीएम की नजर पढ़ते ही मची भगदड़, छह युवक पकड़े गए


परशुरामपुरी में संदिग्ध युवकों से पूछताछ करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** निगोही रोड पर शनिवार दोपहर प्रशासनिक अमले की सतर्कता से संदिग्ध गतिविधि का मामला सामने आया। तहसील सदर के SDM प्रभात राय सरकारी वाहन से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे खुले मैदान में बैठे कुछ युवकों पर पड़ी। SDM का वाहन मैदान की ओर मुड़ते ही युवक भागने लगे। कर्मचारियों ने पीछा कर छह युवकों को पकड़ लिया।मौके पर पुलिस बुलाकर युवकों को सुपुर्द किया गया। तलाशी के दौरान मैदान से करीब छह डायरियां मिलने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि डायरियों में बड़ी संख्या में लोगों के नाम और मोबाइल नंबर दर्ज हैं। साथ ही रकम से जुड़े विवरण भी लिखे हुए हैं। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवकों के दूसरे राज्यों के निवासी होने की बात सामने आई है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक मैदान में किस काम के लिए एकत्र हुए थे और डायरियों में दर्ज नाम, नंबर और रकम का आपस में क्या संबंध है।मामला संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोबाइल फोन और बरामद डायरियों की पड़ताल के बाद ही पूरे नेटवर्क की तस्वीर साफ हो सकेगी। पुलिस की जांच में यदि डायरियों में दर्ज विवरण की पुष्टि होती है तो मामला बड़े आर्थिक फर्जीवाड़े से जुड़ा हो सकता है।

### नहीं बनाये शौचालय, जांच कराने की मांग

खुदागंज। ग्रामीणों द्वारा शौचालय का पैसा आहरित करने के बाद भी शौचालय न बनाए जाने की शिकायत कुछ लोगों द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई है उन्होंने मामले में जांच कराए जाने की मांग की है। विकास क्षेत्र खुदागंज के ग्राम पोसिल में विगत दो माहपूर्व तीन दर्जन से अधिक शौचालय स्वीकृत हुए थे जिनकी प्रथम किस्त का पैसा भी लाभार्थियों के खाते में जारी किया गया था आरोप है कि अधिकारियों की शिथिलता के चलते अधिकांश ग्रामीणो द्वारा शौचालय नहीं बनाये गए हैं बताया जाता है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा2000 शौचालय सुविधा शुल्क के नाम पर वसूला गया है परंतु वास्तविकता क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा फिलहाल शिकायत होने के बाद अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अरविंददुबे ने बताया कि उन्हें संबंध में जानकारी नहीं है मामले में जांच कराई जाएगी।

### नगर निगम में 145 कर्मचारी जांच के घेरे में

**शाहजहांपुर।** नगर निगम शाहजहांपुर में आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात सफाई कर्मचारियों की भर्ती और कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी द्वारा कराई जा रही जांच में अब तक 145 कर्मचारियों के नाम जांच के दायरे में आए हैं, जबकि 22 कर्मचारियों के अभिलेखों का सत्यापन कर उनका वेतन रोक दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, नगर निगम में कार्यरत कुछ बाबुओं, सफाई नायकों तथा अन्य कर्मचारियों के रिश्तेदारों और करीबियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त किए जाने के आरोप सामने आए हैं। साथ ही यह भी आरोप है कि कुछ कर्मचारी बिना नियमित कार्य किए ही मानदेय प्राप्त करते रहे।

एक नजर



महिला का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

### सांप के डसने से महिला की हालत बिगड़ी

**चंदौसी।** क्षेत्र के गांव वर्ई निवासी रामतीरथ की पत्नी कमलेश (40) को शुक्रवार की शाम 4 बजे (वटोर) से कंडे निकालते समय सांप ने महिला के बाय हाथ के अंगूठे पर काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। महिला की चीख-पुकार को सुनकर परिजन कमलेश के पास पहुंचे तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और मुंह से झाग निकल रहे थे। जिसके बाद परिजन महिला को अपने निजी वाहन से चंदौसी सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक ने महिला को तुरंत भर्ती कर लिया। प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। युवती की हालत गंभीर बनी हुई थी। उपचार के बाद चिकित्सक ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ई-रिक्शा, बड़े वाहनों के नो इंट्री में प्रवेश से शहर में लग रहा है जाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शहर की यातायात व्यवस्था इस समय चरमराई हुई है। ई-रिक्शों और भारी वाहनों के नो इंट्री में प्रवेश से जगह-जगह जाम लग रहा है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं, ई रिक्शों के अवैध संचालन पर पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।शहर में ई-रिक्शों का अवैध संचालन लगातार जारी है। पुलिस, प्रशासन व नगर पालिका परिषद के पास इनका कोई लेखाजोखा नहीं है। जिससे यह अनुमान लगाया जा सके कि शहर में कितने ई-रिक्शे चल रहे हैं।

लापरवाही का ही नतीजा है कि शहर में प्रतिमाह एक दर्जन से अधिक नए रिक्शे सड़क पर आ जाते हैं। लगातार बढ़ रही इनकी संख्या के कारण शहर में जाम की समस्या बनी हुई है। मुख्य मार्गों पर तो इनका संचालन होता ही है। चालक संकरी गली मोहल्लों में ले जाकर जाम का सबब बन जाते हैं। इनके लिए यातायात के नियम कोई मायने नहीं रखते। काफी संख्या में नाबालिग ई-रिक्शे चलाते हैं। जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। सीता रोड, गौशाला रोड व बहजोई रोड मुरादाबाद गेट, संभल गेट,से भारी वाहन नो एंट्री में धड़ल्ले से प्रवेश कर जाम की स्थिति पैदा करते है। जाम लगने पर पुलिस मौके पर भी नहीं पहुंचती है। इसलिए लंबे समय तक लोग जाम फंसे रहते हैं।



चंदौसी के स्टेशन रोड पर ई-रिक्शों के कारण लगा जाम।



चंदौसी के बहजोई रोड पर ई-रिक्शों के कारण लगा जाम।

# जेवरात बरामद करने पहुंची बदायूं पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर चितौरी के युवक ने बजीरगंज निवासी अपने दोस्त के चाचा के घर से जेवर चोरी कर चंदौसी में बेच दिए। वजीरगंज बदायूं पुलिस जेवरात बरामद करने के लिए शनिवार की शाम शहर के सर्राफा व्यापारी की यहां पहुंची।

कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर चितौरी निवासी अमित ने अपने छोटे भाई सुमित के वजीरगंज निवासी दोस्त को बातों में फंसाया और बातों में आकर युवक ने अपने ही चाचा के घर से करीब 44 ग्राम सोने के जेवरात चोरी करके युवक को दे दिए है। युवक ने जेवरात नगर में एक सराफ के यहां बेच दिए । जेवरात चोरी होने की जानकारी के बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस को भतीजे की भूमिका संदिग्ध लगी। पुलिस ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि अकबरपुर चितौरी निवासी दोस्त सुमित के भाई अमित ने उससे जेवरात चोरी कराए थे। पुलिस ने अमित को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने जेवरात चंदौसी में बेचने की बात स्वीकार की। साथ ही एक अंगूठी बहजोई में बेचे जाने और मिले रुपयों से एक कार खरीदने की जानकारी भी दी। शनिवार की शाम बजीरगंज पुलिस अमित को साथ लेकर नगर के सर्राफा स्थित सराफ की दुकान पर पहुंची। पुलिस और आरोपित के पहुंचने की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। इस दौरान सराफ और पुलिस के बीच कुछ देर नोकझोंक भी हुई। सराफ का कहना है कि उसको नहीं पता था कि जेवरात चोरी के है। सर्राफा व्यापारी ने बताया कि आरोपी अकबरपुर चितौरी निवासी युवक एक युवक कमल को लेकर आया था। युवक के साथ उसकी बहन भी थी, उसने अपने पिता को कैंसर से पीड़ित बताते हुए मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती होने पर इलाज के लिए रुपये की जरूरत होना बताया। इस दौरान युवक ने अपनी मां से भी बात कराई। उसके बाद उसने चार लाख 57 हजार रुपये में जेवरात खरीद लिए। पुलिस अब चोरी किए गए जेवरात की बरामदगी और घटना में शामिल अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है। आंवला रोड, वजीरगंज निवासी पीड़ित आलोक गुप्ता ने बताया कि उनका भतीजा आलोक उनके घर रहता है। लगभग दो माह पहले जेवरात चोरी हुए थे। जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बजीरगंज कस्बा चौकी प्रभारी पवन भारद्वाज ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में जेवरात चंदौसी में बेचने की जानकारी सामने आई है। आरोपी की निशानदेही पर संबंधित स्थान पर पहुंचकर जेवरात की बरामदगी का प्रयास किया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शनिवार को एफआर इंटर कॉलेज चंदौसी में तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर प्रथम सोपान का समापन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक स्काउट गाइड के निर्धारित कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।

अंतिम दिन छात्र-छात्राओं को टेंट बनाना स्काउट सलामी, टेंट रखरखाव आदि के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशफाक भारती एडवोकेट ने किया। अलग-अलग टोलियों के स्काउट और गाइड से सलामी लेते हुए परिचय प्राप्त किया। अशफाक भारती ने अपने संवाद में अपने छात्र जीवन के स्काउट कैंपों का जिक्र करते हुए बताया कि स्काउट-गाइड समाज में निःस्वार्थ सेवा का कार्य करते हैं एवं अनुशासन की मिसाल है प्रधानाचार्य वसीम उद्दीन ने सभी स्काउट गाइड को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो कुछ भी स्काउट गाइड के प्रशिक्षण के दौरान सीखा है वह अपनी निजी जिंदगी में अपने समाज और देश की सेवा करें। स्काउट गाइड का प्रशिक्षण विभाग द्वारा नियुक्त आशीष कुमार द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के स्काउट प्रभारी वाहिद हुसैन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक हाजी शफीक मियां, हाजी अब्दुल जाहिद, मोहम्मद नाजिऱ ,शाजिया खानम, राशि त्यागी, भावना गुप्ता, जावेद आलम, मोहम्मद फैसल आदि उपस्थित रहे।



स्काउट-गाइड शिविर के समापन पर छात्राओं से जानकारी करते अतिथि।

### कला प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं पर बैठक

**चंदौसी।** श्री नारायण सेवा समिति की कला प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर शनिवार को कैंप कार्यालय पर बैठक हुई। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने परीक्षा की शुचिता, अनुशासन और गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि नगर क्षेत्र में तीन केंद्रों पर परीक्षा होगी।बैठक में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। डॉ. राजकुमार गोयल, डॉ. डीके अग्निहोत्री और मुकुंद अग्रवाल पर्यवेक्षक चुने गए। सुभाष वार्ष्णेय, डॉ. आशीष यादव और डॉ. जयशंकर दुबे को सर्व व्यवस्था प्रमुख बनाया गया। केजी गुप्ता ने सदस्यों से परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचने और प्रतियोगियों को अनुशासित रखने की अपील की।

# विदाई समारोह में भावुक हुए एसपी केके बिश्नोई

**डीएम के छलके आंसू, सजी गाड़ी को धक्का देकर दी गई विदाई**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के अन्य जनपद में स्थानांतरण होने पर पुलिस लाइन बहजोई में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई।

वक्ताओं द्वारा कहा गया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से पुलिस बल को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हुई।विदाई समारोह के दौरान अधिकारीगण एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक को स्मृति-चिह्न/पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए तथा भविष्य में भी पूर्ण निष्ठा,अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई भावुक हो गए और जिलाधिकारी ने उन्हें संभाल, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उनकी सजी हुई गाड़ी को धक्का देकर विदाई दी।समारोह सौहार्दपूर्ण एवं भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।



एसपी को विदाई समारोह में माला पहनाकर स्वागत करतें डीएम व अधिकारीगण।



पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते डीएम।

# मत्स्य विभाग की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मिलेगा अनुदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जनपद सम्भल में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य स्तरीय योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय कमेटी की बैठक शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में विकास भवन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा नवीन मोती संवर्धन योजना के तहत आए आवेदनों का गहन परीक्षण कर पात्रता पर विचार-विमर्श किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन निर्धारित मानकों एवं शासनादेश में निहित प्रावधानों के अनुसार पूरी तरह पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए।बैठक में जानकारी दी गई कि निषादराज बोट सब्सिडी योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को नाव की खरीद के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत तक अनुदान देय है। इसी प्रकार सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना के लिए 50 से 60 प्रतिशत तक तथा नवीन मोती संवर्धन योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

# तीसरे दिन भी किसानों का धरना जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शनिवार को तीसरे दिन भी किसानों का धरना जारी रहा। कुछ किसान धरना-प्रदर्शन पर 2006-07 की गन्ने की पर्ची लेकर आए जिनका अभी तक गन्ना भुगतान नहीं हुआ है जबकि उन पर पैड की मौहर लगी हुई है लेकिन किसान ने बताया कि मिल से चैक दिया था लेकिन खाते में पैसा नहीं था केवल किसानों को गुमराह किया जा रहा है।और किसानों ने दावा किया कि जो चैक दिया गया था उसके भुगतान की स्थिति जांच कराई जाए। मिल के अधिकारीयों पर धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज किया जाए ब्याज का जब तक ब्यौरा नहीं मिलेगा तब तक धरना जारी रहेगा किसान स्वंय अपना ब्याज का हिसाब मांगने गन्ना जिलाधिकारी के यहां दिन रात किसान भूखे प्यासे घर परिवार को छोड़ गन्ना जिलाधिकारी कार्यालय पर बैठे हुए हैं और जिला गन्ना अधिकारी ने बताया की केवल 3 साल का हिसाब बनाया है बाकी कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया लेकिन किसान हाई कोर्ट का हवाला देकर कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में हमें हमारे विलंबित भुगतान ब्याज का हिसाब चाहिए अगर हिसाब देने में ज्यादा आनाकानी करेंगे तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी धरने पर राजवीर सिंह, टिंकू सिंह, विकास शर्मा, जितेंद्र सिंह, जगजीत सिंह, सचिन चौधरी, धर्मवीर सिंह, शेर सिंह, गजेंद्र सिंह, रविंदर सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।



चंदौसी में जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय पर धरने पर बैठे संगठन के पदाधिकारी।

### बालाजी दरबार में हुआ शिव विवाह

**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित बालाजी धाम के श्री लड्डू वाले बालाजी दरबार में श्रावण मास के शनिवार को भव्य शिव विवाह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक उत्सव में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। अक्षय योगी ने मधुर आवाज में शिव विवाह का गुणगान कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।दरबार के महंत राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि श्रावण मास में शिव आराधना से सुख-समृद्धि मिलती है। कार्यक्रम के अंत में महाआरती के बाद विशाल भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सुमित अग्रवाल, हेमंत, राजन, सोनू, विभु, रेनू गुप्ता और ऋतु वार्ष्णेय सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से हुई महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ के विचेटा चौराहे पर झोलाछाप का निजी अस्पताल है। इस अस्पताल में शुक्रवार को इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। उसके बाद झोलाछाप वहां से फरार हो गया। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और अस्पताल को सील कर दिया ।

गांव दियौरा खास निवासी पूजा 35 वर्ष की शुक्रवार की सुबह तबीयत खराब हुई, तो परिजनों ने उसे विचेटा स्थित झोलाछाप के अस्पताल में भर्ती कर दिया। जहां उपचार से महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। थोड़ी देर हंगामा के बाद परिजन शव को घर ले आए। घटना के बाद झोलाछाप अपने अस्पताल से भाग गया। शनिवार को जब इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को हुई तो एसीएमओ डॉक्टर विश्वास अग्रवाल, तहसीलदार रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी कुढ फतेहगढ़ जितेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया। बताया जाता है कि इस अस्पताल में पहले भी उपचार के दौरान कई मौत हो चुकी हैं। इसके बावजूद अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से दोबारा संचालित हो जाता है। एसीएमओ डॉक्टर विश्वास अग्रवाल ने बताया की अस्पताल पर उपचार के दौरान महिला की मौत की जानकारी मिली थी। जब अस्पताल पहुंचे तो संचालक वहां से गायब था । वहां मौजूद एक युवक से जानकारी ली । इसके बाद अस्पताल को सील कर दिया गया है।

**निरीक्षण** गोवंश के लिए चारा, आहार और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करें : निदेशक

# पशुपालन निदेशक ने किया गौशाला निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** अपर मुख्य सचिव पशुधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के निर्देशों के क्रम में पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने शनिवार को चंदौसी के गांव कैथल मैं पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में गोवंश के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में हरा चारा, नमक, पशु आहार और चूने के पानी की उपलब्धता संतोषजनक मिली। संबंधित अभिलेख भी पूर्ण पाए गए। गोवंश के लिए भूसा पर्याप्त मात्रा में भंडारित था। गौशाला में वर्मी कम्पोस्ट तैयार किए जाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसके बाद निदेशक ने विकासखंड बहजोई के ग्राम लहरावन में एफएमडी टीकाकरण कार्य का स्थलीय सत्यापन किया। उन्होंने टीकाकरण की स्थिति और संबंधित अभिलेखों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निदेशक की अध्यक्षता में जिले के सभी उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी हुई। इसमें गौशालाओं में उपयोग होने वाले भूसे के दाम नियंत्रित रखने तथा हरा चारा और पशु आहार की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने गौशालाओं में बरसात से बचाव के लिए टीन शेड, पटंजा, सोलर पंप और मिट्टी भरान आदि अनुमन्य कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संरक्षित गोवंश को समय से हरा चारा और पशु आहार उपलब्ध कराने के साथ ही पर्याप्त छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।निदेशक ने अधिकारियों को गौशालाओं की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने तथा गोवंश के संरक्षण एवं देखभाल में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद।

### सुंदरकांड पाठ में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**चंदौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में मोहल्ला घाटलेश्वर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमित शर्मा ने पूजन कराकर किया। इसके बाद केजी शर्मा और राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंगबाण का पाठ किया। अजय सक्सेना और रमेश ग्रेवाल ने सुंदरकांड की चौपाइयों का संगीतमय वर्णन किया।इस दौरान केजी शर्मा और अजय सक्सेना के भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी। कार्यक्रम में बद्री प्रसाद, योगेंद्र, आलोक, नरेश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।

# एशियन पेंट्स पर लगा भारी जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** संभल-मकान में रंग करने के लिए पेंट्स खरीदा प्रयोग किया लेकिन पेंटस दीवारों से छूटने लगा और हल्का पड़ गया। शिकायत करने पर पेंटस निर्माता कंपनी एशियन पेंटस के प्रबंधन ने निरीक्षण कराकर मामले को टाल दिया,मामला जिला उपभोक्ता आयोग संभल पहुंचा तो आयोग ने निर्माता कंपनी व दुकानदार को दोषी मानते हुए पेंटस का मूल्य को लगवाने का खर्च व क्षतिपूर्ति अदा करने का आदेश कर दिया।

उपभोक्ता मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय के अनुसार मोहल्ला फतेहउल्लाह सराय निवासी ज़ाकिर ने अपने मकान में रंग करने के उद्देश्य से अक्टूबर 2024 मे हिंदुस्तान पेंटस व गुप्ता पेंट्स बरेली सराय संभल से एशियन पेंट्स लिमिटेड द्वारा निर्मित पेंट्स खरीदा था।उपभोक्ता ने दिए गए निर्देशानुसार मकान में पेंट्स कराया था।

लेकिन कुछ दिन बाद ही पेंट्स का रंग धुंधला होने लगा। और पपड़ी जमने लगी, विक्रेता से शिकायत की गई तो उन्होंने शीघ्र कंपनी के अधिकारियों से समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया। कंपनी के अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया लेकिन कंपनी ने उपभोक्ता की समस्या का समाधान नहीं किया। जिस पर उपभोक्ता द्वारा जिला उपभोक्ता न्यायालय में परिवाद आयोजित किया गया एशियन पेंटस लिमिटेड ने उपभोक्ता आयोग को बताया कि उपभोक्ता ने अपने मकान में पेंट्स करने हेतु कोई धन कंपनी ने नहीं दिया दो विक्रेताओं से रंग खरीदा कंपनी की कोई जिम्मेदारी नहीं हैं जबकि विक्रेताओं ने अवगत कराया कि अगर पेंटस गलत निकलता है तो जिम्मेदारी कंपनी की है अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय ने आयोग में खराब दीवारों के फोटोग्राफ्स भी आयोग में प्रस्तुत किए आयोग ने मामले में सुनवाई के पश्चात् एशियन पेंटस लिमिटेड,हिंदुस्तान पेंटस व गुप्ता पेंट्स बरेली सराय संभल को सेवाओं में कमी व लापरवाही का दोषी मानते हुए। आदेश दिया कि वे पेंटस का मूल्य 1,27,000 व उस पर 7 प्रतिशत ब्याज उपभोक्ता को अदा करे साथ पेंट्स लगाई की कीमत 2,00,000 क्षतिपूर्ति रुपए 50,000 भी अदा करने के आदेश दिए।

## गीता सार



युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥ (२८)

**भावार्थ :** इस प्रकार योग में स्थित मनुष्य निरन्तर योग अभ्यास द्वारा सभी प्रकार के पापों से मुक्त् होकर सुख-पूर्वक परब्रह्म से एक ही भाव में स्थिर रहकर दिव्य प्रेम स्वरूप परम-आनंद को प्राप्त करता है। (28)

# पाक को लगी कश्मीरी मिर्च

कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। अब यही बात अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कह दी है तो पाकिस्तान को कश्मीरी मिर्च लग गई है। गोर के बयान से पाकिस्तान में भारी बौखलाहट और राजनीतिक हलचल मच गई है। इस बयान को 'गैर-जिम्मेदाराना' करार देते हुए इस्लामाबाद ने अमेरिकी कार्यवाह



राजदूत (चार्ज डी'एफेयर्स) को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पाकिस्तान ने अमेरिका को पुराने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों की याद दिलाते हुए कहा कि यह बयान अंतरराष्ट्रीय कानूनों और अमेरिका के तथाकथित तटस्थ रुख के खिलाफ है। पाकिस्तान को ज्यादा बुरा इसलिए भी लगा क्योंकि हाल ही में उसके संबंध अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बेहतर होते दिखाई दे रहे थे, लेकिन इस बयान ने उसके कूटनीतिक एजेंडे को कमजोर कर दिया। दरअसल, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर कश्मीर के दौरे पर हैं। सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें यहां आकर महसूस हुआ कि कश्मीर वाकई जन्नत है। यहां का माहौल बड़ा ही खुशनुमा है, यहां की खूबसूरती बेमिसाल है और हर तरफ शान्ति है। कहीं कोई डर का माहौल नहीं। सर्जियो गोर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मिले, श्रीनगर में सड़कों पर आम लोगों से मिले, शिकारा पर बैठकर डल झील की सैर का लुत्फ उठाया। गोर ने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर को पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित बना दिया है, इसलिए अमेरिका जल्द ही अपने नागरिकों के लिए जारी की गई नेगेटिव ट्रेवल एडवाइजरी की समीक्षा करेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार कोई अमेरिकी राजदूत कश्मीर गया। इसलिए उनका एक-एक बयान महत्वपूर्ण है। गलवान में चीनी सेना के साथ झड़प के बाद इस इलाके में किसी विदेशी राजदूत की ये पहली यात्रा है। उनका ये दौरा कूटनीतिक नजरिये से बेहद अहम है। पाकिस्तान और चीन के लिए एक साथ स्पष्ट संदेश है। गोर ने कश्मीर के बारे में जो कहा, इसका संदेश दूर तलक जाएगा। सर्जियो गोर राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी लोगों में से एक हैं। भारत आने से पहले वो ट्रंप के व्यक्तिगत कार्यालय की देखभाल करते थे। वो राष्ट्रपति ट्रंप के बारे में खुल कर बातें करते हैं। जिस समय सर्जियो गोर भारत आए थे, तब भारत राष्ट्रपति ट्रंप के कई फैसलों और बयानों को लेकर नाराज था। ट्रंप ने भारत पर ऊंचा टैरिफ लगा दिया, वर्क वीजा पर पाबंदियां लगा दीं और पाकिस्तान को गोद में बिठा लिया। गोर के भारत आने के बाद ये सारी स्थितियां धीरे धीरे बदलने लगीं। राजनयिक कहते हैं कि सर्जियो गोर ने अमेरिकी राजदूत के रोल को पुनर्भाषित किया है, इसीलिए सर्जियो गोर का कश्मीर जाना और ये कहना कि कश्मीर सुरक्षित है और अमेरिकी सैलानियों की कश्मीर यात्रा पर जो पाबंदिया लगी हुई हैं, उसका वह फिर से आकलन करेंगे, ये बड़ी बात है।

# कश्मीर पर बदला अमेरिका का नजरिया



नरेंद्र शर्मा

“जम्मू कश्मीर भारत का अटूट व अभिन्न अंग है, इस तथ्य के लिए भारत को किसी भी देश या व्यक्ति से पुष्टि की मोहर की आवश्यकता नहीं है। लेकिन भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के इस संदर्भ में दिए गए बयान के महत्व को अनदेखा नहीं किया जा सकता, विशेषकर इसलिए कि वह न सिर्फ दुर्लभ है बल्कि ऐसे समय में आया है, जब ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका का झुकाव पाकिस्तान की ओर अधिक प्रतीत होने लगा था। यही नहीं वाशिंगटन ने मक्का समझौते पर भी अपनी सहमति व्यक्त की है, जिसमें पाकिस्तान के अतिरिक्त सऊदी अरब व तुर्की शामिल हैं तथा बांग्लादेश आदि ने भी इसका हिस्सा बनने में अपनी इच्छा व्यक्त की है। गौरतलब है कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद अमेरिकी राजदूत की पहली स्वयं संचालित (स्टैंड अलोन) जम्मू कश्मीर यात्रा के दौरान गोर ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह के साथ श्रीनगर में संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि केंद्र शासित प्रदेश भारत का 'महत्वपूर्ण हिस्सा है' और अविश्वसनीय तौरपर सुंदर है।”

गोर ने यह भी कहा कि वाशिंगटन अपनी 'जम्मू कश्मीर की यात्रा न करें' संबंधी उच्च चेतावनी को कम करने पर भी विचार करेगा। गोर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के बहुत करीबी हैं और इसलिए ही उन्हें भारत में राजदूत बनाकर भेजा गया था। वह अगस्त 2025 से अमेरिका के दक्षिण व मध्य एशिया के मामलों के विशेष दूत भी हैं। इससे पहले वह जनवरी से अक्टूबर 2025 तक वाइट हाउस के राष्ट्रपति कार्मिक कार्यालय के निदेशक थे। नई दिल्ली का मानना है कि गोर के बयान से न केवल भारत की प्रभुसत्ता व क्षेत्रीय अखंडता की पुष्टि होती है बल्कि 2018 के बाद भारत ने जो आतंक-रोधी योजना व प्रशासनिक सुधार लागू किए हैं, उनको भी मंजूरी मिलती है। लद्दाख की यात्रा करते हुए गोर ने कहा, “अमेरिका (अशांत क्षेत्रों के संदर्भ में अपने नागरिकों को) अक्सर यात्रा चेतावनी जारी करता है, जिनका पुनः मूल्यांकन भी किया जाता है। मैं यहां कोई बड़ी घोषणा नहीं कर सकता, लेकिन इस विषय का संज्ञान हम अवश्य लेंगे। नई दिल्ली, यहां के मुख्यमंत्री, यहां की सरकार ने, हमारा मानना है कि कुछ अविश्वसनीय कदम इस क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए उठाये हैं।” गोर की यह टिप्पणी निश्चित रूप से अन्य पश्चिमी देशों को प्रेरित कर सकती है कि वह अपनी 'ट्रेवल एडवाइजरी' का पुनः मूल्यांकन करें। अगर ऐसा होता है तो जम्मू कश्मीर व लद्दाख में विदेशी पर्यटकों की आमद में वृद्धि हो सकती है, गोर के शब्दों में 'वह यहां की सुंदरता और जो अवसर उपलब्ध हैं, उन्हें देख सकते हैं'। गोर ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वाशिंगटन अपनी 'ट्रेवल वार्निंग' को डाउनग्रेड करने पर विचार कर सकता है। अमेरिका की फिलहाल जम्मू कश्मीर के लिए लेवल-4 ट्रेवल वार्निंग है। इस ट्रेवल एडवाइजरी को कम करने के लिए अमेरिकी प्रशासन कुछ चीजों को देखता है, जैसे आतंक की घटनाओं में निरंतर कमी आना, दीर्घकालीन राजनीतिक स्थिरता, विदेशी नागरिकों के लिए घूमने फिरने में आसानी और आपातस्थिति में दूतावास तक भरोसेमंद पहुंच। बहरहाल, श्रीनगर में गोर और उमर अब्दुल्लाह ने जम्मू कश्मीर पर विशिष्ट फोकस रखते हुए नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच संबंधों पर चर्चा की। इसके बाद ही गोर ने 'जम्मू कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा' बताया। इस बयान के महत्व को अनदेखा करना भारी भूल होगी। भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि जम्मू कश्मीर उसका अटूट हिस्सा है। गोर का बयान न सिर्फ भारत के इस दृष्टिकोण की पुष्टि करता है बल्कि इस संदर्भ में वाशिंगटन के बदले हुए नजरिये को भी जाहिर करता है। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका जम्मू कश्मीर पर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्ता के पक्ष में था और ट्रंप ने स्वयं बीच में पड़कर इस मुद्दे को सुलझाने की बात कही थी। लेकिन अब वाशिंगटन जमीनी हक़ीक़त को देखते हुए एक तरह से 'स्वीकार' कर रहा है कि मध्यस्ता की कोई आवश्यकता नहीं है, 'जम्मू कश्मीर भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा है'। जाहिर है अमेरिका के बदलते दृष्टिकोण के कारण इस्लामाबाद व वाशिंगटन के रिश्तों में गहरी दरारें दिखायी देने लगी हैं, जो अभी तक तेहरान-वाशिंगटन वार्ता में पाकिस्तान की भूमिका व मक्का समझौते के कारण मजबूत दिखाई दे रही थी। इसलिए इस्लामाबाद ने गोर के बयान व उनकी जम्मू कश्मीर यात्रा पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है और गोर के बयान को 'ग़ैर-जिम्मेदारान व तथ्यों के विपरीत' बताते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज की है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि गोर द्वारा 'जम्मू कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा' बताने से पाकिस्तान की इस विषय पर अंतर्राष्ट्रीय वकालत की हवा निकल गई है। इस मामले में उसका दृष्टिकोण व पक्ष बहुत कमजोर हुआ है, जोकि होना भी चाहिए था क्योंकि जम्मू कश्मीर भारत का अटूट हिस्सा है और जो पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) है, वह भी भारत का ही हिस्सा है। इसलिए बात तो यह होनी चाहिए कि पाकिस्तान व चीन ने जो अवैध रूप से कश्मीर के हिस्से कब्जाये हुए हैं वह भारत को अविलंब वापस किए जाएं। हालांकि जम्मू कश्मीर के स्थानीय राजनीतिक दलों ने गोर के बयान का स्वागत यह कहते हुए किया है कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता को बल मिलेगा और अलगाववादी नजरिये की हवा निकल जाएगी, लेकिन एक दृष्टिकोण यह भी है कि जम्मू कश्मीर पर किसी विदेशी राजदूत की पुष्टि की मोहर की आवश्यकता है ही नहीं, यह केंद्र शासित प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा था, है और रहेगा। इस नजरिये को रखने वाले लोगों का कहना है कि गोर की टिप्पणी को अधिक गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। बहरहाल, अगर गौर से देखा जाए तो गोर का बयान वाशिंगटन व इस्लामाबाद के बीच उत्पन्न हो रहे तनाव को अधिक उजागर करता है। ट्रंप को उम्मीद थी कि इस्लामाबाद तेहरान से ऐसा समझौता कराने में सहयोग करेगा जो वाशिंगटन के पक्ष में हो और जिसे ट्रंप नवंबर के चुनावों में अपनी जीत के तौरपर प्रचारित कर सकें। लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। हर मामले में ट्रंप को ही अभी तक मुंह की खानी पड़ी है। इसलिए ट्रंप पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख आसिम मुनीर से खासे नाराज दिखाई दे रहे हैं। गोर के बयान को पाकिस्तान पर दबाव डालने की दृष्टि से भी देखा जा सकता है। वैसे डिप्लोमेसी शब्दों का खेल है। और कश्मीर के किसी भी ऑब्जेक्टिव छात्र से यह बात छुपी नहीं रह सकती कि अमेरिका का कश्मीर को लेकर नजरिया बदल रहा है।



इमेज

## श्रीरामचरितमानस



लगे कहन हरि कथा रसाला।
दच्छ प्रजेस भए तेहि काला॥
देखा बिधि बिचारि सब लायक।
दच्छहि कीन्ह प्रजापति नायक॥

**भावार्थ:** शिवजी भगवान हरि की रसमयी कथाएं कहने लगे। उसी समय दक्ष प्रजापति हुए। ब्रह्माजी ने सब प्रकार से योग्य देख-समझकर दक्ष को प्रजापतियों का नायक बना दिया॥

## फन विद फिजिक्स

# एलुमीनियम कैन क्रश क्यों हुआ?

निकहत कुंवर

बच्चो! आज मैं एक प्रयोग द्वारा आपको एयर प्रेशर (हवा का दवाव) और टेंपरेचर चेंज (तापमान में परिवर्तन) के बारे में समझाती हूं। इस प्रयोग के लिए हमें चाहिए होगा एक खाली एलुमीनियम कैन, जैसे सॉफ्ट ड्रिंक वाला कैन, पानी, गर्म करने के लिए स्टोव बर्नर, चिमटा और एक कटोरा जिसमें बर्फ जितना ठंडा पानी भरा हुआ हो। सबसे पहले एक कटोरे में बर्फ और पानी भर दो। इसके बाद दो चम्मच पानी खाली एलुमीनियम कैन के अंदर डाल दो। अब इस कैन को जलते हुए स्टोव बर्नर पर उस समय तक रखो जब तक उसके अंदर का पानी भाप में तब्दील न हो जाए। कैन को आग पर से हटाने के लिए चिमटे का प्रयोग करें और उसे तुरंत उलटा करके ठंडे पानी वाले कटोरे में डाल दें।

ज़ोर की आवाज़ हुई और कैन क्रश हो गया, जैसे उसे किसी ने भीच दिया हो। दरअसल, जब कैन को गर्म किया गया तो उसके अंदर जो थोड़ा सा पानी था वह भाप में बदल गया यानी गैस में। गैस के मोलिक्यूल फैल गए और उन्होंने पूरे कैन को भर दिया, हवा को बाहर धकेलते हुए। दूसरे शब्दों में इस चरण में लिक्विड गैस में परिवर्तित हो गई।

जब कैन को जल्दी से ठंडे पानी में डाला गया तो उसके अंदर की भाप फिर से लिक्विड यानी पानी में बदल गई। इस अचानक बदलाव के कारण कैन के अंदर के गैस



मोलिक्यूलों की संख्या कम हो गई और कैन के अंदर का एयर प्रेशर कम हो गया।

चूंकि अब कैन के बाहर का एयर प्रेशर बहुत अधिक हो गया, कैन के अंदर के एयर प्रेशर की तुलना में, इसलिए कैन पर जबरदस्त दबाव पड़ा। वह क्रश हो गया यानी अंदर की ओर धंस गया।

क्रश कैन प्रयोग बहुत ही सरल तरीका है एयर प्रेशर व तापमान परिवर्तन को समझने के लिए। कहने का अर्थ यह है कि जब थोड़े से पानी से भरे गर्म कैन को जल्दी से ठंडे पानी में उलटा ठूंसा जाता है तो अचानक ठंडा होने की वजह से भाप बने पानी के कण कंडेंस कर जाते हैं, वैक्यूम बनाते हुए। फिर जबरदस्त बाहरी एयर प्रेशर कैन को क्रश कर देता है। कंडेंस का अर्थ होता है भाप आदि का द्रव में बदलना, जैसे ठंडी सतह पर भाप पानी की बूंदों के रूप में संघनित होती है।

**नोट-** बच्चे इस प्रयोग को करते समय अपने बड़ों की मदद लें क्योंकि आग से सुरक्षित रहना आवश्यक है।

(युवा लेखिका की विज्ञान विषयों में गहरी रुचि है)

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

## तिथि विशेष

# विश्व प्लांट मिल्क दिवस

हर वर्ष 22 अगस्त को विश्व प्लांट मिल्क दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पौधों से प्राप्त दूध के विकल्पों के प्रति लोगों को जागरूक करना और खान-पान में उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी बढ़ाना है। प्लांट मिल्क यानी पौधों से तैयार दूध, पारंपरिक पशु-आधारित दूध का एक विकल्प है। सोया,



बादाम, ओट्स, नारियल, चावल और मटर जैसे पौधों से इसे तैयार किया जाता है। प्लांट मिल्क की लोकप्रियता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। इसके पीछे कई कारण हैं। कुछ लोग पशु-आधारित खाद्य पदार्थों से दूरी बनाना चाहते हैं, तो कुछ लोग पर्यावरण और पशु कल्याण से जुड़े पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पौधों से बने विकल्प चुनते हैं। इसके अलावा, बाजार में अलग-अलग स्वाद और पोषण संबंधी जरूरतों के अनुसार कई प्रकार के प्लांट मिल्क उपलब्ध हैं। प्लांट मिल्क की एक खासियत यह है कि इसके कई प्रकार में कैल्शियम, विटामिन डी, विटामिन बी12 और अन्य पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। हालांकि सभी प्लांट मिल्क एक जैसे नहीं होते। उदाहरण के लिए, सोया मिल्क में अपेक्षाकृत अधिक प्रोटीन पाया जाता है, जबकि बादाम और ओट मिल्क की पोषण संरचना अलग होती है। इसलिए खरीदते समय लेबल पर प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और अतिरिक्त चीनी की मात्रा देखना जरूरी है। पर्यावरण की दृष्टि से भी पौधों पर आधारित पेय चर्चा में रहते हैं। इनके उत्पादन का पर्यावरणीय प्रभाव इस्तेमाल होने वाली फसल, पानी, भूमि, ऊर्जा और उत्पादन प्रक्रिया पर निर्भर करता है। इसलिए केवल किसी उत्पाद को 'प्लांट-बेस्ड' देखकर उसे स्वतः अधिक स्वास्थ्यवर्धक या पर्यावरण के लिए बेहतर मान लेना उचित नहीं है।

## वेदों से धार्मिक विधान तक

# रक्षा-सूत्र की समृद्ध परंपरा..!!

आर. सी. शर्मा

“रक्षाबंधन आते ही आंखों के सामने भाई की कलाई पर बंधी रंग-बिरंगी राखी, बहन की आरती और मिठाई की तस्वीर उभरती है। लेकिन भारतीय धार्मिक परंपरा में 'रक्षा' का विचार केवल भाई-बहन के रिश्ते तक ही सीमित नहीं रहा। राखी के रूप में दिखाई देने वाला यह धागा दरअसल एक बहुत पुराने धार्मिक प्रतीक रक्षा-सूत्र की आधुनिक अभिव्यक्ति है। इसकी मूल भावना किसी प्रिय व्यक्ति के लिए मंगलकामना, उसकी सुरक्षा और धर्म के प्रति उसके संकल्प से जुड़ी रही है। श्रावण मास की शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाने वाले यह पर्व रक्षाबंधन इसी व्यापक धार्मिक परंपरा का आधुनिक और लोकप्रिय रूप है। इस दिन बहन-भाई की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधती है और उसके सुख, स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना करती है। बदले में भाई उसकी रक्षा का संकल्प लेता है। लेकिन धार्मिक दृष्टि से देखें तो इस छोटे से अनुष्ठान में केवल पारिवारिक स्नेह भर नहीं बल्कि संकल्प, कर्तव्य और कल्याण की भावना भी छिपी है।”

भारतीय धार्मिक संस्कारों में किसी कलाई पर सूत्र बांधने की यह बहुत पुरानी वैदिक और उत्तर वैदिक युगीन परंपरा है। इसका संबंध श्रावणी या उपाकर्म जैसी वैदिक परंपराओं से भी रहा है। इस दिन अध्ययन, आत्मशुद्धि और जीवनमूल्यों के पुनस्मरण से जुड़े अनुष्ठानों की परंपरा रही है। यही कारण है कि रक्षाबंधन का धार्मिक आधार रक्षा की वैदिक अवधारणा से जुड़ा है, जिसमें मनुष्य किसी व्यक्ति, परिवार, समाज और अपने धर्म संकल्प के प्रति जिम्मेदारी स्वीकार करता है। 'रक्षा' का अर्थ सिर्फ सुरक्षा नहीं होता। 'रक्षा' शब्द का सामान्यतः अर्थ खतरे से बचाने का होता है, लेकिन धार्मिक संदर्भ में इसका बहुत व्यापक अर्थ है। धार्मिक परंपरा में रक्षा का मतलब केवल बाहरी संकट से बचाना ही नहीं होता बल्कि उसके कल्याण, दीर्घायु, सद्बुद्धि और धर्मनिष्ठ जीवन की कामना भी रक्षा है। इसलिए संस्कृत के इस प्रसिद्ध मंत्र में महाबली राजा बलि को संबोधित करते हुए कहा गया है-

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।
तेन त्वामपि बद्धनामि रक्षे मा चल मा चल।।

जिस रक्षा-सूत्र से महाबली राजा बलि बांधे गए थे, उसी रक्षा से मैं तुम्हें बांधती हूं; हे रक्षा, तुम अडिग रहो। इस मंत्र का महत्व केवल इतना नहीं है कि इसे राखी बांधते समय बोला जाता है। इसमें आया 'मा चल' अर्थात विचलित न होना, का भाव विशेष ध्यान देने योग्य है। इस दृष्टि से राखी किसी कलाई को बांधने से ज्यादा मनुष्य को उसके



कर्तव्य से बांधने का प्रतीक बन जाती है। रक्षाबंधन की धार्मिक परंपरा में राजा बलि से जुड़ी कथा बहुत महत्वपूर्ण है। इसके मुताबिक भगवान विष्णु राजा बलि के पास वामन का रूप धरकर जाते हैं और जब राजा बलि उन्हें कुछ भी मांगने के लिए कहते हैं तो वामन रूपी विष्णु उनसे तीन पग भूमि मांगते हैं, तब राजा बलि उनसे भूमि नाप लेने के लिए कहते हैं, इस पर वामन रूप धारण किए भगवान विष्णु पहले पग में पूरी पृथ्वी और दूसरे पग में आकाश नाप लेते हैं। अब तीसरे पग के लिए कोई जमीन नहीं बचती, इस पर राजा बलि अपना सिर आगे कर देते हैं। भगवान विष्णु इस दानशीलता से प्रसन्न होकर उन्हें पाताल लोक का अधिकार देते हैं। लेकिन राजा बलि कहते हैं उन्हें पाताल लोक का अधिकार तभी स्वीकार होगा, जब विष्णु उनके द्वारपाल के रूप में रहेंगे। इस पर विष्णु उनके राज के द्वारपाल बनने को तैयार हो जाते हैं। लेकिन इससे देवी लक्ष्मी अत्यंत चिंतित होती हैं और वह ब्रह्मणी के वेष में राजा बलि के पास पहुंचती हैं और जब बलि उनके आने और उनके दुख का कारण पूछते हैं, तो ब्रह्मणी वेषधारी लक्ष्मी जी कहती हैं, उनका कोई भाई नहीं है अतः वह उन्हें अपना धर्म भाई बनाना चाहती हैं। इस पर राजा बलि उनके धर्म भाई बन जाते हैं। धर्म भाई बनने के बाद ब्रह्मणी राजा बलि की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधती है और जब राजा बलि उन्हें उपहार मांगने को कहते हैं, तब देवी लक्ष्मी अपना वास्तविक परिचय देती हैं और अपने पति को वापस बैकुंठलोक ले जाने का उपहार मांगती हैं। इसे राजा बलि स्वीकार कर लेते हैं। रक्षाबंधन के त्योहार का यह पौराणिक और सांस्कृतिक संदर्भ है, जिससे पता चलता है कि राखी केवल रक्षा मांगने का धागा नहीं बल्कि संबंध और वचन निभाने का बंधन है। राजा बलि ने लक्ष्मी को बहन माना, इसलिए रक्षा-सूत्र के सम्मान में उनके आग्रह को स्वीकार किया। इस तरह देखें तो रक्षाबंधन का मूल भाव केवल 'भाई मेरी रक्षा करेगा' तक ही सीमित नहीं है। इसके भीतर 'हम एक दूसरे के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं' जैसी व्यापक भावना मौजूद है।

इसलिए राखी का मूल उसके रेशम, रंग या सजावट में नहीं बल्कि उसका वास्तविक धार्मिक मूल्य उस भावना में है, जिसके साथ उसे बांधा जाता है। आज बाजार में अनेक प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं, लेकिन धार्मिक दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण वही पुराना भाव है, जिसमें संबंध को पवित्र मानना और उसके प्रति जिम्मेदारी को स्वीकारना है। शायद इसकी मूल भावना के कारण ही सदियों बाद भी राखी का धागा, आज भी उतना ही अर्थवान है।

इमेज

## वायरल

# 'घर सिर्फ सोने आता हूं' 35 हजार की सैलरी और 6 घंटे का सफर



मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है, लेकिन सपने पूरा करने की कीमत हर दिन लाखों लोग अपनी सेहत, सुकून और समय से चुकाते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक कर्मचारी ने अपनी आपबीती साझा की। 35,000 की तनख्वाह पाने वाला यह शख्स हर दिन बदलापुर से गोरेगांव के बीच 6 घंटे सिर्फ सफर में बिताता है। कर्मचारी ने बताया कि उसकी दिनचर्या सुबह 5 बजे शुरू होती है। 6:30 बजे घर से निकलकर वह बदलापुर स्टेशन पहुंचता है, जहां से 7:15 की लोकल ट्रेन पकड़कर दादर जाता है। फिर वेस्टर्न लाइन बदलकर गोरेगांव पहुंचता है और वहां शेयर ऑटो की 30 मिनट लंबी कतार में खड़ा रहता है। रात 11 बजे घर लौटने के बाद उसके पास केवल सोने का समय बचता है। ऑफिस के पास रहने के सवाल पर उसने अपनी आर्थिक मजबूरी बयां की। 35,000 रुपए में गोरेगांव या आसपास के इलाकों में पीजी लेना काफी महंगा है।




## X का एक्सरे

जब तक घुसपैठ पर पूरी तरह रोक नहीं लगती, तब तक पश्चिम बंगाल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। घुसपैठ रुकना जरूरी है, क्योंकि इसके बिना न तो पश्चिम बंगाल सुरक्षित होगा और न ही उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक और सीमाई सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।



अमित शाह

संसद में मोदी सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार थी लेकिन राहुल गांधी चर्चा से भाग खड़े हुए। उनको संसद के पटल पर जवाब देने की हिम्मत नहीं है, इसलिए सड़क पर तमाशा कर रहे हैं। देश न्यायिक प्रक्रियाओं से चलता है, ऐसे हठयोग से नहीं। राहुल गांधी को जनता को जवाब देना होगा।



जेपी नड्डा

मैं उनसे अपील करता हूं कि वे तुरंत फाइलें खोलें और अगर भ्रष्टाचार के ठोस सबूत हैं तो कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री फाइलें जारी करने में क्यों हिचकिचा रहे हैं? क्या वह तारीख तय करने के लिए अपने ज्योतिषी का इंतजार कर रहे हैं? अब आप मुख्यमंत्री हैं, फिल्मों की तरह जोरदार डायलॉन न बोलें।



उदयनिधि स्टालिन

मेरा मानना है कि कई धार्मिक लोग एक ही ईश्वर में विश्वास करते हैं। 'वंदे मातरम' में एक पद है, जिसमें कई देवताओं का जिक्र किया गया है, जो लोग एक ही धर्म को मानते हैं उनके लिए 'वन्दे काली, वन्दे दुर्गा' कहना मुश्किल है। इसलिए, अगर हम भारत के सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलें, तो शुरुआती दो पद बहुत अच्छे हैं।



शर्मिला टैगोर

## एक नजर

### कमर्शियल वाहनों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में ओला, उबर, रेड बस और इन ड्राइव जैसे एप आधारित कमर्शियल यात्री वाहनों का परिवहन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 2026 के तहत यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नए नियमों के अनुसार, अब 12 वर्ष तक पुराने वाहनों का पंजीकरण हो सकेगा, जबकि पहले यह सीमा 8 वर्ष थी।सुरक्षा के लिहाज से इन सभी वाहनों में पैनिक बटन और व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाना जरूरी होगा, जिससे परिवहन विभाग इनकी नियमित निगरानी कर सकेगा। लखनऊ में वर्तमान में ऐसे 10,000 से अधिक वाहन संचालित हैं। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि इस डिजिटल पंजीकरण से वाहनों का वास्तविक लेखा-जोखा उपलब्ध होगा, जिससे यात्रियों का आवागमन सुरक्षित और सुगम बनेगा। यह व्यवस्था जल्द ही पूरी तरह लागू होगी।

### चीनी की जमाखोरी पर योगी सख्त, एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए योगी सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि कोई भी कारोबारी 30 दिन से अधिक चीनी का भंडारण नहीं करेगा। एक समय में 400 टन से अधिक स्टॉक रखने वाले डीलरों पर एस्मा ( ESMA ) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में 179 .38 लाख क्विंटल चीनी उपलब्ध है ।त्योहारी सीजन से पहले खुदरा बाजार में चीनी की कीमतें 48 .18 रुपये से बढ़कर 65 से 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। एक महीने में करीब 17 रुपये प्रति किलो की इस भारी बढ़ोतरी से चिंतित सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए तीन स्तरों पर काम कर रही है ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# गठबंधन नहीं टूटेगा, मुख्य लड़ाई बीजेपी से



लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी गठबंधन नहीं तोड़ेगी और उसकी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ है। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर बड़े कारोबारी समूहों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। सपा 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नीत गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का हिस्सा थी। सपा और कांग्रेस के नेता लगातार यह दोहरा रहे हैं कि दोनों दल 2027 में होने वाला उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। यादव ने सपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा, "समाजवादी पार्टी कभी गठबंधन नहीं तोड़ती। जब समाजवादी पार्टी किसी के साथ आगे बढ़ती है तो उसके साथ खड़ी रहती है और समाजवादियों ने हमेशा अपने वादे निभाए हैं।" उन्होंने कहा कि सपा का लक्ष्य समाजवादी विचारधारा और पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) आंदोलन के माध्यम से सामाजिक न्याय पर आधारित सरकार बनाना है। यादव ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, "वे पीडीए से डरे हुए हैं और इसलिए पीडीए की परिभाषाएं बदल रहे हैं। तकलीफ जितनी बढ़ेगी, पीडीए उतना ही मजबूत होगा।" पूर्व मुख्यमंत्री ने महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि त्योहारों के नजदीक आने के साथ जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, "आज हर चीज महंगी हो रही है, डीजल, पेट्रोल और अन्य सभी सामान महंगे हो रहे हैं।" यादव ने सरकार से सवाल किया कि चीनी की कीमतें क्यों बढ़ रही हैं। उन्होंने एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए कहा, "वे मुनाफे के लिए पेट्रोल में एथनॉल मिला रहे हैं और मुनाफे के लिए चीनी महंगी कर रहे हैं। सवाल यह है कि यह पैसा किसकी जेब में जा रहा है?" यादव ने प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के सरकार के दावे पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अब भी करीब 15 करोड़ लोगों को सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है और पूछा, "उन 15 करोड़ गरीब लोगों की प्रति व्यक्ति आय क्या है?" यादव ने सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे की प्रस्तावित व्यवस्था पर कहा कि सपा चाहती है कि उसके सहयोगियों को अधिक सीट मिलें। उन्होंने कहा कि सहयोगियों को पहले के मुकाबले चार गुना अधिक सीट दी जानी चाहिए। सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर बड़े पैमाने पर अन्याय और विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। यादव ने महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता योजनाओं को लेकर कहा कि सपा पहले ही 40 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा कर चुकी थी और अब भाजपा भी इसी तरह के वादे कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अब सच बोलना मुश्किल हो गया है और पत्रकार दबाव में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "आजकल सच बोलना गलत माना जाता है। अगर आप सच बोलेंगे तो आप पर हमला होगा। आज सच बोलना मुश्किल हो गया है।" यादव ने पार्टी के सांसदों के अलग होने की खबरों पर कहा कि परिवारवाद कभी-कभी पार्टी के लिए फायदेमंद भी हो सकता है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के सांसदों में एक ही परिवार के कई सदस्यों की मौजूदगी का उदाहरण देते हुए कहा, "क्या आपने कभी सोचा है कि पूरी पार्टी क्यों नहीं टूटी? क्योंकि एक ही परिवार के पांच सांसद थे। हमारे पास कई मुस्लिम सांसद और कुछ पक्के समाजवादी भी थे, इसलिए संख्या नहीं बढ़ सकी।" सपा प्रमुख ने कहा, "कभी-कभी परिवारवाद के भी अपने फायदे होते हैं। मैं आपको यह भी बता रहा हूं।" यादव ने उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति को लेकर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछड़े समुदायों के बच्चों की संख्या सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अधिक है और सपा सरकार बनने पर इनकी स्थिति सुधारने के साथ बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

### प्रदूषण पर योगी सख्त पराली प्रबंधन के निर्देश

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनसीआर क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में वायु गुणवत्ता में सुधार के उपायों की समीक्षा की गई और सभी को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध संसाधनों और कृषि मशीनरी की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिए बेलर और अन्य जरूरी मशीनों की व्यवस्था तुरंत की जाए। मशीनरी की कमी दूर करने के लिए लंबित टेंडर प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के आदेश दिए गए हैं। खेत स्तर पर निगरानी बढ़ाने और किसानों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

## आगामी त्योहारों के मध्ये नजर मिलावट खोरों से रहें सचेत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- दूध खरीद के साथ ही कई बार होता है परीक्षण : अध्यक्ष प्रभा रावत
- गुणवत्ता की विश्वसनीयता से आंचल के उत्पादों की बिक्री में इजाफा : प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता



विश्वसनीयता के प्रतिक दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रोडक्ट। -जागरण मोर्चा

खटीमा। आगामी त्योहारों के मध्ये नजर उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ द्वारा उपभोक्ताओं को दूध के शुद्ध उत्पादों की उपलब्धता का विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। दुग्ध संघ के दूध से तैयार होने वाले उत्पाद में रासायनिक दवाइयों का इस्तेमाल नहीं होता है। दूध के नमूने भी कई बार लिए जाते हैं। दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ द्वारा तैयार घी का नमूना टाटा कंपनी द्वारा अपनी लैब में सही पाया गया है। उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्षा प्रभा रावत ने बताया कि किसानों से लिए जाने वाले दूध की सैंपलिंग दुग्ध समिति द्वारा की जाती है। सभी समितियों का दूध जब दुग्ध अवशीतन केंद्र में पहुंचता है तो वहां भी इस दूध का लैब में परीक्षण किया जाता है। इसी दूध से दही, छाछ, घी, पनीर तथा खोया, छेना, खीर आदि उत्पाद तैयार किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि कोऑपरेटिव क्षेत्र में तैयार होने वाले दुग्ध उत्पादों की अलग-अलग प्रकार से गुणवत्ता कायम रखने संबंधित तौर तरीके अपनाए जाते हैं। संघ अध्यक्षा रावत ने कहा कि यदि आंचल के उत्पादों में इजाफा होता है तो इसका लाभ भी क्षेत्र के उत्पादकों किसानों को मिलेगा। वर्तमान में किसानों को दुग्ध संघ द्वारा लगभग 40 रुपए प्रति किग्रा मूल्य दिया जा रहा है।उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता बताते हैं कि दुग्ध कंपनियां केमिकल युक्त दुग्ध व उसके उत्पादों की शुद्धता की समय सीमा निर्धारित करती हैं। जबकि दूध को समय पर गर्म कर उबालना नहीं जाता है तो वह खराब (फट) जाता है। दूध को लैब में परीक्षण के बाद भी दही, घी, पनीर तथा खोया (मावा) आदि उत्पादों में इस्तेमाल कर लेता है। प्रधान प्रबंधक मेहता ने उपभोक्ताओं से बाजार में उपलब्ध मिलावटी दूध के उत्पादों से प्रति सचेत रहने की अपील की है। उन्होंने दावा किया है कि उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सरकारी संघ द्वारा दूध व उससे तैयार प्रोडक्टों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रधान प्रबंधक मेहता बताते हैं कि दुग्ध संघ द्वारा किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता कर उत्पादन बढ़ाने वावत संघर्ष करता है। उत्पाद को अच्छी नस्ल के पशु एवं उसके लिए सीमन, पशु चारा पशुओं की उचित देखरेख हेतु कुशल डॉक्टरों की टीम निगरानी करती है। दुग्ध संघ द्वारा आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह दूध व उसके उत्पादों की खरीदारी करने से पूर्व एक बार उसकी गुणवत्ता पर अवश्य नजर डालें। दुग्ध संघ आंचल के उत्पादों में शुद्धता की वजह से निरंतर बिक्री में इजाफा हुआ है।



नवनियुक्त चौकी इंचार्ज का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

## नवनियुक्त चौकी इंचार्ज का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। नवनियुक्त स्त्रहमील चौकी इंचार्ज किशोर पंत के कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था, कानून का कड़ाई से पालन और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर चर्चा की। इस दौरान तरन वीर सिंह, ग्राम प्रधान राजेश राणा, पूर्व प्रधान कौशल कुशवाह पूर्व प्रधान प्रतिनिधि शमीम अख्तर अखिल भारत सिंह मझोला प्रधान पति मुकेश सक्सेना, ग्राम प्रधान ताहिर अंसारी, पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह वर्मा, बब्बन अंसारी, अय्यूब नफीस आदि मौजूद रहे।

## हल्दीघेरा में आबादी के करीब पहुंचा आठ फीट लंबा अजगर, वन विभाग का रेस्क्यू

जागरण मोर्चा कार्यालय



हल्दीघेरा में वन विभाग ने रेस्क्यू किया आठ फीट लंबा अजगर।

खटीमा। ग्राम हल्दीघेरा में शुक्रवार देर शाम आबादी के करीब विशाल अजगर सांप दिखाई देने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। अजगर को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया और बाद में उसे सुरई जंगल के घने क्षेत्र में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, हल्दीघेरा निवासी अखिल भारत सिंह पुत्र अनिल भारत सिंह के आवास के पीछे खेत में ग्रामीणों ने करीब आठ फीट लंबे अजगर को देखा। इसके बाद इसकी सूचना सुरई वन क्षेत्राधिकारी राजेंद्र सिंह मनराल को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और भीड़ के बीच सावधानीपूर्वक अजगर को रेस्क्यू किया। वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित रूप से बोरे में रखा और उसे सुरई जंगल के घने क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया। अजगर के सुरक्षित रेस्क्यू होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि आबादी या ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी वन्यजीव अथवा सांप के दिखाई देने पर घबराएं नहीं और उसे पकड़ने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीव को सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके। रेस्क्यू टीम में वन दरोगा शंकर सिंह निखुर्पा, वन वाचर विजेंद्र सिंह राणा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### चवन्नी बयान पर माफी मांगे अखिलेश : मायावती

लखनऊ (एजेंसी)। सपा-रालोद के बीच चल रही जुबानी जंग में अब बसपा सुप्रीमो मायावती की एंट्री हो गई है। मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के उस बयान की तीखी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के लिए कहा था कि 'हमने इनको चवन्नी से रुपया बना दिया है'। मायावती ने ट्वीट कर इस बयान को अमर्यादित, अशोभनीय और अति-शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि इस अहंकारी और अलोकतांत्रिक बयानबाजी के लिए सपा प्रमुख को न केवल रालोद नेता बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के परिवार और पूरे जाट समाज से अविलंब माफी मांगनी चाहिए।

## विधिक जागरूकता कैंप आयोजित, बताए कानूनी अधिकार

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

खटीमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के सचिव माननीय ममता पंत के आदेशानुसार शनिवार, 22 अगस्त को ग्रामीण क्षेत्र छिनकी में विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत सदस्य शरद सिंह राणा ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति जागरूक करना रहा। मंच का संचालन करते हुए बिमला मुडेला ने स्थायी लोक अदालत के लाभ एवं भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे-मोटे विवादों को आपसी सुलह और समझौते के आधार पर निपटाया जा सकता है। उन्होंने गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, नशे के दुष्परिणाम तथा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। आरबी सिंह राणा ने ग्रामीणों को मध्यस्थता तंत्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता ऐसी कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें अदालत के बाहर एक निष्पक्ष व्यक्ति की सहायता से दो पक्षों के बीच विवाद को आपसी सहमति और समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया जाता है। मध्यस्थता के दौरान दोनों पक्ष अपनी बात खुलकर रख सकते हैं और पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता का ध्यान रखा जाता है।उन्होंने बताया कि मध्यस्थता विवादों के त्वरित और सहज निस्तारण का प्रभावी माध्यम है, जिससे समय और धन की बचत होने के साथ-साथ आपसी रिश्तों को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। कैंप में घरेलू विवाद, सहकारी समिति से जुड़े मामले, जमीनी विवाद, लड़ाई-झगड़े, तलाक संबंधी मामले, बच्चों की कस्टडी, संपत्ति विवाद तथा मकान मालिक-किराएदार से जुड़े विवादों में मध्यस्थता की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग करने के प्रति जागरूक किया गया।विधिक जागरूकता कैंप में कुल 45 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कैंप में टीम नंबर 37 से आरबी सिंह राणा, माया देवी और नीतू राणा, टीम नंबर 40 से पिंकी राणा तथा टीम नंबर 41 से बिमला मुडेला और ठग्गो देवी मौजूद रहीं।

**विकास** खटीमा-मझोला मार्ग का लंबित कार्य होगा पूरा और चढेंगे दो लेयर : एनएच . हल्द्वानी विनोद कुमार

## 32 करोड़ से चमकेगी पीलीभीत रोड, बदलेगी सूरत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- मार्ग के बीच दो फीट डिवाइडर दोनों और साढ़े नौ मीटर डामर के बाद होगा नाली का निर्माण

खटीमा। पीलीभीत रोड़ के दिन अब बहुरेंगे। नगर पालिका सीमा के अंतर्गत यह मार्ग लगभग साढ़े तीन किमी 32 करोड़ की लागत से फोर लेन बनेगा। मार्ग के बीच दो फीट डिवाइडर के बाद साढ़े नौ मीटर दोनों तरफ टू लेन मार्ग के बाद नाली का निर्माण होगा। वर्षों से लंबित चल रहे खटीमा- मझोला मार्ग का शेष बचा लगभग एक किमी मार्ग इस बरसात के बाद डामर युक्त होगा। नगर के मुख्य चौराहे से उत्तर- प्रदेश सीमा तक इस मार्ग में दो लेयर और डाली जाएगी। एनएच हल्द्वानी के सहायक अभियंता विनोद कुमार ने पीलीभीत रोड़ के नगर पालिका सीमा क्षेत्र में प्रस्तावित फोर लाइन के संबंध में बताया कि यह कार्य 32 करोड़ की लागत से होना है। इस बजट में ऊर्जा निगम, पेयजल निगम सहित वे विभागों के कार्य होंगे जिन्हें इस मार्ग निर्माण में हटाया जाएगा। फोरलेन के बीच में दो फीट डिवाइडर के बाद दोनों तरफ साढ़े नौ मीटर रोड़ बनेंगी और दोनों तरफ नालियों का निर्माण होगा। फोरलेन के दोनों और नाली के अलावा इस मार्ग में छह पुलिया का भी निर्माण होगा। केन्द्र से स्वीकृति मिलने के बाद एनएच हल्द्वानी द्वारा टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाएगी। एनएच के सहायक अभियंता विनोद कुमार ने वर्षों से लंबी चल रहे खटीमा- मझोला मार्ग के निर्माण के संबंध में बताया कि इस मार्ग का लगभग एक किमी मार्ग का निर्माण बरसात के बाद हो सकेगा। खटीमा से मझोला तक इसके गड्ढों में तब्दील होने के सवाल पर एई कुमार ने बताया कि इस मार्ग में अभी दो लेयर और पड़नी है। इसके बाद ही खटीमा को मझोला यूपी से जोड़ने वाला मार्ग का कार्य पूरा हो सकेगा।

इधर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की इच्छा के अनुसार नगर के सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत होने लगी है। उन्होंने बताया कि नगर के मुख्य चौराहे को और चौड़ा किया जाना है। उनके साथ ही मुड़ेली चौराहे को भी बेहतर तरीके से विकसित किया जायेगा। इस चौराहे के भू-भाग को भव्य एवं आकर्षक बनाया जाएगा। सितारगंज रोड़ की दुर्दशा के सवाल पर पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि इस मार्ग का सौंदर्यीकरण विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाना है। नगर पालिका सीमा के अंतर्गत ग्राम भूड़ तक मार्ग व दोनों ओर नाली का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि कंजाबाग तिराहे का सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकरण भी इसी के साथ किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई चल रही है।

### समाजसेवी राहुल की सराहनीय पहल

खटीमा। मेलाघाट से खटीमा मुख्य मार्ग पर सूखा पुल और झनकईया पुल के पास सड़क के गड्ढों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व समाजसेवी राहुल कुमार ने अपनी टीम के साथ मिलकर भरा।

इस व्यस्त मार्ग से रोजाना हजारों राहगीरों का आवागमन होता है। बारिश में इन गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था। किसी अनहोनी को रोकने के लिए जनहित में राहुल कुमार ने टीम के साथ मिलकर यह मरम्मत कार्य किया। उन्होंने कहा कि समाज की छोटी समस्याओं को दूर करना ही सच्ची सेवा है। इस जनसेवा कार्य में अजय कुमार, मनीष, सुनील, मोनु, सचिन और हिमांशु ने अहम योगदान दिया।

## शतरंज प्रतियोगिता में ड्रैगन-पैंथर्स का दबदबा

जागरण मोर्चा कार्यालय



विजय प्रतिभागियों के साथ मौजूद विद्यालय प्रबंधन। -जागरण मोर्चा

खटीमा। विद्यालय के विंग-3 (कक्षा छह से आठ) में अंतर-हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रणनीतिक सोच, एकाग्रता और मानसिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नीरज कुमार के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता और दूरदर्शिता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में रेड ड्रैगन हाउस के नीरज सक्सेना ने प्रथम, ब्लू पैंथर्स हाउस के ध्रुव नेगी ने द्वितीय तथा येलो ईगल हाउस के देवांश राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में ब्लू पैंथर्स हाउस की आकांक्षा चंद प्रथम, येलो ईगल हाउस की गौरी श्रीवास्तव द्वितीय और रेड ड्रैगन हाउस की निर्भया राणा तृतीय रहीं। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका रंजीत मेहरा और कविता बिष्ट ने निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।







## एक नजर

### उमस भरी गर्मी में 11 घंटे ठप रही बिजली, बेहाल रहे लोग

**बीसलपुर।** उमस भरी गर्मी में बृहस्पतिवार देर रात करीब 12 बजे बिजली गुल होने से दियोरिया क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर बिजली न आने से घरों में उमस और गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल रहा। करीब 11 घंटे बाद शुक्रवार सुबह 11 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली कटौती के कारण लोगों को रातभर पंखे और कूलर के बिना गर्मी में परेशान होना पड़ा। सुबह तक बिजली नहीं आने से घरेलू कामकाज भी प्रभावित रहे। क्षेत्र में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले कुछ समय में कई बार 12 घंटे, 24 घंटे और यहां तक कि 36 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रह चुकी है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी है। जेई लक्ष्मी चंद्र ने बताया कि पकड़िया नहर के पास लगे बिजली के खंभे में इंसुलेटर खराब हो गया था।

# नई भव्यता, नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान

## विधानसभा भवन का भ्रमण कर अभिभूत हुए स्वामी प्रवक्तानंद और पीलीभीत के कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** "भव्य भवन की नई आभा, विकास की नई उड़ान, नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर, गढ़ रहा नया विधान।"

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन के विस्तारीकरण और अत्याधुनिक सौंदर्यीकरण ने राजधानी की भव्यता में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। इसी भव्य स्वरूप का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के लिए महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज पीलीभीत जनपद से लखनऊ पहुंचे कर्मठ कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा भवन पहुंचे। इस दौरान विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने विधानसभा भवन के विस्तारित और आधुनिक स्वरूप का करीब से अवलोकन किया। भवन की भव्य संरचना, आधुनिक सुविधाओं और बदले हुए स्वरूप को देखकर



लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन का भ्रमण करते महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज और पीलीभीत से पहुंचे कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। सभी ने इसे नए उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर और विकास की नई सोच का प्रतीक बताया। विधानसभा भवन के भ्रमण के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रदेश में विकास की गति के साथ-साथ संस्थागत ढांचे को भी आधुनिक और मजबूत स्वरूप दिया जा रहा है। विधानसभा भवन का नया स्वरूप उत्तर प्रदेश की बढ़ती क्षमता, आधुनिक सोच और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप किए जा रहे कार्यों को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश निरंतर विकास, सुशासन और आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐतिहासिक विधानसभा भवन के भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भव्य परिसर और आधुनिक स्वरूप को देखकर कार्यकर्ताओं ने इस बदलाव की सराहना की। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिखाई दे रही खुशी और उत्साह देखकर उनका मन भी प्रफुल्लित हो उठा। इस अवसर पर जिला मंत्री अमित कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, मंडल महामंत्री सूरज श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री विजय प्रजापति, जिला मीडिया सहप्रभारी दीपक सूर्यवंशी, प्रधान संघ अध्यक्ष रुद्रपाल गंगवार, ग्राम प्रधान दया शंकर लोधी, चंद्रपाल दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र पाल लोधी, अजय लोधी और रूप लाल प्रधान सहित अन्य कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# किसानों की आवाज लेकर प्रभारी मंत्री के दरबार पहुंचे स्वामी प्रवक्तानंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनसेवा की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने लखनऊ स्थित आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्यमंत्री एवं पीलीभीत के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख से आत्मीय भेंट की। विधायक ने प्रभारी मंत्री का कुशलक्षेम जाना और पावन श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मुलाकात के दौरान बातचीत का केंद्र क्षेत्र की समस्याएं रहीं। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किसानों, ग्राम प्रधानों और ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं आवश्यकताओं को प्रभारी मंत्री के सामने विस्तार से रखा। उन्होंने जनहित से जुड़े विषयों पर शीघ्र कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने विधायक द्वारा रखे गए



लखनऊ स्थित आवास पर प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख से भेंट करते महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज। –जागरण मोर्चा

प्रत्येक विषय को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाया। मुलाकात में क्षेत्र के विकास, ग्रामीणों की जरूरतों और किसानों से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि किसान, ग्राम प्रधान और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े किसी भी विषय को शासन तक पहुंचाने और उसके समाधान के लिए वह निरंतर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं को शासन तक पहुंचाना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ विकास और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला मंत्री अमित कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, मंडल महामंत्री सूरज श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री विजय प्रजापति, जिला मीडिया सहप्रभारी दीपक सूर्यवंशी, प्रधान संघ अध्यक्ष रुद्रपाल गंगवार, ग्राम प्रधान दया शंकर लोधी, चंद्रपाल दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष हरेंद्र पाल लोधी, अजय लोधी, रूप लाल प्रधान सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सर्प दंश से युवती की हुई मौत, परिजनों में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौखंडी में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां कमरे में सो रही एक 18 वर्षीय युवती को जहरीले सांप ने डस लिया। समय पर डॉक्टरी इलाज न मिलने और झाड़-फूंक के चक्कर में युवती की जान चली गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम चौखंडी निवासी प्रदीप कुमार की 18 वर्षीय पुत्री प्रतिज्ञा शनिवार सुबह करीब 4:00 बजे अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान कमरे में छिपे एक जहरीले सांप ने बिस्तर पर चढ़कर उसे काट लिया। सुबह जब परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला, तो प्रतिज्ञा अचेत अवस्था में मिली। सांप के काटने की भनक लगते ही परिजन आनन-फानन में युवती को डॉक्टरी इलाज के बजाय झाड़-फूंक कराने के लिए ग्राम सोनासर स्थित एक ओझा के पास ले गए। ओझा द्वारा काफी देर तक झाड़-फूंक की गई, लेकिन युवती की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और उसकी सांसें थम गईं।



मृतक का फाइल फोटो।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। युवती की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# अयोध्या कार्रवाई के विरोध में गरजे लेखपाल, तहसील में धरना-प्रदर्शन

## एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को लेखपालों ने बताया अनुचित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद अयोध्या में एक लेखपाल के विरुद्ध एंटी करप्शन टीम की ट्रैपिंग कार्रवाई के विरोध में शनिवार को पीलीभीत सदर तहसील में लेखपालों का आक्रोश खुलकर सामने आया। प्रदेशभर की तहसीलों में चल रहे विरोध-प्रदर्शन के क्रम में लेखपालों ने धरना देकर कार्रवाई के खिलाफ आवाज बुलंद की।

उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। तहसील अध्यक्ष कृष्ण मुरारी और तहसील मंत्री वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में जुटे लेखपालों ने एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए।



तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए लेखपाल। –जागरण मोर्चा

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रकरण से जुड़े कथित ऑडियो और वीडियो साक्ष्यों की भी निष्पक्षता से जांच कराई जानी चाहिए, ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें और किसी कर्मचारी के साथ अन्याय न हो। लेखपालों ने मांग की कि लोक सेवकों एवं कर्मचारियों को कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा और संरक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई से पहले तथ्यों की निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी है।

इस दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने जमकर नारेबाजी करते हुए संगठन की एकजुटता का प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पीलीभीत को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से एंटी करप्शन कार्रवाई से जुड़े कथित ऑडियो-वीडियो साक्ष्यों की जांच, निष्पक्ष कार्रवाई तथा कर्मचारियों को सुरक्षा और संरक्षण देने समेत अन्य मांगें उठाई गईं। धरना स्थल पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष मिश्रा, विनय गंगवार, लोकेश गंगवार, लोकेश कुमार, शल्य सिंह, तेज बहादुर गंगवार, सुमित मिश्रा, शिल्पी जायसवाल, पुष्पा यादव, ज्योति सिंह, पूजा सिंह, प्रभा, प्रियंका शुक्ला और दीपक सागर समेत बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन अपने साथियों के हितों और सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाता रहेगा।

# भूड़ा मगरासा में कोटेदार चयन का विवाद राज्य मंत्री तक पहुंचा



राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय में अपनी समस्याएं बताते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ललौरीखेड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भूड़ा मगरासा में कोटेदार के चयन को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार को राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय तक पहुंच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर कार्यालय पहुंचे और कोटेदार चयन प्रक्रिया को लेकर अपनी शिकायतें एवं समस्याएं राज्य मंत्री के समक्ष रखीं।

करीब दो से ढाई सौ से अधिक महिला-पुरुष ग्रामीणों ने राज्य मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करते हुए कोटेदार का चयन निष्पक्ष एवं नियमानुसार कराए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में कोटेदार के चयन को लेकर काफी समय से स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कोटेदार चयन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं होने दिया जाएगा। चयन पूरी तरह पारदर्शी और निर्धारित नियमों के अनुसार कराया जाएगा तथा किसी भी

**दो से ढाई सौ से अधिक ग्रामीण पहुंचे जनसहयोग कार्यालय, निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया का मिला भरोसा**

व्यक्ति का पक्ष नहीं लिया जाएगा।

मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री ने संबंधित खंड विकास अधिकारी से फोन पर वार्ता कर स्पष्ट निर्देश दिए कि कोटेदार चयन में किसी भी स्तर पर पक्षपात नहीं होना चाहिए। उन्होंने नियमानुसार पूरी प्रक्रिया संपन्न कराने और सभी पक्षों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा। राज्य मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि खुली बैठक में ग्रामीणों की मौजूदगी के बीच बहुमत के आधार पर कोटेदार का चयन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाएगी, ताकि किसी भी ग्रामीण को शिकायत का अवसर न मिले।

राज्य मंत्री से निष्पक्ष कार्रवाई और पारदर्शी चयन का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण संतुष्ट होकर अपने घरों को लौट गए। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अब लंबे समय से चल रहे विवाद का नियमानुसार समाधान हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट, बरखेड़ा क्षेत्र के विकास एवं जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** 128-बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत एवं उनके पुत्र नमन राजपूत ने शनिवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

भेंट के दौरान क्षेत्र की आवश्यकताओं और विकास से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। मुख्यमंत्री ने जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। किशन लाल राजपूत ने कहा



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करते पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत एवं उनके पुत्र नमन राजपूत। –जागरण मोर्चा

कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और लोक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करने के साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए नई ऊर्जा प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रदेश में विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्यों को गति देने को लेकर भी चर्चा हुई।

# पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** खमरिया पुल स्थित बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के आश्रम श्री परम अक्रिय धाम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराया गया। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्राप्त किया।

एसआरएमएस भोजीपुरा से पहुंची चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की। परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया और निःशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। शिविर में नेत्र रोगों की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का परीक्षण कर उनका पंजीकरण किया गया। पंजीकृत मरीजों के मोतियाबिंद के



स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का परीक्षण करते चिकित्सक। –जागरण मोर्चा

ऑपरेशन एसआरएमएस भोजीपुरा के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क किए जाएंगे। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें और समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लें।

शिविर में एसआरएमएस के चिकित्सक डॉ. शिवम श्रीवास्तव, डॉ. मेनका शर्मा, डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल, डॉ. दिव्यांशु सिंह, टक्कन अहमद, देवेंद्र पाल, विशाल गंगवार, मोहित गंगवार, तेजपाल और सोनी मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभासद चैतन्य गंगवार, सुनीता सिंह, विपिन गंगवार, साकेत सक्सेना, भाजपा नेता अमनदीप मिश्रा, पूर्व प्रधान बीपी सिंह, मास्टर छविनाथ, ठाकुर ओमकार सिंह, डॉ. बांकेलाल गंगवार, डॉ. दिनेश वैद्य, विपिन मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, राहुल शर्मा, दिनेश गंगवार, दीप अग्रवाल, आकाशदीप शर्मा और रोहित रॉय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** नवनियुक्त मॉनिटर्स को दिलाई गई पद एवं कर्तव्य की शपथ

# शैक्षिक सत्र 2026–2027 के लिए मॉनिटर्स की नियुक्ति एवं शपथ ग्रहण समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को शैक्षिक सत्र 2026–2027 के लिए विभिन्न कक्षाओं में नियुक्त छात्र-छात्राओं का मॉनिटर पद एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता तथा कक्षा-व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न कक्षाओं के लिए मॉनिटर्स नियुक्त किए गए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने सभी नवनियुक्त मॉनिटर्स को उनके पद एवं कर्तव्यों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मॉनिटर केवल कक्षा की व्यवस्था बनाए रखने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि अपने सहपाठियों के लिए



इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में नवनियुक्त मॉनिटर्स को शपथ दिलाते प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान एवं उपस्थित शिक्षकगण। –जागरण मोर्चा

अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व का उदाहरण भी होता है। उन्होंने सभी मॉनिटर्स को पूरी निष्ठा, ईमानदारी, विनम्रता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में कक्षा-वार नियुक्त मॉनिटर्स में कक्षा I में ओवैस एवं ज़ूबिया, कक्षा II में साजिद एवं मावरा, कक्षा III में ज़िया एवं हरमीन, कक्षा IV में देव एवं आयशा, कक्षा V में हमदा एवं अलीशा, कक्षा VI में अदीबा एवं मिमज़ा, कक्षा VII में मुबाशिरा एवं एरा, कक्षा VIII में रिदा एवं शगुफ्ता, कक्षा IX में काशिफा एवं इफरा, कक्षा X में हलीमा सादिया एवं बुशरा अंसारी, कक्षा XI में फिरदौस एवं अलीना तथा कक्षा XII में इफरा बी एवं हानिया उस्मानी को मॉनिटर का दायित्व सौंपा गया। विद्यालय प्रशासन ने नवनियुक्त मॉनिटर्स को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने कर्तव्यों का अनुशासनपूर्वक पालन करेंगे और कक्षाओं में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही, विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और विद्यालय की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता का अवसर भी मिलेगा। समारोह में वसीमुद्दीन खान, अफसर अहमद, नाज़िर हुसैन, रज़ी, सक्सेना, मधु सक्सेना, मेहविश खान, आरिफा, तस्लीम ताजवर, शबाना खान, रेशमा खान, गुफिशा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी नवनियुक्त मॉनिटर्स को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर बैंक सखियों ने राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहीं बैंक सखियों ने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत बैंक सखियां जनसहयोग कार्यालय पहुंचीं और अपनी समस्याओं से राज्य मंत्री को अवगत कराते हुए वर्तमान मानदेय में बढ़ोतरी की मांग रखी।

बैंक सखियों ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने, बैंकिंग लेनदेन में सहयोग करने और विभिन्न वित्तीय सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में



राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को ज्ञापन सौंपतीं बैंक सखियां। –जागरण मोर्चा

उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ उनके कार्य और दायित्व भी लगातार बढ़े हैं।

बैंक सखियों के अनुसार वर्तमान में उन्हें चार हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा महंगाई और कार्य की प्रकृति को देखते हुए यह राशि पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार से मानदेय बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग की।

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने बैंक सखियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका ज्ञापन प्राप्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी मांग को शासन के समक्ष रखा जाएगा और मानदेय बढ़ाने के संबंध में शासन स्तर पर उचित प्रयास किए जाएंगे।

बैंक सखियों ने कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही हैं। उनका कहना था कि मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि होने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और वे पहले से अधिक उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगी। ज्ञापन देने वालों में रिचा, सुनीता, लाजवंती, रामलली, आरती देवी, निर्मला देवी और पिंकी सहित जिले के सभी सात विकासखंड क्षेत्रों में कार्यरत बैंक सखियां शामिल रहीं। बैंक सखियों ने उम्मीद जताई कि राज्य मंत्री के हस्तक्षेप से उनकी मांग शासन स्तर तक पहुंचेगी और जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

## एक नजर

### मेला देखने गई किशोरी लापता, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**पूरनपुर।** मेला देखने गई किशोरी लापता हो गई ।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक ने बताया कि 19 अगस्त को गांव में मेला लगा था। उसके परिवार के लोग पहले से ही मेला देखने गए थे। इसी दौरान उसकी नाबालिग पुत्री भी मेला देखने के लिए गई। लेकिन देर शाम तक वह वापस नही घर लौटी। जिससे परिवार में खलवली मच गई। किशोरी के परिजनों ने काफी खोजवीन की, लेकिन कोई पता नही चल सका। परिवार ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की तहरीर घुंघचाई पुलिस को तहरीर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही किशोरी को वरामद कर लिया जाएगा।

# शराबी पिता ने बहस के बाद बेटी को सिर में मारी गोली, हुई मौत

## पुलिस ने हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रमपुरा नौगवां में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहाँ शराब के नशे में धुत पिता ने मामूली कहासुनी के बाद अपनी 20 वर्षीय पुत्री की अवैध तमंचे से सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद कर लिया है। घटना 21 अगस्त की शाम करीब 6:10 बजे की है।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा खड़ा हत्यारोपी अजय पाल। -जागरण मोर्चा

पुलिस के अनुसार, बीसलपुर के ग्राम रमपुरा नौगवां उर्फ नगरिया फतेहपुर निवासी अजयपाल (45) शराब के नशे में घर पहुँचा था। उसकी बेटी अंशिका (20 वर्ष), जो बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी, उससे किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बेटी द्वारा दिए गए जवाब से गुस्साए अजयपाल ने पास में रखा अवैध तमंचा निकाला और अंशिका के सिर में गोली मार दी। मौके पर ही अंशिका की मौत हो गई, जिसके बाद आरोपी पिता फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बीसलपुर पुलिस ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया।

मृतका की माँ श्वेता देवी की तहरीर पर बीसलपुर थाने में आरोपी अजयपाल के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस (BNS) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में बीसलपुर पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। 22 अगस्त को मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी अजयपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया .315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। हत्यारोपी की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला, उप-निरीक्षक अवधेश कुमार, कांस्टेबल परमजीत, अमित कुमार एवं अभिषेक शामिल रहे।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, सिर पर किए कई प्रहार

**पूरनपुर।** साईकिल चलाने से रोकने पर विवाद हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव सबलपुर खास निवासी त्रिपुरारी सिंह ने वताया कि उसकी पुत्री साइकिल चला रही थी। आरोप है कि गांव के रमन ने साइकिल चलाने से रोकते हुए उसके साथ अभद्रता की। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। और समझाबुझाकर वापस चली गई। 20 अगस्त को उसके पिता जगमोहन सिंह, मां गुड्डी देवी और पत्नी निशा सिंह घर पर बैठे थे। इसी दौरान संतोष, रमन, आरती, डाली, सुशीला, राजेश व राजेश की पत्नी, राम प्रसाद और सोनू लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लेस होकर घर पर पहुंचे और हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने पथराव भी किया। युवक के माता-पिता के साथ मारपीट की। युवक के मुताबिक, उसके सिर पर भी कई बार प्रहार किए गए।

## संक्षेप समाचार

### शारदा नदी की धार ने फिर शुरु किया कटान, किसानों की फसलें शारदा नदी में समाने लगी

**पूरनपुर।** शारदा सागर डैम के सामने रमनगरा और मटिया लालपुर में शारदा नदी की धार ने एक बार फिर कटान शुरू कर दिया है। पिछले पांच दिनों से नदी की धार तेजी से मार्जिनल बांध की ओर बढ़ रही है। इससे बांध और नदी के बीच किसानों की जमीनों में खड़ी गन्ने की फसल नदी में समाने लगी है। ग्रामीणों का दावा है कि करीब चार-पांच किसानों की गन्ने की फसल कटान की चपेट में आ चुकी है। कटान की सूचना सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड के अभियंताओं को देने के बावजूद मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में रोष है। शारदा नदी तराई क्षेत्र से होकर गुजरती है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्षों शारदा नदी ने इसी क्षेत्र को काफी नुकसान हुआ था। सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि नदी में समा गई थी। इसके बाद सिंचाई विभाग ने दाहिने किनारे पर पत्थर की ठोकरें बनाने के साथ ही मार्जिनल बांध का निर्माण कराया था। बाद में नदी की मुख्य धार बाएं किनारे की ओर खिसक गई थी। कटान से बची जमीन पर किसानों ने दोबारा गन्ने और गेहूं की फसलें उगानी शुरू कर दी थीं। अब करीब पांच दिन से नदी की दाहिनी धार ने अचानक फिर रुख बदल लिया है। ग्रामीणों के अनुसार, जहां पहले नदी की धार थी। वहां से करीब 300 मीटर तक कटान करते हुए पानी मार्जिनल बांध की ओर बढ़ चुका है। कटान कभी तेज तो कभी धीमी गति से जारी है। इससे किसानों को दोबारा बड़े नुकसान की आशंका सताने लगी है। सिंचाई विभाग की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने पर ग्रामीण खुद ही कटान रोकने में जुट गए हैं। किसान हरे पेड़ों की टहनियां और लकड़ियां काटकर उन्हें रस्सियों व तारों से बांधकर नदी की धार के किनारे डाल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी उन्होंने इसी तरह अस्थायी उपाय कर कटान की गति कम करने का प्रयास किया था।

### 12 रबी उल अव्वल को लेकर शेरपुर कलां में छाई रौनक, रंग बिरंगी लाइटों और झंडों से सजा कस्बा

**शेरपुर कलां।** पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद स0अ0 के यौम ए पैदाइश ईद मिलादुन्नबी की आमद को लेकर कस्बे में जश्न का माहौल है 12 रबी उल अव्वल के मुबारक मौके की पूर्व संध्या पर पूरा कस्बा रूहानी रोशनी और खूबसूरत सजावट से सराबोर नज़र आ रहा है। तैयारियों के तहत कस्बे की मुख्य सड़कों बाज़ारों और मोहल्लों को रंग बिरंगी लाइटों आकर्षक झालरों और हरे इस्लामी परचमों झंडों से दुल्हन की तरह सजाया गया है शाम ढलते ही पूरा कस्बा दूधिया और रंगीन रोशनी से नहा उठता है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों और अकीदतमंदों में इस पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है मस्जिदों और घरों में चिराग़ां व रौशनी के विशेष इंतज़ाम किए गए हैं जुलूस ए मोहम्मदी के रास्तों की साफ़ सफ़ाई और सजावट का काम भी अंतिम चरण में है। ईद मिलादुन्नबी के इस पावन अवसर पर कस्बे में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना हुआ है। कई स्थानों पर लंगर और नियाज़ के वितरण की भी तैयारियाँ की गई हैं।

### ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करने वाले दो आरोपी पकडे, चार बैटरियां बरामद कर आरोपियों को भेजा गया जेल

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरियां चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई चार बैटरियां बरामद की हैं। मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव पटिहन निवासी विपिन कुमार उनके घर सामने से ई रिक्शा की चार बैटरियां चोरी हो गईं थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया था। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए आरोपियों ने अपने नाम प्रशांत कुमार निवासी पिपरा मुजप्ता वताया। दूसरे आरोपी ने अपना नाम अरुण कुमार निवासी ललौरीखेडा थाना जहानाबाद वताया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की चार बैटरियां बरामद कीं। पुलिस ने बरामद बैटरियों को कब्जे में लेकर उनके संबंध में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। साथ ही आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने इससे पहले और कितनी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है तथा चोरी का सामान कहां-कहां खपाया जाता था। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। थाना पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों और वाहन स्वामियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने बताया कि दोनो को जेल भेज दिया गया है।

### धोखाधडी कर बैंक खाते से 20 हजार रुपये हड़पे, तहरीर के आधार पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला और दिव्यांग महिला ने दो लोगों पर धोखाधड़ी कर बैंक खाते से रुपये निकलवाने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने धोखे से उनके बैंक खाते से करीब 20 हजार रुपये निकलवा लिए। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी बबली ने बताया कि वह अपनी मां रेखा देवी के साथ हमीरपुर में रहती है। 31 मार्च 2024 को नवीन तिवारी और प्रवीण ने बैंक आफ बडोदा शाखा हरिनाई के बीसी प्वाइंट पर बीस हजार रुपये निकलवाए। पीड़ित महिलाओं के मुताबिक, उन्होंने आरोपियों से बैंक खाते से निकाली गई रकम वापस करने के लिए कहा। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर दोनों ने उनके साथ अभद्रता की और रकम लौटाने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, विरोध करने और रुपये मांगने पर आरोपियों ने महिलाओं को जान से मारने की धमकी भी दी। धमकी मिलने के बाद दोनों महिलाएं परेशान हो गईं और उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और बैंक खाते से रुपये निकाले जाने से संबंधित दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विवाद में चली गोली, मंदिर जा रहा नगर पालिका कर्मी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर में शुक्रवार रात दो पक्षों के विवाद के दौरान हुई फायरिंग में मंदिर जा रहे नगर पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारी धर्मेंद्र कुमार के सीने में गोली लग गई। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। वारदात के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उन्हें बरेली के निजी अस्पताल ले गए। वहां उनका उपचार चल रहा है।

बता दें कि नगर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली निवासी धर्मेंद्र नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं और सुभाष पार्क की देखरेख करते हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब आठ बजे वह गुलेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में कुछ लोग आपस में झगड़ रहे थे। वह वहां से निकल रहे थे, तभी अचानक गोली चल गई और उनके सीने में लगी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। घायल ने गोली रात आठ बजे लगने की बात बताई, जबकि पुलिस को सूचना रात करीब 12 बजे दी गई। घटना और सूचना के समय में करीब चार घंटे का अंतर सामने आया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस विवाद में शामिल लोगों की पहचान के साथ ही घटना की वास्तविक वजह और परिस्थितियों की जांच कर रही है।

# स्कूल के बाहर भिड़े छात्रों के दो गुटों में मारपीट

## विवाद के दौरान गार्ड कि बंदूक छीनने की हुई कोशिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और प्राथमिक स्कूल के बाहर छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। गार्ड ने बंदूक छीनने की कोशिश का आरोप लगाया है। शनिवार को सुवह नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पास वने यात्रीशेड के पास दो छात्रों का गुट आमने सामने आ गए। लोधीपुर निवासी छात्रों ने अपने परिजनों को बुला लिया। देखते देखते विवाद शुरु हो गया और खूब मारपीट हुई। स्कूल के सुरक्षा गार्ड ने विवाद बचाने का प्रयास किया। उन्होने बताया कि बाहरी युवक छात्राओ के फोटो खींच रहे थे। जब गार्ड ने रोका तो उनके साथ हाथापाई कर बंदूक छीनने का प्रयास किया।



स्कूल गेट पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

अचानक हुए विवाद और मारपीट से स्कूल के आसपास खलबली मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत दो दिन पहले व्हाट्सऐप चैट पर हुई गाली-गलौज के बाद हुई थी। इंटर कॉलेज के छात्र अरसलन और लोधीपुर निवासी छात्र सुब्हान व फैजान के बीच व्हाट्सऐप चैट पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि चैट के दौरान दोनों पक्षों में गाली-गलौज हुई, जिसके बाद मामला बढ़ता गया और दोनों गुटों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। शनिवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष स्कूल के बाहर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। अचानक हुई मारपीट से स्कूल के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाही की जाएगी।

# सावन के अंतिम सोमवार को निकलेगी बाइक कांवड़ यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सावन के अंतिम सोमवार को क्षेत्र में बाइक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो धनाराघाट से जल लेकर वापस आएगी। शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर शनिवार को कोतवाली परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों के साथ बजरंग दल के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन और मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को बड़ी संख्या में कांवड़िये बाइक से यात्रा में शामिल होंगे। ऐसे में यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखना जरूरी है, ताकि



बैठक करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

कांवड़ियों के साथ-साथ आम लोगों को भी आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पदाधिकारियों ने यात्रा के दौरान प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त यातायात व्यवस्था कराने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने यात्रा मार्ग की स्थिति को लेकर भी अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर सड़क पर गड्ढे होने के कारण बाइक सवार कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग के गड्ढों को दुरुस्त कराया जाना जरूरी है। इससे यात्रा के दौरान दुर्घटना की आशंका भी कम होगी और कांवड़िये सुरक्षित तरीके से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। बैठक में यात्रा के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। पुलिस अधिकारियों ने यात्रा के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने और यातायात को व्यवस्थित रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही सभी से आपसी सहयोग और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की गई। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की गई कि यात्रा से पहले मार्ग का निरीक्षण कराकर जहां भी सड़क खराब है, वहां गड्ढों को भरवाया जाए। इसके अलावा यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे कांवड़ यात्रा बिना किसी बाधा के शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में उपजिलाधिकारी मंयक गोस्वामी, कोतवाल पवन पांडे सहित बजरंग दल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक, नकदी और सोने की चेन ना देने पर निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** वाइक, नकदी और सोने की चेन न देने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी निवासी गीता देवी ने बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव मैथी सैदुल्लागंज निवासी राजेश कुमार के साथ की थी। जिसमे मायके पक्ष में अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं थे,शादी के कुछ दिनों बाद विवाहिता के ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में एक लाख की नकदी, एपाचे वाइक और सोने की चेन की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने इनकार कर दिया। जिससे उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न करने पर उसको भूखा प्यासा रखना शुरु कर दिया। उसको लात घुसों से मारा पीटा। आरोप है कि पति की दूसरी शादी करने की योजना बनाना शुरु कर दिया। माल जेवर भी छीन लिया। आरोप है कि पति ससुरालियो मारपीट कर घर से भगा दिया। विवाहिता के मायके वालों ने ससुरालियों को काफी समझाया। लेकिन वह दहेज की मांग पर अडे रहे। 22 जुलाई को पति राजेश, सास, ससुर और ननद जबरन उसके घर में घुह आए। और दहेज की मांग करना शुरु कर दिया। मना करने पर उसकी मां व अन्य को मारा पीटा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर सभी घर से भाग गए।

**सख्ती** चार प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, एक बालक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए चिन्हित

# पूरनपुर में बालश्रम के खिलाफ चला अभियान, पांच बालक मुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को पूरनपुर क्षेत्र में बालश्रम के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग से श्रम विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच करते हुए पांच बालकों को बालश्रम से मुक्त कराया।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी अंजू अग्रवाल एवं अनुज कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर, किराना प्रतिष्ठान, कपड़ों की दुकानों और स्टील वर्क्स सहित विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान चार प्रतिष्ठानों में बालश्रम कराए जाने की स्थिति सामने आने पर संबंधित सेवायोजकों के खिलाफ विभागीय



पूरनपुर में बालश्रम के खिलाफ अभियान चलाकर बच्चों को मुक्त कराती संयुक्त टीम। -जागरण मोर्चा

कार्रवाई करते हुए निरीक्षण टिप्पणियां जारी की गईं।

अभियान के दौरान बालश्रम से मुक्त कराए गए एक बालक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए चिन्हित किया गया। संयुक्त टीम ने सभी पांचों बालकों को वर्चुअल माध्यम से बाल कल्याण समिति, पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति ने बच्चों के परिजनों को भविष्य में उनसे बालश्रम न कराने की हिदायत देते हुए सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के तहत खतरनाक प्रक्रिया में बालश्रम कराने के दोषी सेवायोजकों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। दोष सिद्ध होने पर एक वर्ष तक की सजा अथवा 50 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि मुक्त कराए गए बच्चों के परिजनों की पात्रता के अनुसार लेबर कार्ड बनवाकर उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास भी किया जाएगा।

अभियान में एसजेपीयू प्रभारी नितिन कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, डीसीपीयू के सामाजिक कार्यकर्ता कर्माराव, कांस्टेबल अमित, महिला कांस्टेबल संध्या एवं सीमा सहित संयुक्त टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### ढोल-नगाड़ों और बांसुरी की धुन पर निकली नन्हे शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा

**बीसलपुर।** हर-हर महादेव के जयघोष, ढोल-नगाड़ों की गूंज और बांसुरी की मधुर धुन के बीच शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर की शिशु वाटिका के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नगर में भव्य कावड़ यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में बच्चे अपने कंधों पर आकर्षक कावड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए। बच्चों की भक्ति और उत्साह ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। यात्रा में शिशु वाटिका का घोष दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हे बच्चे ढोल-नगाड़े और अन्य वाद्य यंत्र बजाते हुए चल रहे थे। बांसुरी वादन करते बच्चों ने आध्यात्मिक वातावरण में लोक संस्कृति की भी खूबसूरत झलक पेश की। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कावड़ यात्रा बालाजी मंदिर पहुंची। यहां बच्चों ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन कर गंगाजल से जलाभिषेक किया।

# दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने की पहल, बांटे सहायक उपकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अमरिया विकासखंड परिसर में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके दैनिक जीवन को आसान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर समेत जरूरत के अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायक उपकरण मिलने से लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। उपकरणों के माध्यम से उन्हें आवागमन और रोजमर्रा के कार्यों में सुविधा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि समाज के कमजोर और



लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान करते अतिथि। -जागरण मोर्चा

जरूरतमंद वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशील एवं समावेशी शासन की भावना के अनुरूप दिव्यांगजन तथा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुविधा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों का जीवन सुगम बनाना केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रयास यही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सुविधाओं और विकास के अवसरों से वंचित न रहे।

# क्या दो टेस्ट की बजाय तीन मैचों की होनी चाहिए सीरीज?

## कोच गौतम गंभीर ने दिया 2001 का उदाहरण

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज की जगह तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की वकालत की है। गंभीर का मानना है कि तीन मैचों की सीरीज में पहली हार के बाद भी टीम के पास वापसी करने और सीरीज जीतने का पर्याप्त मौका रहता है।

भारत और श्रीलंका के बीच फिलहाल दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। भारतीय टीम पहला टेस्ट 165 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना चुकी है। दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहा, 'आदर्श रूप से मैं तीन टेस्ट मैचों की सीरीज चाहूंगा। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर कोई टीम पहला टेस्ट हारती है तो उसके पास वापसी करने का मौका होना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पहला मुकाबला हारने वाली टीम के पास सीरीज जीतने का कोई विकल्प नहीं बचता। वह अधिकतम सीरीज ड्रॉ ही करा सकती है। गंभीर ने 2001 की भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने पहला टेस्ट हारने के बावजूद शानदार वापसी की थी और सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

दो टेस्ट मैचों के बीच कम अंतराल को लेकर भी गंभीर ने






कहा कि खिलाड़ियों को अपने शरीर को मैनेज करना आता है। उन्होंने कहा कि टीम में इसी वजह से खिलाड़ियों को जरूरत के मुताबिक वैकल्पिक अभ्यास का विकल्प दिया जाता है।

गंभीर ने कहा कि इन परिस्थितियों में सीनियर खिलाड़ियों के लिए लगातार खेलना मुश्किल हो सकता है, इसलिए टीम मैनेजमेंट खिलाड़ियों के वर्कलोड का ध्यान रखता है। हालांकि, इसके बावजूद वह दो टेस्ट की बजाय तीन टेस्ट मैचों की सीरीज को बेहतर मानते हैं।

पहले टेस्ट में युवा खिलाड़ियों देवदत्त पडिक्कल और मानव सुथार के शानदार प्रदर्शन से गंभीर काफी प्रभावित नजर आए। पडिक्कल ने पहली पारी में 167 रन की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि अपना सिर्फ दूसरा टेस्ट खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने मैच में 10 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया।

गंभीर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों का मौका मिलते ही प्रदर्शन करना टीम के लिए बेहद संतोषजनक है। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि किसी खिलाड़ी का आकलन सिर्फ एक-दो मैचों के प्रदर्शन के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम चाहती है कि युवा खिलाड़ी लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करें और टेस्ट क्रिकेट की कठिन चुनौतियों के बीच खुद को साबित करें।

गंभीर ने टीम में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक संकेत बताया। उन्होंने कहा कि जब ज्यादा खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश करते हैं तो टीम की गहराई बढ़ती है और खिलाड़ियों के बीच बेहतर प्रदर्शन करने की होड़ रहती है।

गंभीर ने साई सुदर्शन समेत अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भी जिक्र किया और कहा कि टीम में जितनी अधिक गहराई होगी, उतना ही टीम के लिए अच्छा होगा।

यशस्वी जायसवाल के बार-बार कट शॉट खेलते हुए आउट होने को लेकर भी गंभीर ने चिंता नहीं जताई। उन्होंने कहा कि किसी बल्लेबाज से उसके शॉट्स छीनना सही तरीका नहीं है। गंभीर के मुताबिक, अगर कोई खिलाड़ी किसी खास शॉट पर आउट हो रहा है तो उसे वह शॉट खेलने से रोकने के बजाय उस शॉट को बेहतर तरीके से खेलने पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों के पास रन बनाने के लिए अपने-अपने पसंदीदा शॉट होते हैं और उनका काम खिलाड़ियों को शॉट खेलने से रोकना नहीं, बल्कि उन्हें उसमें बेहतर बनाना है।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में भारत फिलहाल पांचवें स्थान पर है, लेकिन गंभीर इस स्थिति को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि टीम का ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन्हें वह नियंत्रित कर सकती है। उनके मुताबिक, टीम का लक्ष्य श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट जीतना है और भविष्य की अंक तालिका के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है।

# दूसरे टेस्ट के लिए हो जाइए तैयार!

## पडिक्कल-राहुल फिर दिखाएंगे दम

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 165 रन की शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम अब दो मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और श्रीलंका के बीच सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट रविवार, 23 अगस्त से कोलंबो के सिन्हलीज स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। मैच सुबह 10 बजे से शुरू होगा। पहले टेस्ट में जीत के साथ भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी वापसी की है। अब टीम की नजर सीरीज जीत के साथ महत्वपूर्ण डब्ल्यूटीसी अंक हासिल करने पर होगी। भारत ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश को उसकी धरती पर 2-0 से हराकर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया था।

दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम के सामने सबसे बड़ा सवाल प्लेइंग-11 को लेकर है और इसमें सबसे ज्यादा चर्चा कुलदीप यादव की हो रही है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप पहले टेस्ट में अपनी लय में नजर नहीं आए।

उन्होंने दोनों पारियों में कुल 25 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ एक विकेट हासिल किया। पहली पारी में उनका शुरूआती स्पेल प्रभावी रहा था, जिसमें उन्होंने कामिंदु मेंडिस को आउट किया। हालांकि इसके बाद वह अपनी सामान्य लाइन और लेंथ हासिल नहीं कर सके।

पहले टेस्ट में मैनव सुथार भारत के सबसे प्रभावी गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने पहली पारी में 4/76 और दूसरी पारी में 6/55 के आंकड़े दर्ज किए। उनकी गेंदों में ड्रिफ्ट, डिप और टर्न ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को



पहले टेस्ट में मैनव सुथार और रवींद्र जडेजा ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों पर जमकर दबाव बनाया था। ऐसे में टीम मैनेजमेंट के सामने कुलदीप को बरकरार रखने या उनकी जगह ऑफ स्पिनर सारांश जैन को मौका देने का विकल्प होगा। हालांकि कुलदीप के अनुभव और अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता को देखते हुए उन्हें बाहर बैठाना आसान फैसला नहीं होगा।

काफी परेशान किया। इस प्रदर्शन ने संकेत दिया कि सुथार मौजूदा समय के साथ-साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट के भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रवींद्र जडेजा ने भी शानदार नियंत्रण दिखाते हुए दोनों पारियों में क्रमशः 3/57 और 1/71 के आंकड़े दर्ज किए। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी कुछ बेहतरीन स्पेल डालते हुए मैच में तीन विकेट हासिल किए।

### आय के पाई-पाई का हिसाब देना होगा आसान, अध्यक्ष बोले-

# 'सिर्फ जानकारी का अंबार लगाना पारदर्शिता नहीं'

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड होने वाली कंपनियों के लिए अब आईपीओ से जुटाए गए पैसे के इस्तेमाल का हिसाब-किताब देना और भी पारदर्शी और आसान होने जा रहा है। बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को स्पष्ट किया है कि सेबी आईपीओ फंड के उपयोग की निगरानी और इसके खुलासे से जुड़े नियमों की समीक्षा कर रहा है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स के एनुअल डायरेक्टर्स कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कॉरपोरेट जगत को पारदर्शिता का नया मंत्र दिया। उन्होंने साफ कहा कि केवल ढेर सारी जानकारियां दे देना सच्ची पारदर्शिता नहीं है, बल्कि जानकारी की गुणवत्ता, समयबद्धता और उसकी उपयोगिता ही असली पारदर्शिता तय करती है।

क्या कंपनियां आईपीओ से जुटाए गए फंड का सही इस्तेमाल कर रही हैं? इस पर पैनी नजर रखने के लिए सेबी अपने मौजूदा नियमों की समीक्षा कर रहा है। चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय के अनुसार, इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य फंड के उपयोग से जुड़े खुलासे को अधिक समयबद्ध बनाना और पूरी अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाना है। इससे जहां एक तरफ निवेशकों को यह जानने में आसानी होगी कि उनका पैसा किस काम में लगाया जा रहा है, वहीं कंपनियों के लिए कागजी कार्रवाई पहले से अधिक आसान हो जाएगी।

अक्सर कंपनियां नियमों का




पालन करने के लिए दस्तावेजों और जानकारियों का अंबार लगा देती हैं, लेकिन सेबी प्रमुख का मानना है कि यह वास्तविक पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता केवल सूचना की मात्रा में नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता, समयबद्धता और उपयोगिता में छिपी है। जानकारी ऐसी होनी चाहिए जो निवेशकों को महत्वपूर्ण मुद्दों को समझने में मदद करे। इसी दिशा में सेबी ने पहले ही संवेदनशील जानकारियों के खुलासे के ढांचे को मजबूत किया है, जिसमें नियमों में एकरूपता लाने के लिए स्पष्ट 'मटेरियलिटी थ्रेसहोल्ड' और सख्त समय सीमाएं तय की गई हैं।

रिलेटेड-पार्टी ट्रांजेक्शन (आरपीटी) और जुमार्ने के नियमों को लेकर क्या है सेबी की नई योजना?

कंपनियों के भीतर होने वाले आपसी लेन-देन यानी 'रिलेटेड-पार्टी ट्रांजैक्शन' (आरपीटी) में पारदर्शिता लाने के लिए सेबी अपने मौजूदा ढांचे को और अधिक सुस्पष्ट करने का प्रस्ताव रख रहा है। चेयरमैन ने बताया कि सेबी का उद्देश्य इन नियमों को कंपनियों के लिए व्यावहारिक व काम करने के अनुकूल बनाना है, जबकि निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों (सेफगार्ड्स) को भी पूरी तरह से बरकरार रखा जाएगा।

# भारत के निजी ऋण कोषों में एआई का जलवा, निवेश निर्णय अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत के निजी डेट फंड सौदों की पहचान, डेटा विश्लेषण और ऋण मूल्यांकन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को तेजी से अपना रहे हैं। ईवाई की एक रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश खिलाड़ी चुनिंदा रूप से इस तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। वहीं, एक छोटा समूह इसे अपनी निवेश प्रक्रियाओं में गहराई से एकीकृत कर रहा है।



ईवाई की 'प्राइवेट क्रेडिट पल्स सर्वे' रिपोर्ट, जो वर्ष 2026 की पहली छमाही के अपडेट का हिस्सा है, में यह जानकारी सामने आई है। सर्वेक्षण में शामिल 67 फीसदी उत्तरदाता डेटा विश्लेषण और निगरानी के लिए मध्यम रूप से एआई का उपयोग करते हैं। जबकि 11 फीसदी ने बताया कि एआई उपकरण उनकी उत्पत्ति और ऋण विश्लेषण प्रक्रियाओं का मुख्य हिस्सा बन चुके हैं। अन्य 22 फीसदी अभी शुरूआती चरण में हैं और एआई उपकरणों का परीक्षण कर रहे हैं। यह निष्कर्ष निजी ऋण कोषों द्वारा संभावित सौदों का आकलन करने और उधारकताओं की निगरानी के तरीके में क्रमिक बदलाव का संकेत देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश कोषों ने चुनिंदा रूप से एआई का उपयोग शुरू कर दिया है। यह विशेष रूप से डेटा विश्लेषण, निगरानी और हामीदारी समर्थन के लिए है। वहीं, कुछ प्रतिभागी उत्पत्ति और ऋण मूल्यांकन प्रक्रियाओं में एआई को गहराई से एकीकृत कर रहे हैं। एआई को अपनाने की सीमा बाजार के प्रतिभागियों में भिन्न है। भविष्य में उत्पत्ति, हामीदारी और चल रही पोर्टफोलियो निगरानी में एआई का उपयोग गहरा होने की संभावना है। ईवाई के आकलन के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली छमाही में भारत का निजी ऋण बाजार विस्तारित हुआ है। यह वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और कमोडिटी मूल्य दबावों के बावजूद हुआ है। निजी ऋण कोष तनाव-संबंधी स्थितियों, पूंजीगत व्यय की आवश्यकताओं और विलय तथा अधिग्रहण वित्तपोषण से भी मांग देख रहे हैं।

# विदेशी निवेशकों ने बदली चाल, भारतीय बाजार में वित्तीय और ऑटो शेयरों पर लगाया बड़ा दांव

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं और बदलते बाजार परिदृश्य के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपनी निवेश रणनीति में तेजी से बदलाव किया है। एनएसडीएल के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 1 से 15 अगस्त, 2026 के दौरान कुल शुद्ध प्रवाह बढ़कर 16,618 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह पिछले पखवाड़े (16-31 जुलाई) के 4,642 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी अधिक है।

विदेशी निवेशकों ने अब भारी कर्ज और लंबे निवेश चक्र वाले पूंजी-गहन क्षेत्रों से पैसा निकाला है। इसके बजाय, उन्होंने उच्च-तरलता, स्थिर नकदी प्रवाह और रक्षात्मक अपील वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है। इनमें वित्तीय, ऑटो और उपभोक्ता शेयर प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस बदलाव से भारतीय बाजार में इन क्षेत्रों में मजबूत खरीदारी का रुख देखने को मिला है। हालांकि, दूरसंचार जैसे कुछ क्षेत्रों से निवेशकों का मोहभंग जारी है।

अगस्त के पहले पखवाड़े में वित्तीय क्षेत्र विदेशी निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बना। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में 2,669 करोड़ रुपये निकालने के बाद, अगस्त की शुरूआत में उन्होंने 6,535 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। यह कुल क्षेत्रीय प्रवाह का लगभग 40 फीसदी है। एसबीआई सिक्योरिटीज के अनुसार, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र पर लंबे समय से बना बिकवाली का दबाव अब हल्का हो गया है। विदेशी निधियां दोबारा इस क्षेत्र में




अपनी स्थिति मजबूत कर रही हैं। इससे पहले मार्च से मई के दौरान इस क्षेत्र से 12,303 करोड़ रुपये की भारी निकासी हुई थी।

विदेशी निवेशकों ने ऑटो शेयरों में अपनी खरीदारी लगभग दोगुनी कर दी है, जो 4,405 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। पिछले पखवाड़े में यह 2,372 करोड़ रुपये थी। घरेलू खपत के दम पर उपभोक्ता सेवाओं में 3,398 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज हुआ। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी 2,910 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश देखा गया। सूचना प्रौद्योगिकी में 2,530 करोड़ रुपये और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1,472 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। धातु एवं खनन तथा तेल एवं गैस में भी क्रमशः 720 करोड़ रुपये और 490 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश रहा।

इसके उलट, दूरसंचार क्षेत्र से विदेशी निवेशकों का पलायन जारी रहा। अगस्त की शुरूआत में इस क्षेत्र से 3,322 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। जनवरी से अब तक विदेशी निवेशक दूरसंचार से कुल 24,530 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। 5जी शुरूआत पर भारी पूंजी खर्च और एजीआर बकाए का दबाव इसकी प्रमुख वजह है। निर्माण, अचल संपत्ति, बिजली (ऊर्जा) और पूंजीगत वस्तुओं जैसे क्षेत्रों से भी क्रमशः 404 करोड़ रुपये, 1,014 करोड़ रुपये, 1,164 करोड़ रुपये और 1,556 करोड़ रुपये की निकासी हुई।

# रॉबिन्सन-टंग के आगे पाकिस्तानियों का सरेंडर, तीन दिन में इंग्लैंड ने पारी और 103 रन से दर्ज की जीत

**एजेंसी न्यूज**

**हेडिंग्ले।** इंग्लैंड ने हेडिंग्ले टेस्ट में पाकिस्तान को पारी और 103 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ओली रॉबिन्सन, जोश टंग और जोफ्रा आर्चर के तूफानी पेस अटैक के सामने पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 135 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की बल्लेबाजी की पोल हेडिंग्ले में एक बार फिर खुल गई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के सामने पाकिस्तानी बल्लेबाजों ने ऐसा सरेंडर किया कि पहला टेस्ट तीन दिन में ही खत्म हो गया। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में सिर्फ 135 रन पर समेटकर पारी और 103 रन से करारी शिकस्त दी और तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। ओली रॉबिन्सन, जोश टंग और जोफ्रा आर्चर की पेस तिकड़ी के सामने पाकिस्तान की बल्लेबाजी दोनों पारियों में पूरी तरह बेबस नजर आई।

पहली पारी में पाकिस्तान महज 171 रन पर ढेर हुआ था। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 409 रन का मजबूत स्कोर खड़ा कर 238 रन की विशाल बढ़त हासिल की। तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी 409 रन पर खत्म होने के बाद पाकिस्तान को कम से कम मैच को चौथे दिन तक ले जाने के लिए जुझारू बल्लेबाजी की जरूरत थी, लेकिन उसके बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया।

पाकिस्तान की दूसरी पारी की शुरूआत ही बुरे सपने जैसी रही। जोफ्रा आर्चर ने नई गेंद से इमाम-उल-हक को पवेलियन भेजा, जबकि अजान अवैस 9 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली रॉबिन्सन ने अब्दुल्ला शफीक की 15 रन की पारी का अंत किया। शान मसूद ने 29 रन बनाकर कुछ प्रतिरोध दिखाने की कोशिश की, लेकिन जोश टंग के आने के बाद पाकिस्तान का मध्यक्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया।

टंग ने सऊद शकील को 14 रन पर आउट किया और इसके बाद शान मसूद तथा सलमान आगा को एक ही




ओवर में चलता कर पाकिस्तान को 76 रन पर छह विकेट के संकट में डाल दिया। टंग ने महज 11 गेंदों में तीन विकेट लेकर इंग्लैंड की पकड़ बेहद मजबूत कर दी।

विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 39 गेंदों में 41 रन बनाकर कुछ देर तक संघर्ष किया। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा रन बनाए, लेकिन वह भी टीम को हार से नहीं बचा सके। गस एटकिंसन ने रिजवान की पारी खत्म की, जबकि जोफ्रा आर्चर ने आखिरी बल्लेबाज को आउट कर पाकिस्तान की पारी पर पर्दा डाल दिया। पूरी टीम 37.3 ओवर में 135 रन पर सिमट गई।

इंग्लैंड की जीत के सबसे बड़े नायक ओली रॉबिन्सन रहे। उन्होंने पहली पारी में 5/51 और दूसरी पारी में तीन विकेट समेत मैच में कुल आठ विकेट झटके। 8/80 के मैच आंकड़े के साथ उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

जोश टंग ने भी पूरे मैच में आठ विकेट लेकर पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। पहली पारी में 5/46 लेने के बाद उन्होंने दूसरी पारी में तीन और विकेट अपने नाम किए। दूसरी पारी में जोफ्रा आर्चर ने भी तीन विकेट लिए। इंग्लैंड के चारों तेज गेंदबाजों ने लगातार फुल लेंथ पर गेंदबाजी कर पाकिस्तानी बल्लेबाजों को रन बनाने का कोई मौका नहीं दिया। रॉबिन्सन के लिए यह प्रदर्शन खास रहा। जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ 7/77 लेने के बाद वह फिटनेस पर काम कर रहे थे। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वह अगले टेस्ट से पहले ज्यादा से ज्यादा आराम करने की कोशिश करेंगे। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरा पाकिस्तान पहली पारी में भी सिर्फ 171 रन बना सका था। अब्दुल्ला शफीक ने 61 और इमाम-उल-हक ने 42 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज इंग्लैंड के तेज आक्रमण के सामने टिक नहीं सके। रॉबिन्सन और टंग ने पांच-पांच विकेट लेकर पाकिस्तान की पहली पारी को तहस-नहस कर दिया। दोनों ने मिलकर पाकिस्तान के सभी 10 विकेटों में से नौ पर सीधा असर डाला और इंग्लैंड को मैच पर शुरूआती पकड़ दिला दी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज
शोक संदेश, बधाई संदेश, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नोटिस एवं टेन्डर के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
मो. नं.- 7579849555, 9627739857

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।